रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 09 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-347 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### मोदी ने बुद्धदेव के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन से व्यथित हूं। वह एक राजनीतिक दिग्गज थे जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ राज्य की सेवा की। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

### रानू साहू को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



**रायपुर।** कोल लेवी वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद रानू साहू को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है। मगर इसी मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज प्रकरण के चलते रानू साहू को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। रानू के अलावा कारोबारी सुनील अग्रवाल और दीपेश टांक को भी सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है। दरअसल आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में इसी वर्ष जनवरी के महीने में रानू साहू के खिलाफ चल रहे मामलों को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग का जुर्म दर्ज किया गया है और इस मामले में अभी तक उन्हें जमानत नहीं मिली है, इस वजह से उन्हें अभी जेल में ही रहना पड़ेगा।


### वैश्विक व्यवधानों ने भारत को रक्षा विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का मौका दिया

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा कि वैश्विक व्यवधानों के कारण भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को अपनी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने का मौका मिला है जिससे कि भारत एक आयातक देश के बजाय रक्षा उत्पादों तथा साजो सामान का निर्यातक बन सके। जनरल चौहान उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल निरंतर बदल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, हम बड़े वैश्विक व्यवधानों के युग से गुजर रहे हैं। दुनिया की अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता की अनिश्चितताओं के बीच, वैश्विक हथियार उद्योग बढ़ती मांग और आपूर्ति के अंतर की एक विकट समस्या से जूझ रहा है।

# विपक्ष के विरोध के बीच मुसलमान वक्फ विधेयक-2024 लोकसभा में पेश

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

विपक्ष के विरोध के बीच अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 को गुरुवार को सदन में पेश किया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी ने इस दौरान मत विभाजन की माँग की लेकिन अध्यक्ष ओम बिरला ने इसकी अनुमति नहीं दी और विधेयक को ध्वनिमत से पेश कर दिया गया। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि सरकार वक्फ संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। पूरे देश में वक्फ की 9.4 लाख एकड़ भूमि है जिस पर सरकार हस्तक्षेप करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होना चाहिए क्योंकि यह संपत्ति मुस्लमानों की है और उसके निर्णय में उन्हीं को होना चाहिए। यह संवेदनशील मामला है इसमें जल्दबाजी की जरूरत नहीं है। रिजिजू ने कहा कि इस कानून को निरस्त करना आवश्यक है। वर्ष 1923 का अधिनियम तो अस्तित्व में ही नहीं है, इसलिए इसे हटाना चाहते हैं। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि आजादी के बाद वक्फ बोर्ड के कानून में संशोधन होने के बाद 'मुसलमान वक्फ कानून-1923' का अस्तित्व अपने आप ही समाप्त हो गया था, लेकिन, इसे कागजों से नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि यह उस कानून को सिर्फ कागजों से हटाने के लिए लाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है।



### वक्फ विधेयक को समीक्षा के लिए भेजा गया जेपीसी के पास

लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 विपक्ष के भारी विरोध के बाद इसे विस्तृत समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पेश करने की अनुमति का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने इस विधेयक को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के विरुद्ध और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखल देने का प्रयास मानते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला से नियम 72 के तहत विधेयक को पेश करने से पहले बहस कराने की मांग की जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार किया। पक्ष और विपक्ष के तमाम सदस्यों की राय सुनने के बादरिजिजू ने कहा कि इसको लेकर विपक्ष के सदस्य जो विरोध कर रहे हैं वह राजनीतिक दबाव में हो रहा है लेकिन सच यह है कि यह विधेयक सबके हित में है और इससे वक्फ संपत्ति में गरीब मुसलमानों का हित साधा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि 90 हजार से ज्यादा मामले वक्फ बोर्ड में लम्बित हैं और इन सब विषमताओं को देखते हुए और लोगों को न्याय देने के लिए यह विधेयक लाया गया है। नये विधेयक में छह माह में मामले के निस्तारण का समय तय किया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में किए प्रावधान से संविधान के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है और इसमें किसी का हक नहीं छीना जा रहा है। इसमें जिनको सदियों से हक नहीं दिया गया है उन्हें हक दिया गया है। विधेयक में वक्फ बोर्ड के लिए महिलाओं की सदस्यता को अनिवार्य किया गया है और इसमें हर मुस्लिम वर्ग की महिलाएं शामिल होंगी।

# मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश की आजादी का प्रतीक तिरंगा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य के हर घर में लहराएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आए लोगों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित कर ''हर घर तिरंगा'' अभियान की शुरूआत की। जनदर्शन में उपस्थित नागरिकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष किया। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्वस के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह 09 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ''हर घर तिरंगा'' अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ सभी लोगों में राष्ट्रीय भावना जगेगी और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान भी बढ़ेगा। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तिरंगा अभियान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा ली जाएगी। इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोग को तिरंगा के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारों को स्थानीय कार्यक्रमों में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ तिरंगा के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए स्थानीय स्तर पर बाइक, सायकल और कार रैलियां आदि निकाली जाएगी। जिसमें युवा स्वयं सेवकों, विभिन्न संगठनों और विभिन्न राज्यों की प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी होगी। सभी उम्र के लोग इसमें शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करेंगे। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में खेल और फिटनेस से जुड़े लोगों को भागीदारी करने और ब्लॉग बनाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय द्वारा ब्लॉगर और इंफ्लुएंसर के परिचय के लिए यू-ट्यूब क्रिएटर प्रोग्राम साझा करेगा। इस दौरान देश भक्ति संगीत के साथ सार्वजनिक स्तर पर तिरंगा कॉन्सर्ट्स आयोजित किए जाएंगे। कॉन्सर्ट्स में तिरंगा एन्थम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे। जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में ''हर घर तिरंगा'' और ''जय हिन्द'' लिख सकेंगे। प्रत्येक कैनवास का डिजाईन राष्ट्रीय ध्वज के समान 3: 2 में होगा। आयोजन स्थल पर तिरंगा झंडे, वस्त्र, खाद्य पदार्थ के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने और हर घर तिरंगा वेबसाईट पर अपलोड किया जा सकेगा।

# घरेलू और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद पूंजीगत व्यय में की गयी वृद्धि : सीतारमण

वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि घरेलू और वैश्विक चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष के बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि की गयी है और राज्यों को भी 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त वित्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। वित्त मंत्री ने सदन में जम्मू कश्मीर विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक 2024, विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक 2024 और वित्त (संख्यांक 2) विधेयक 2024 पर चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि बजट में कुल मिलाकर पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है। कोविड के बाद तथा हाल की वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सरकार न:न सिर्फ घरेलू चुनौतियों का बल्कि वैश्विक चुनौतियों के बीच पूंजीगत व्यय में बढोतरी कर रही है और राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त पूंजी भी उपलब्ध करा रही है। बाद में इन विधेयको को सदन ने ध्वनिमत से लोकसभा लौटा दिया। उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण पर जोर दिया गया है ताकि रोजगार सृजन में बढोतरी हो सके। सरकार की मंशा घरेलू स्तर पर रोजगार के अवसर और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना है। कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के व्यय में बढोतरी की गयी है। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास , सामाजिक कल्याण सहित लगभग हर क्षेत्र के व्यय में बढोतरी की गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट में इस वर्ष कई मामलों में संतुलन बनाया गया है। वित्तीय समायोजन के साथ ही राजकोषीय घाटे पर भी ध्यान दिया गया है ताकि अगले वित्त वर्ष में इसको और नीचे लाया जा सके। बजट में कौशल विकास और इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए किये प्रावधानों को उल्लेख करते हुये कहा कि ये 2047 तक विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने न्यूज़ीलैंड के उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स से की बातचीत



**वेलिंगटन/ नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की राजकीय यात्रा पर आयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स के साथ बातचीत की और न्यूजीलैंड अतंरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को भी संबोधित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और राष्ट्रपति भवन कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तौर तरीकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने पर चर्चा की। न्यूजीलैंड अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा, शिक्षा संबंध - भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत इस वर्ष के सम्मेलन में सम्मान के पात्र का देश है। राष्ट्रपति ने शिक्षा के लिए अपना दृष्टिकोण रखा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सहित शिक्षा के क्षेत्र में भारत द्वारा किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला। श्रीमति मुर्मु ने द्विपक्षीय शिक्षा संबंधों को और गहरा करने का आह्वान किया। मुर्मु ने वेलिंगटन में पुकेहू राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# भारतीय हॉकी टीम ने भारत को दिलाया चौथा कांस्य पदक



वार्ता ∢ पेरिस
www.dailypioneer.com

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को कांस्य पदक मुकाबले स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहला क्वार्टर में गोल रहित रहा। हांलाकि इस दौरान भारत ने नौ बार आक्रामक तरीके से सर्कल में प्रवेश किया लेकिन स्पेनिश गोलपोस्ट में गोल करने में सफल नहीं हुये। उसके बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत करते हुए केवल तीन मिनट बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक को मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोलकीपर पीआर श्रीजेश को चकमा देते हुए शीर्ष-दाएं कोने से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीति ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने कर 1-1 से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीति ने फिर से गोल दाग कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसकी के साथ ही टूनार्मेंट में हरमनप्रीति के गोलों की संख्या 10 हो गई। भारतीय कप्तान को दो मिनट बाद गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन वह स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देने में विफल रहे। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और कई पेनल्टी कार्नर के मौके बनाये लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

## राज्यपाल ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली

# अनुसूचित एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शत प्रतिशत पहुंचे शासन की योजनाएं : रमेन डेका

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, महानिदेशक अरूण देव गौतम एवं अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था, नक्सल प्रभावित एवं आदिवासी क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, आपदा प्रबंधन की तैयारी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। राज्यपाल डेका ने राज्य में कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो नक्सली समर्पण कर रहें है उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए उपाय करे और प्राथमिकता से उन्हें आश्रय उपलब्ध कराया जाये। इन क्षेत्रों के लोगों को केन्द्र एवं राज्य शासन की शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाये। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक रूप से संचार व्यवस्था की जाए ताकि यहां के निवासी दूसरे क्षेत्रों के विकास एवं गतिविधियों के बारे में जान सकें। पुलिस महानिदेशक जुनेजा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति से राज्यपाल को अवगत कराया और पिछले पांच वर्षो में राज्य में होने वाले बड़ी घटनाओं का संक्षिप्त विवरण दिया। राज्यपाल ने मानव तस्करी रोकने के लिए किए गए उपायों, नये न्याय अधिनियम लागू करने के लिए पुलिस द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुलिस को शारीरिक रूप से चुस्त रहना चाहिए और जनता से मित्रवत् व्यवहार करना चाहिए। पुलिस विभाग में लंबे समय तक पद खाली न रहें और रिक्त पदों पर भर्ती त्वरित रूप से होना चाहिए। राज्यपाल डेका ने अनुसूचित क्षेत्रों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए सी.एस.आर और जिला खनिज न्यास (डी.एम.एफ.फंड) की राशि खर्च की जानकारी। इन क्षेत्रों में नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाले शत-प्रतिशत राशि निचले स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल डेका ने राज्य में विशेष कर स्थानीय निकायों में शौचालयों की स्थिति की जानकारी ली। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बताया कि प्रदेश में स्वच्छता अभियान का द्वितीय चरण चल रहा है। बैठक में अपर मुख्य सचिव, गृह एवं जेल मनोज कुमार पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, राजस्व विभाग के विशेष सचिव रमेश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वय विवेकानंद, (खुफिया) अमित कुमार, उप सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित गृह विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नीट पीजी परीक्षा स्थगित करने की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 11 अगस्त को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2024 में 'कुछ व्यवहारिक परेशानियों' के कारण स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विशाल सोरेन और अन्य के अधिवक्ता अनस तनवीर की ओर से मामले का उल्लेख करते हुए शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की और नौ अगस्त के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री को निर्देश दिया, कृपया इसे कल सूचीबद्ध करें। सोरेन द्वारा दायर याचिका दलील दी गई है कि अभ्यर्थियों को एन वक्त पर ऐसे शहरों में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं।

# रायपुर लाये गए अनवर और अरुणपति, ईडी मांगेगी रिमांड

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



नकली होलोग्राम मामले में करीब डेढ़ माह पहले मेरठ ले जाए गए कारोबारी अनवर ढेबर और पूर्व अफसर अरुणपति त्रिपाठी को प्रोडक्शन वारंट पर गुरुवार को रायपुर लाया गया है। दोनों को रायपुर की विशेष अदालत में दोपहर करीब 1 बजे पेश किया गया। प्रोडक्शन वारंट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जारी करवाया था। ईडी शराब घोटाले के एक केस में दोनों से पूछताछ के लिए फिर रिमांड पर लेगी। शराब घोटाले में कर्नाटक के केस में चालान पेश नहीं होने के बाद ईडी ने एक और केस रजिस्टर किया था। इसी बीच, अनवर और त्रिपाठी को यूपी एसटीएफ नकली होलोग्राम मामले में गिरफ्तार कर मेरठ ले गई थी। वहां दोनों न्यायिक रिमांड पर जेल में थे। ईडी के आवेदन पर रायपुर की अदालत ने अनवर और अरुणपति को यहां अदालत में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया था। अनवर और त्रिपाठी को रायपुर में 8 अगस्त को पेश करना था। इस बीच, चर्चा थी कि इस वारंट के खिलाफ दोनों हाईकोर्ट चले गए थे, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। गुरुवार को दोनों को रायपुर लाकर कोर्ट में पेश कर दिया गया। दोनों रिमांड मिलने पर ईडी की कस्टडी में रहेंगे। ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद जब तक यूपी पुलिस रिमांड नहीं लेती, दोनों रायपुर जेल में ही रहेंगे।

# रिमझिम बारिश के बीच जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन

## मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम का किया शुभारंभ, जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, बड़ी संख्या में हुआ मौके पर ही आवेदनों का निराकरण, श्रमिक परिवारों को दी 11 करोड़ 41 लाख रूपए की सहायता राशि

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों का एक बार फिर आमजनों में उत्साह दिखा, रिमझिम बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे। इस बार एक और बात को लेकर लोगों में उत्साह दिखा वह हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनदर्शन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आने वाले लोगों को उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 6 हजार 200 से अधिक श्रमिक परिवारों को 11 करोड़ 41 लाख रूपए की सहायता राशि के वितरण का शुभारंभ करते हुए प्रतीक स्वरूप 12 हितग्राहियों को सहायता राशि वितरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, पी.दयानंद सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। जनदर्शन कार्यक्रम में रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंची महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए उनका आभार जताया और कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में यह योजना कारगर सिद्ध हो रही है। महिलाओं ने बताया कि बहनों की राखी इस बार शानदार रहेगी। भाईयों के लिए अच्छी मिठाईयां खरीदेंगे। मुख्यमंत्री ने 37वें राष्ट्रीय खेल में मिनी गोल्फ में कांस्य पदक जीतकर लौटी महासमुन्द निवासी चयन कुमारी और रायपुर की रंजीता खलको से भी मुलाकात की और उनकी हौसल अफजाई की। इन खिलाड़ियों ने बताया कि 20 से 25 अगस्त तक इंटरनेशनल हुड बॉल में हिस्सा लेने दक्षिण कोरिया जा रही है।





### रक्षाबंधन के तोहफे में मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

मुख्यमंत्री से बिलासपुर की रिशी अग्रवाल और बेमेतरा जिले की सिद्धका गोस्वामी ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप राखी के पूर्व मेरे लिए राखी लेकर आई है और आपने मेरे हाथों में राखी बांध दिया। छत्तीसगढ़ की सभी बहनों का स्नेह मुझ पर है। रक्षाबंधन का तोहफा मैं आपको अनुकंपा नियुक्ति के रूप में जल्द प्रेषित करूंगा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के आवेदनों पर अधिकारियों को जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

रायपुर जिले के ग्राम पंचायत परसुलीडीह के सरपंच के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने परसुलीडीह के स्कूल भवन में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को जल्द से जल्द शेड निर्माण करने के निर्देश दिए। बलौदाबाजार जिले के डोंगरिया के किसानों ने मुख्यमंत्री को बताया कि केमिकल प्लांट से खरीफ और रबी की फसल खराब हो गई है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को किसानों को जल्द राहत दिलाने कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने रायपुर शहर के चौरसिया कॉलोनी की 18 वर्षीय सना परवीन, ग्राम सेरीखेड़ी की निवासी कोमल लहरे, और धमतरी जिले के ग्राम कचना के निवासी ठगिया साहू को मोटराईज्ड ट्राई सायकल प्रदान किया।

### जमीन का जल्द मिलेगा मुआवजा

बालोद निवासी बोधन लाल ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि उनकी जमीन अंडा में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी, लेकिन अब तक उन्हें भू-अर्जन की मुआवजा राशि नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री ने इस पर बालोद कलेक्टर को त्वरित कार्रवाई कर भू अर्जन की राशि दिलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही भू अर्जन से प्रभावित अन्य लोगों को भी शीघ्र राहत देने के निर्देश दिए।

### ■ लक्ष्य के इलाज की होगी व्यवस्था

रायपुर के फाफाडीह के रमण मंदिर वार्ड से आए रोशन साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका बेटा 8 साल का लक्ष्य एस्ट्रॉफी ऑफ ब्लैडर बीमारी से पीड़ित है। इसके इलाज के लिए उन्हें अहमदाबाद इसके लिए नियमित रूप से जाना पड़ेगा, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उनकी समस्या सुनकर मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बच्चे की बीमारी के संबंध में इलाज की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। लक्ष्य के पिता ने कहा कि मैं बच्चे का लंबे समय तक इलाज करते हुए परेशान हो गया था और हिम्मत हार चुका था अब मुख्यमंत्री के मिलने के बाद मुझे नई उम्मीद जगी है।

### ■ खपरी गांव को मिलेगी जर्जर सड़कों से मुक्ति

जनदर्शन कार्यक्रम में बालोद जिला के ग्राम पंचायत खपरी ब की सरपंच जनक बाई साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्राम ईरागुड़ा से पायला पहुंच मार्ग की स्थिति बहुत ही जर्जर हो गई है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। उन्होंने गांव की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री साय ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनकर शीघ्र समस्याओं का समाधान करने की बात कही। साथ ही अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया।

### ■ 2 साल के बच्चे को ब्रेन सर्जरी की जरूरत मुख्यमंत्री ने कहा अच्छा इलाज करेंगे

जनदर्शन में रायपुर शहर से जुगल किशोर महानंद ने बेटे को ब्रेन सर्जरी की जरूरत है। छोटे बच्चों की ब्रेन सर्जरी के लिए बाहर से डॉक्टर आते हैं यदि बच्चे को उचित इलाज मिल जाए और सर्जरी की सुविधा मिल जाए तो मेरा बच्चा ठीक हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप निश्चिंत रहिए। स्वास्थ्य विभाग बच्चे का इलाज कराएगा। बच्चे की ब्रेन सर्जरी कराई जाएगी। उन्होंने रायपुर कलेक्टर को इस संबंध में आवश्यक कारवाई करने कहा। महानंद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ■ जनदर्शन में किसानों ने की शिकायत, केमिकल प्लांट से निकल रहा विषैला पानी

मुख्यमंत्री जनदर्शन में बलौदा बाजार जिले के ग्राम डोंगरिया से किसान अपने आवेदन लेकर पहुंचे। किसानों ने बताया कि उनकी फसल अपोलो कंपनी के प्रदूषित पानी से खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ की फसल कंपनी के दूषित केमिकल की वजह से खराब हुई। फिर रबी की फसल भी दूषित केमिकल की वजह से खराब हो गई है। इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों को कई बार मौखिक आग्रह किया गया लेकिन इस पर कंपनी ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर बलौदाबाजार को तत्काल कार्रवाई कर किसानों को राहत दिलाने की निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा अविलंब इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

### ■ जनदर्शन में कुसमुंडा के भू विस्थापित ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिले, मुख्यमंत्री ने कहा बस सुविधा और एंबुलेंस उपलब्ध कराएंगे

कोरबा जिले के कुसमुंडा के भू विस्थापित ग्रामीण परिवार मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने बताया कि वे जटराज, पाली और सोनपुरी जैसे विभिन्न गांव में रहते हैं। इनमें बस सुविधा नहीं होने की वजह से बच्चों को स्कूल पहुंचने में काफी समस्या होती है। अगर स्कूल बस की सुविधा शासन द्वारा दे दिए जाए तो बहुत अच्छा होगा। इसके साथ ही ग्रामीणों ने एक एंबुलेंस की भी मांग की उन्होंने कहा कि एंबुलेंस नहीं होने की वजह से गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को कोरबा जिला मुख्यालय पहुंचने में दिक्कत होती है। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कलेक्टर कोरबा को इन दोनों सुविधाओं के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही आपकी दोनों समस्याएं हल हो जायेंगी और बच्चे भी स्कूल जा सकेंगे तथा लोगों के लिए एंबुलेंस की सुविधा भी हो सकेगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

**छत्तीसगढ़ के माउंटेनमैन राहुल गुप्ता जनदर्शन में मुख्यमंत्री से मिले, बताया ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी कोजियास्को में करेंगे चढ़ाई**

छत्तीसगढ़ के माउंटेनमैन राहुल गुप्ता जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिले। राहुल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे 15 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी कोजियासको में चढ़ाई करेंगे। यह चोटी 2228 मीटर ऊंची है और विश्व की सातवीं सबसे बड़ी चोटी है। यहां तापमान काफी कम होने की वजह से बड़ी चुनौती होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने माउंट एवरेस्ट सहित दुनिया भर की महत्वपूर्ण चोटियों पर फतह हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। हम आपको सरकार की तरफ से हर संभव प्रोत्साहन देंगे। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में युवा एवं कल्याण विभाग के संचालक तनुजा सलाम को निर्देशित किया।

**बैगा आदिवासी की जमीन पर कब्जे की शिकायत, मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को दिए उचित कार्रवाई के निर्देश**

जनदर्शन में जिला मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी के ग्राम जनकपुर से एक आदिवासी परिवार आया। परिवार के गेंदलाल बैगा ने बताया कि उनका परिवार पिछली चार पीढ़ियों से जनकपुर में खेती कर रहा है। अभी जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जे की कोशिश कर रहे है। इस वजह से काफी तकलीफ हो रही है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कलेक्टर मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल इस मामले में आवश्यक जांच कर कार्रवाई करें। गेंदलाल बैगा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन में आकर वे आश्वस्त हो गए हैं और उन्हें उम्मीद है कि अब उनके साथ ज्यादती नहीं होगी।

## फौजी की पत्नी को नहीं मिल रही पूरी पेंशन



पंजाब में तैनात रहे फौजी स्वर्गीय बलदेव सिंह साहू की पत्नी ललिता साहू ने आज जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर पेंशन की पूरी राशि दिलाने के लिए मदद की गुहार लगाई। दुर्ग से आई साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पति इंडियन आर्मी में पंजाब में नायक के पोस्ट पर थे। उनकी मृत्यु हो गई और वो परिवार सहित पंजाब से छत्तीसगढ़ वापिस आ गई। पंजाब में उन्हें पेंशन की पूरी राशि मिलती थी पर छत्तीसगढ़ आने के बाद उन्हें यहां पूरी पेंशन नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक देशभक्त खासकर फौजी के परिवारजनों को छत्तीसगढ़ सरकार कोई कष्ट नहीं होने देगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, ताकि जल्द ही साहू की समस्या का निराकरण हो सके। साहू ने इस संवेदनशील पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

### मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव एसपी को नंदकिशोर की गुमशुदा पत्नी की खोज-खबर करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आज जनदर्शन में राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव के रहने वाले नंदकिशोर ने अपनी पीड़ा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी पिछले छह माह से लापता है। पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक कुछ खबर नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री साय ने उनकी बातों को सुनकर तत्काल राजनांदगांव के एसपी को फोन किया और नंदकिशोर की पत्नी की खोज-खबर करने के निर्देश दिए है।

## महतारी वंदन के पैसों से इस बार बहनों की रक्षाबंधन मनेगी शानदार



**राजधानी** रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची हैं। उनमें से कुछ महिलाएं अपनी समस्या लेकर पहुंची तो कुछ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को महतारी वंदन योजना के लिए धन्यवाद देने जनदर्शन में आई। राजिम से आई हेमलता तारक, पूर्णिमा बंजारे और पूर्णिमा ने बड़े हर्ष से बताया कि इस महीने जैसे ही महतारी वंदन का पैसा खाते में आया तभी सोच लिया कि इनसे अब धूमधाम से रक्षाबंधन मनाएंगे। भाईयों के लिए राखी और अच्छी मिठाईयां खरीदेंगे।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हमें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए महतारी वंदन योजना की शुरुआत की। हम मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त करते हैं। भिलाई की अंजना दास और सुनंदा साहू ने कहा कि महतारी वंदन का पैसा जब-जब खाते में आता है, बहुत खुशी मिलती है। योजना में आए कुछ पैसे खर्च करते हैं और कुछ बचाते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना की छठवीं किश्त एक अगस्त को जारी कर दी है। इस योजना अंतर्गत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के खातों में राशि अंतरित हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप माताओं-बहनों को हर महीने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000 रूपए देने का संकल्प लिया था। प्रशासनिक अमले ने तेजी से सर्वे का काम पूरा करते हुए हितग्राही महिलाओं से फार्म भरवाए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च को महतारी वंदन योजना की पहली किश्त जारी की थी। इसके पश्चात नियमित रूप से यह किश्त जारी की जा रही है। नियमित रूप से यह राशि आने की वजह से महिलाएं काफी खुश हैं। कुछ महिलाएं अपने घरेलू बजट को इससे व्यवस्थित कर पा रही हैं, तो कुछ राशि को बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च कर रही हैं। कुछ भविष्य के लिए पैसे बचा रहीं हैं और कुछ निवेश भी कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन में सुशासन के मूल्य स्पष्ट झलकते हैं। डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण हो रहा है इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है। बीते दिनों जनदर्शन में भी बहुत सी महिलाओं ने आवेदन दिए साथ ही महतारी वंदन योजना को लेकर अपनी खुशी भी जाहिर की थी। इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि विष्णु का सुशासन हमारे जीवन में बहुत सुख-समृद्धि लेकर आया है। इसके पहले महिलाओं को लेकर इतनी अच्छी योजना हमारे राज्य में क्रियान्वित नहीं की गई थी। इससे हमारे सपने पूरे हो रहे हैं।

## जन दर्शन में मुख्यमंत्री को बहनों ने बांधी राखी, मुख्यमंत्री ने कहा- रक्षाबंधन का देंगे उपहार



मुख्यमंत्री जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने दो बहनें आईं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन से पहले जनदर्शन में आए हैं इसलिए पहले राखी बांधेंगी। रिशी अग्रवाल और सिद्धका गोस्वामी बिलासपुर और बेमेतरा से मुख्यमंत्री के लिए राखी लेकर आई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। रिशी ने बताया कि उनके पिता डॉ जे पी वर्मा शासकीय महाविद्यालय बिलासपुर में प्रोफेसर के पद पर थे। उनका निधन हो गया उन्हें अनुकंपा नियुक्ति उनकी शिक्षा के मुताबिक मिले तो अच्छा लगेगा और उन्होंने तृतीय श्रेणी के पद के लिए आग्रह किया। इसी तरह सिद्धिका गोस्वामी ने बताया कि वे परपोडी बेमेतरा से हैं। उनके पिता गोडमर्रा विद्यालय में टीचर थे उनका निधन हो गया और अब अनुकंपा नियुक्ति के लिए उन्होंने आवेदन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप राखी के पूर्व मेरे लिए राखी लेकर आई है और आपने मेरे हाथों में राखी बांध दिया। छत्तीसगढ़ की सभी बहनों का स्नेह मुझ पर है।रक्षाबंधन का तोहफा मैं आपको अनुकंपा नियुक्ति के रूप में जल्दी प्रेषित करूंगा।

## 6 हजार 200 से अधिक श्रमिक परिवारों को 11 करोड़ 41 लाख रूपये की सहायता राशि के चेक मिले

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन में हजारों की तादाद में प्रदेशभर से लोग अपनी फरियाद लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने पहुंचे हैं। रिमझिम फुहारों के बीच लोग पूरी उम्मीद और उत्साह के साथ मुख्यमंत्री साय से मिल रहे हैं। इसी दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 12 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से सहायता राशि के चेक सौंपे। ज्ञात हो कि आज की मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की ओर से 6 हजार 205 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 11 करोड़ 41 लाख 25 हजार 500 रूपये की सहायता राशि के चेक प्रदाय किए गए। इसमें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत दो हजार 606 हितग्राहियों को 05 करोड़ 21 लाख 20 हजार रूपये, मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत दो हजार 593 हितग्राहियों को 05 करोड़ 18 लाख 60 हजार रूपये तथा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 827 हितग्राहियों को 15 लाख 66 हजार रूपये के चेक प्रदाय किए गए। इसी तरह मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 100 हितग्राहियों को 20 लाख रूपये के चेक, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत 34 हितग्राहियों को 34 लाख रूपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 29 हितग्राहियों को 30 लाख 50 हजार रूपये तथा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के 16 हितग्राहियों को कुल एक लाख 29 हजार रूपये के चेक दिए गए।





### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिनी गोल्फ में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों ने की सौजन्य मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जनदर्शन में 37वें राष्ट्रीय खेल के दौरान मिनी गोल्फ में कांस्य पदक जीतकर लौटी महासमुंद निवासी चयन कुमारी और रायपुर की रंजीता खलको ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी उपलब्धि से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आगामी 25-30 अगस्त तक दक्षिण कोरिया में आयोजित इंटरनेशनल वुड बॉल में हिस्सा लेने के लिए वे लोग दक्षिण कोरिया जा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने दोनों खिलाड़ियों की हौसल अफजाई करते हुए इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों जनदर्शन कार्यक्रम में तीन दिव्यांगों को मिली बैटरी चलित ट्राई साइकिल



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान तीन दिव्यांगों को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की। इस अवसर पर दिव्यांग कोमल लहरे, सना परवीन, और ठगिया साहू ने मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त किया। रायपुर जिले के चौरसिया कॉलोनी की 18 वर्षीय सना परवीन, ग्राम सेरीखेड़ी की निवासी कोमल लहरे, और धमतरी जिले के ग्राम कचना के निवासी ठगिया साहू को पहले आने-जाने के लिए अपने परिजनों या किसी अन्य व्यक्ति का सहारा लेना पड़ता था। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने के बाद अब उन्हें गांव के भीतर और बाहर आने-जाने में और अपने कामों को पूरा करने में सुविधा होगी। दिव्यांग कोमल लहरे ने बताया कि उनके पास पहले एक ट्राई साइकिल थी, जो अब खराब हो चुकी है। आज जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा बैटरी चलित ट्राई साइकिल मिलने से अब उन्हें अपने व्यवसाय के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का मौका मिलेगा। वे ग्राम सेरीखेड़ी में आलू-प्याज बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले तीनों व्यक्तियों को ऑटोमेटिक ट्राई साइकिल प्रदान की गई है, ताकि वे अपने रोजमर्रा के कार्यों को सरलता से कर सकें और स्व-रोजगार के माध्यम से अपना जीवनयापन कर सकें।

# दो वर्ष बाद जांच टीम के सामने बदले गये अमानक विद्युत उपकरण

## अमोड़ा हाईस्कूल के नवनिर्मित स्कूल भवन में किये गये भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

अमोड़ा के नवनिर्मित हाईस्कूल भवन में हुए विद्युतीकरण कार्य में अधिकारी व ठेकेदार के द्वातरा मिलीभगत करके किये गये भ्रष्टाचार पर फिर रायपुर से जांच टीम पहुंची जहां जांच टीम के पहुंचने से पहले ही लोनिवि विद्युत यांत्रिकी के अनुविभागीय अधिकारी द्वा रा आनन-फानन में भ्रष्टाचार को छिपाने लीपापोती शुरु कर दी गई पहले लगाये गये अमानक विद्युत पैनल को हटाकर बिल भुगतान में दर्शाये गये पैनल को लगाया गया उसके बाद 10 एमएम के अमानक केबल को भी जांच टीम के पहुंचने से पहले निकालकर 16 एमएम का केबल लगाया गया ताकि जांच टीम को दिगभ्रमित किया जा सके।

विदित होकि पायनियर अखबार द्वा रा स्कूल भवन में किये गये भ्रष्टाचार को लगातार प्रमुखता से प्रकाशित कर विभाग के उच्च अधिकारियों को ध्यानाकार्षित कराया था जिसके फलस्वरुप दो बार विभाग के उच्च अधिकारी जांच के लिए स्कूल भवन पहुंचे थे लेकिन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी चालाकि करते हुए इस भ्रष्टाचार को छिपाने भरपूर कोशिश की गई व जांच अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही विद्युत उपकरणों को बदलने में लग गये अब इस बाद से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस विभाग के अधिकारी किस तरह स्कूल जैसे शिक्षा के मंदिर में भ्रष्टाचार कर अपनी झोली भर रहे है व विभाग को बदनाम करने में लगे हुए है।


ठेकेदार को भुगतान कराने की इतनी जल्दबाजी की एसडीओ ने बिना निरीक्षण किये खुद ही कर दिया सत्यापन व मूल्यांकन


अमोड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के विद्युतीकरण कार्य में फर्जीवाड़ा, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर अब तक कार्यवाही नहीं
अधीक्षण अभियंता ने कहा जांच के दिये निर्देश, कार्यपालन अभियंता ने कहा कोई आदेश नहीं


स्कूल भवन के विद्युतीकरण कार्य में किये गये भ्रष्टाचार की जांच को प्रभावित करने की कोशिश
रायपुर के उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कराने के बावजूद अब तक कोई उचित कार्यवाही नहीं

### बिल भुगतान के दो वर्ष बाद बदले गये उपकरण

पायनियर अखबार को जब इस भ्रष्टाचार की खबर मिली तो सच्चाई जानने स्कूल भवन में पहुंचे तो पता चला की जिस विद्युत उपकरणों का भुगतान ठेकेदार को विभाग के अधिकारी द्वाचरा गलत तरीके से किया गया है सभी उपकरण अमानक पाये गये थे जिसको लेकर शासन-प्रशासन तक इसकी शिकायत हुई जिसके बाद विभागीय जांच टीम का गठन हुआ जांच टीम के पहुंचने से पहले ही अनुविभागीय अधिकारी विभाग के कर्मचारियों को भेज पैनल व केबल को बदला गया जिसकी भी शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों से की गई पर विभाग द्वाभरा इस भ्रष्टाचार को अंजाम देने वाले अधिकारी के ऊपर कार्यवाही के बजाये लीपा-पोती करने का अवसर दिया जाता रहा है जिस पर भी सवाल खड़े हो रहे है कि आखिर दो साल बाद विद्युत उपकरणों को क्यों बदला जा रहा है यदि उपकरण सही लगाये गये है तो लीपापोती क्यों किया जा रहा है।








### तीन उपअभियंता पदस्थ होने के बावजूद मूल्यांकन व सत्यापन स्वयं अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आखिर क्यूं?

विदित हो कि इस स्कूल भवन के विद्युतीकरण कार्य में भ्रष्टाचार को अंजाम देने में अनुविभागीय अधिकारी इस कदर आतुर हो गये थे कि लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग में तीन उप अभियंता पदस्थ होने के बावजूद मूल्यांकन व सत्यापन स्वंय ही कर दिये जबकि मूल्यांकन उप अभियंता के द्वामरा किया जाता है व सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी द्वायरा किया जाता है।

### रायपुर से दो बार पहुंची जांच टीम

खबर प्रकाशन व शिकायत के बाद रायपुर से अब तक दो बार जांच टीम पहुंची पहले लोनिवि यांत्रिकी रायपुर के कार्यपालन अभियंता झारिया द्वाटरा जांच की गई जिसका दस्तावेज उच्च अधिकारी को सौंपने की बात कही गई किन्तु अधिकारी पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिसके बाद रायपुर से ही बुधवार को जांच टीम पहुंची जिसमें कार्यपालन अभियंता राजेश टोप्पो ने बताया कि स्कूल भवन में जांच हेतु गये हुए थे जहां पर केबल बदलने का कार्य चल रहा था जांच रिपोर्ट प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को सौंप आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### दोषियों पर होगी कार्यवाही-मुख्य सचिव

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के मुख्य सचिव कमलप्रीत सिंह ने कहा कि जांच के बाद दोषियों पर उचित कार्यवाही होगी जांच टीम द्वाकरा वहां पहुंचकर जांच की गई है जल्द ही इस पर कार्यवाही की जायेगी।

# मनरेगा के क्रियान्वयन के संबंध में किया गया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत एम.आई.एस, तकनीकी एवं अन्य विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं समाधान हेतु जिला पंचायत के सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले स्तर में यह कार्यशाला रखा गया, जिसमें कार्य स्वीकृति, दस्तावेज संधारण, योजना अंतर्गत तकनीकी प्राक्कलन तैयार करने में हो रही त्रुटियों की सुधार करना, योजना अंतर्गत अनुमेय कार्य की सूची अनुसार स्वीकृति की प्रक्रिया करना, कृषि आधारित कार्यों में व्यय एवं लेबर बजट तैयार करना, सोशल ऑडिट अंतर्गत दर्ज प्रकरण का समय में निराकरण करना, ग्राम पंचायत स्तर पर जी.आई.एस कार्य योजना तैयार करना एवं एम.आई.एस से संबंधित तथा गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओ को लेकर जानकारी दी गई।




# बैलाडीला परियोजना को मिला 5 स्टार रेटिंग

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में खान मंत्री किशन रेड्डी और सतीश चंद्र दुबे ने एनएमडीसी लिमिटेड के 14 एमएल, एवं 14 एनएमजेड को वर्ष 2022-23 के लिए फाईव स्टार रेटिंग प्रदान की। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी लिमिटेड हैदराबाद और किरंदुल परियोजना प्रमुख संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक ने यह सम्मान ग्रहण किया। 5 स्टार रेटिंग हेतु खानों में उत्खनन, पर्यावरण संतुलन, जीरो एक्सीडेंन्ट,उत्तम लौह अयस्क गुणवत्ता,सुरक्षा उपायों,कम ईंधन खपत,कम विद्युत खपत आदि श्रेणियों को भी ध्यान में रखा जाता है।एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना छत्तीसगढ राज्य के बस्तर जिलें में सुदूर वनक्षेत्र में स्थित है। यहां लौह अयस्क की सबसे पुरानी खदानें स्थित हैं। एनएमडीसी की बैलाडीला खदानें आदिवासी जनसमुदाय के सामाजिक विकास, निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं, कौशल विकास और स्वच्छ पेयजल एवं बुनियादी सुविधाओं जैसी विभिन्न श्रेणियों में सीएअसार के तहत कार्य करती है। यह सम्मान मिलने पर परियोजना अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है ।



# पैरालीगल वालिंटियर्स का एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा कोंडागांव और नारायणपुर के समस्त थाना में पदस्थ पैरालीगल वालिंटियर्स व समस्त लीगल एड क्लीनिक, प्रबंध कार्यालय में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स का एक दिवसीय कार्यशाला, बैठक रखा गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से व्यापक रूप से विधिक जागरूकता शिविर आयोजन करने और नालसा एवं सालसा के समस्त योजनाओं से आमजनों को लाभ दिलाने में मदद करते हुए उन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विशेष दिवसों में अनिवार्य रूप से शिविर आयोजित कर प्रचार-प्रसार के लिए सामुदायिक स्तरों, ग्राम पंचायतों एवं हाट-बाजारों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स को निर्देशित किया गया। इसी दौरान सचिव के द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों के अधिकारों एवं उनके लिए बने कानूनों की जानकारी पहुंचाने हेतु शिविर आयोजित एवं व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने हेतु समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स को निर्देशित किया गया, साथ ही कोंडागांव, केशकाल एवं नारायणपुर के प्रबंधक कार्यालय में पदस्थ प्रतिधारक अधिवक्ताओं के द्वारा भी विधिक से संबंधित जानकारी दी गई ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित ना रहे। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोंडागांव, चन्द्र प्रकाश कश्यप प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय नारायणपुर, मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय केशकाल एवं समस्त पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहें।



## 4 दिव्यांग दम्पत्तियों को 3 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन अंशदान योजनांतर्गत जिले के 04 दिव्यांग दम्पत्तियों को 03 लाख रुपए की राशि स्वीकृति दी गई। जिसके तहत कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा जगदलपुर धरमपुरा ग्राम घाटपदूर भाटागुड़ा के कमलोचन सेठिया को एक लाख रूपए, बला तरई जगदलपुर निवसी श्अकुर पाण्डेय को एक लाख रूपए, विकासखण्ड तोकापाल ग्राम सिंगनपुर निवासी नरसिंह नाग को 50 हजार रूपए और धरमपुरा नंबर-01 अटलविबारी वाजपेयी वार्ड के प्रशान्त कुमार विरूलकर को 50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन करने कलेक्टर से की गई मांग

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ एवं वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ कोंडागांव के द्वारा जिला कलेक्टर कोडागांव को संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन करने विभाग प्रमुखों को निर्देशित करने का निवेदन किया गया कोंडागांव जिले में वर्ष 2019 में तत्कालीन कलेक्टर नीलकंठ टेकाम के द्वारा आयोजित किया गया था उसके बाद आज तक विभाग प्रमुख व कलेक्टर कार्यालय द्वारा संघ को नहीं बुलाया जा रहा है जिससे कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है संघ के द्वारा कलेक्टर से निवेदन करते हुए मांग किया गया है कि प्रत्येक 3 माह में विभागीय स्तर पर संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन किया जावे एवं कलेक्टर द्वारा इसकी समीक्षा हेतु कलेक्टर कार्यालय में परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन नियमित रूप से किया जावे जिससे कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं का समाधान समय पर हो पाएंगे कलेक्टर द्वारा संघ के प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र ही शासन के आदेशानुसार सभी विभागों को कर्मचारियों के समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु बैठक आयोजित करने निर्देशित किये जाने का आश्वासन संघ के प्रतिनिधि मंडल को दिया गया। ज्ञापन सौंपने आर. के. नायर महामंत्री वाहन चालक यांत्रिकी संघ , चमन लाल वर्मा प्रांतीय सचिव व जिला अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ , लखेश्वर बघेल प्रांतीय सचिव वाहन चालक संघ , व मनहेर नेताम, जावेद खान, आशीष सिंह उपस्थित रहे।



## मनरेगा के क्रियान्वयन के संबंध में किया गया कार्यशाला का आयोजन

**कोण्डागांव।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत एम.आई.एस., तकनीकी एवं अन्य विभिन्न समस्यो के निराकरण एवं समाधान हेतु जिला पंचायत के सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले स्तर में यह कार्यशाला रखा गया जिसमें कार्य स्वीकृति, दस्तावेज संधारण, योजना अंतर्गत तकनीकी प्राक्कलन तैयार करने में हो रही त्रुटियों की सुधार करना, योजना अंतर्गत अनुमेय कार्यो की सूची अनुसार स्वीकृति की प्रक्रिया करना, कृषि आधारित कार्यो में व्यय एवं लेबर बजट तैयार करना, सोशल ऑडिट अंतर्गत दर्ज प्रकरण का समय में निराकरण करना, ग्राम पंचायत स्तर पर जी.आई.एस कार्य योजना तैयार कराने एवं एम.आई.एस से संबंधित तथा गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओ को लेकर जानकारी दी गई।

# बचेली में मातृशक्तियों ने हरेली तीज पर किया सावन झूला मिलन समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

हरेली तीज के अवसर पर बचेली के मातृशक्तियों द्वारा सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें बचेली की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान राधाकृष्ण की तैलचित्र को झूला में रखकर पूजा अर्चना के बाद का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर महिलाओं का खेल प्रतियोगिता करवाई गई।साथ ही सभी ने सावन झूला का आनंद लिया।किरण भदौरिया ने बताया कि आगामी दिनों में भी सनातनी बहनों के साथ इस तरह की आयोजन होते रहेंगे।जिससे हमें आपस में मेलजोल बच्चों आगे आने वाली पीढ़ी को अपने त्योहारों के बारे में जानकारी एवम संस्कार देने का उद्देश्य भी शामिल है।

## आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए 22 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-01 और 02 में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 22 अगस्त तक आवदेन आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-01 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंन्द्र बकावंड मांझीपारा, पाहुरबेल लल्लुगुड़ा, पाहुरबेल हिरलागुड़ा, भिरलिंगा स्कूलपारा, छोटेदेवड़ा-2 बीजागुड़ा और बोरीगांव काटाछेपड़ा में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती की जाएगी। वहीं एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-2 के अंतर्गत सानदवड़ा टुहटीदेवड़ा और बडेजिराखाल के टेम्पल कोमार में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर पूर्ति की जाएगी। उक्त भर्ती सम्बंधी विस्तृत जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मदिरा विक्रय के लिए शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निदेर्शानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा तथा विदेशी मदिरा दुकानों सहित एफएल-3 होटल बार, एफएल-7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार जगदलपुर को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेश जारी किया गया है। वहीं उक्त दिवस पर मदिरा का विक्रय न होने पाये और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो, यह सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गए हैं।

# डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना को यथावत रखने की मांग

## छत्तीसगढ़िया सर्व समाज ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़िया सर्व समाज जिला बलौदाबाजार भाटापारा के आह्वान पर समस्त छत्तीसगढ़िया समाज के समाज प्रमुख एकत्रित होकर बैठक आहुत की गयी। बैठक में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष डॉ. कुशल वर्मा एवं मोतीलाल वर्मा ने बताया कि छ.ग.शासन द्वारा विगत दिनों छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदलकर शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना किया गया है, जिसके कारण पूरे छत्तीसगढ़िया समाज को आघात पहुंचा है। यदि शासन के द्वारा हमारे महापुरूष शहीद वीरनारायण सिंह के नाम से कोई बड़ी नई योजना से जोड़ा जाता है तो हम सबको खुशी होती। छत्तीसगढ़िया समाज में फुट डालने की जगह एक सुत्र में बांधा जाये तो ज्यादा अच्छा होता। सर्व छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा पूर्व से संचालित छ.ग.शासन की महति योजना डॉ. खुबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना को यथावत रखने एवं छत्तीसगढ़ के आदिवासी पुत्र शहीद वीरनारायण सिंह के नाम से कोई नवीन बड़ी योजना राष्ट्रीय स्तर पर निकालने की मांग रखी गई है। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा उक्त मांग को लेकर जिलाधीश बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपने संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में पहुंचकर नवनियुक्त जिलाधीश से भेंट कर मुख्यमंत्री छ.ग.शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. कुशल वर्मा, संरक्षक कुहुपराम यदु, जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, मोतीलाल वर्मा, खोडसराम कश्यप, रामाधार पटेल, महेन्द्र वर्मा के अलावा सभी समाज के प्रतिनिधि शामिल थे। जिसमें हरिशंकर सेन, शैल सेन, कविता सेन, कौशिल्या वर्मा, धनेश्वरी यादव, धनेश्वरी वर्मा, नुलेश्वरी बंजारे, गौरी देवी, भुपेन्द्र ध्रुवंशी, के.के.साहू, रामनारायण ध्रुव, भूपेन्द्र वर्मा, हरिराम वर्मा, नरेन्द्र बंजारे, नेमेश सिंह, खिलावन जायसवाल, पंकज वर्मा, संजीव वर्मा, प्रेमसिंह वर्मा, रेवाराम साहु, बसावन यादव, रीपुसुदन वर्मा, कुमलेश देवांगन, देवनारायण बांधे, लतेल पाल, बोधन यादव, रामलाल साहु, जीवधन बरिहा, मनोज यादव, द्वारिका वर्मा आदि बड़ी संख्या में समाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षक और पालक की अहम भूमिका: पूर्णानंद मिश्रा



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना नगर शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन का आयोजन राज्य शासन के निर्देशानुसार किया गया। पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन के मुख्य अतिथि बीआरसीसी बसना पुणानंद मिश्रा अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एनके पंडा एवं संकुल समन्वयक सुरेश प्रधान के आतिथ्य में किया गया। जहां अतिथियों सहित पूर्व माध्यमिक शाला बसना, गढ़पटनी, प्राथमिक शाला गढ़पटनी, सुरंगीपाली, दुधीपाली, बिटागीपाली, पदरडीह, खटखटी और बसना के जनप्रतिनिधियों, प्रधानपाठक सहित पालकों ने मां सरस्वती की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेघा सम्मेलन में संकुल समन्वयक सुरेश प्रधान रूपरेखा, उद्देश्य पर चर्चा पर करते हुए अतिथियों और पालकों सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षको और पालकों को संबोधित करते हुए बैठक की आवश्यकता और महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा शाला और विद्यार्थियों की बहुमुखी विकास में पालक, बालक और शिक्षक की सहभागिता और भूमिका महत्वपूर्ण स्थान रखता है। तीनो ही एक दूसरे के पूरक है, किसी के न होने से विकास में बाधाए आती है, सफलता हासिल करने के लिए पालक बालक और शिक्षक की सहयोग और सहभागिता बहुत ही आवश्यक है। किसी भी कार्य की सफलता के पीछे तीनो का सहभागिता होना महत्पूर्ण होता है। वही प्राचार्य एनके पंडा ने कहा की बच्चों को अच्छी पढ़ाई के साथ खेल और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी शामिल होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के शैक्षणिक विकास और स्कूलों के माध्यम से मिल रही शिक्षा की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने की बात कही। इसके अलावा पालक शिक्षक सम्मेलन मुख्य विषय बिंदु क्रमशः मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चो की अकादमिक प्रगति और परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ताविहीन शनिवार, विद्यार्थियों की आयु कक्षानुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवम् पोषण की जानकारी, जाती आय निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालक एवं छात्रों को अवगत कराना पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डालते हुए चर्चा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया साथ ही सभी शालाओं के ऐसे पालकों को जो निरंतर शाला में अपना योगदान देते रहते है उन्हे भी सम्मानित किया गया।

# मुख्य गली के नाली को पाटकर किया बंद

## जल भराव से स्कूली बच्चों को परेशानी



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विकास खंड के ग्राम भूथीया मे गांव के मुख्य गली के नाली के निकासी द्वार को पाट कर बंद कर देने की खबर है ग्रामीण टिके लाल प्रधान ने इसकी शिकायत सरायपाली स्ठरू एसडीएम से कर दिया जून मे ही कर दिया था मामले मे ह्यस्त्रद्ब ने शिकायत कर्ता को जल्द ही कार्यवाही कर बंद नाली के निकासी द्वारा को खोलने की बात कही गई थी लेकिन आज तक नहीं खोला गया है जिसके कारण स्कूल से शिकायत कर्ता के घर तक मुख्य मार्ग मे जल भराव की स्थिति पैदा हो रही है शिकायत कर्ता टिके लाल प्रधान के अनुसार बरसात आते ही नाली के निकासी द्वारा को पाट दिया गया है यहां जल भराव चालू हो गया और आस पास मलेरिया टाईफाइट जैसे बिमारी फैलने की आसंका है टिके लाल प्रधान ने बताया की स्कूल की सभी बच्चे जल भराव के कारण परेशान है यहां पहुंचते ही बच्चों की परेशानी बढ़ जाती है साथ पानी भराव के कारण स्कूल मे भी मच्छर पनप रहे है और बिमारी फैलने की आसंका है!

# शिक्षकों के ऑनलाइन अवकाश के आदेश तत्काल वापस ले: ओम शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नया रायपुर के आदेश अनुसार प्रदेश के समस्त प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों को समस्त प्रकार के अवकाश जिसमें आकस्मिक अवकाश, एक्छिक अवकाश, अर्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश, प्रसूति अवकाश, मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश और अन्य सभी प्रकार के अवकाश ऑनलाइन आवेदन करने पर ही मान्य किया जाएगा अन्यथा शिक्षकों को कार्य पर अनुपस्थित माना जाएगा। इस प्रकार के अव्यवहारिक और तुगलकी आदेश का विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय रायपुर को ज्ञापन प्रेषित कर इस आदेश को तत्काल वापस लेने हेतु निर्देश देने की मांग की है। शर्मा ने कहा कि कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां नेटवर्क की समुचित सुविधा नहीं है तथा कर्मचारियों को मोबाईल या उससे संबंधित किसी प्रकार का भत्ता भी प्रदान नहीं किया जाता यू डाइस, छात्रवृत्ति आदि कई ऑन लाईन विभागीय कार्यों को भी कर्मचारियों के मत्थे छोड़ दिया जाता है जिससे उन्हें इंट्री कार्य में च्वाइस सेंटर का चक्क र काटना पड़ता है ऐसे में ऑनलाइन अवकाश आवेदन किस प्रकार से किया जा सकेगा जो कि बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि आकस्मिक अवकाश का अर्थ ही अचानक स्वास्थ्यगत कारण या जरूरी कार्य आने की वजह से शिक्षक आकस्मिक अवकाश लेता है । आकस्मिक अवकाश को पूर्व से ही आवेदन करना तर्कसंगत तथा न्यायिक नहीं होगा तथा प्रदेश में केवल शिक्षा विभाग और शिक्षक ही प्रयोगशाला बना हुआ है। कुछ भी गैर जरूरी आदेश केवल शिक्षकों पर ही लागू किया जाता है। अतः शिक्षा विभाग और शिक्षकों पर प्रयोग करना बंद किया जाए।

# जनसमस्या निवारण शिविर अब सोनाखान में

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था जिसके स्थान पर संशोधन करते हुए अब सोनाखान में 25 अक्टूबर 2024 को शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी विभागों के अधिकारी विभागीय अमलों के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर के माध्यम से लोगों की समस्या, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदनों का निराकरण यथासंभव स्थल पर ही किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में शामिल होकर लोग अपनी समस्या व शिकायत का समाधान करा सकते हैं।

# फिल्ड में जाकर शुद्धतापूर्वक करें गिरदावरी कार्य : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राजस्व त्रुटि सुधार के नए मॉड्यूल के सम्बन्ध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यशाला में पटवारी एवं तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने 1 अगस्त से शुरु हुए गिरदावरी कार्य को गंभीरतापूर्वक एवं शुद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पटवारी गिरदावरी के लिए फिल्ड में जाएं और जितनी रकबा में जो फसल लगी है उसकी वास्तविक जानकारी दर्ज करें। गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों के जमीन का रकबा तय होता है इसलिये गिरदावरी को गंभीरतापूर्वक करें। उन्होने कहा कि कार्य में लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता क्षम्य नहीं होगी और सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा तहसीलदार को त्रुटि सुधार के लिए अधिकृत किया गया है लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण करें। त्रुटि सुधार हेतु नए मॉड्यूल भी लांच की गई है। नए माड्यूल में त्रुटि सुधार के लिए पटवारियों को प्रशिक्षण में सभी जानकारी दें तथा किसी प्रकार की दिक्कत या सुझाव हो तो प्रोग्रामर को बताएं ताकि राज्य स्तर पर जरुरी सुधार किया जा सके। कार्यशाला में त्रुटि सुधार के नए मॉड्यूल के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही संकलन, विलोपन एवं ऑनलाइन त्रुटि सुधार की बारीकियों को बताया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित सभी तहसीलदार एवं पटवारी उपस्थित थे।

# वनांचल मल्दामाल में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द्र मांझी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी एन दीवान के निर्देशन एवं संकुल प्राचार्य हेमन्त कुमार बाघ के अध्यक्षता, ग्राम पंचायत पतेरापाली के उपसरपंच मनोज सुरजाल मुख्यातिथि, शिक्षाविद छोटेलाल सोना तथा जिला से निरीक्षण अधिकारी जे एस नायक के उपस्थिति में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक संकुल केंद्र मलदामाल के शा.उ.मा शाला मलदामाल में सम्पन्न हुआ। बैठक के शुभारंभ में माँ सरस्वती की पूजा अर्चन से हुआ पालक शिक्षक मेगा बैठक में 22 महिला पालक व 143 पुरूष पालक, 2 जनप्रतिनिधी, 1 शिक्षाविद , संकुल के 16 शिक्षक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम संकुल प्राचार्य हेमन्त बाघ ने पालक शिक्षक मेगा बैठक के उद्देश्य को बताया। उसके पश्चात मेरा कोना के विषय पर प्रेमलाल बरिहा प्रधान पाठक शा प्रा शाला सरगुनाभांठा, छात्र दिनचर्या पर युधिष्ठिर साहू प्रधानपाठक शा प्रा शाला अमलीपदर विद्यार्थी ने आज क्या सीखा पर हृषिकेश भोई प्रधानपाठक शा प्रा शाला गौरबहाली, बच्चा बोलेगा बेझिझक पर सुरेशिनि भोई प्रधानपाठक शा प्रा शाला कस्तुराबहाल, बच्चों की अकादमिक प्रगति पर मोहित स्वाई व्याख्याता शा.उ.मा.शा. मलदामाल, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना विषय पर दशरथ नन्द प्रधानपाठक शा प्रा शाला समदरहा, बस्ता रहित शनिवार पर नवीन मिश्रा शिक्षक शा उच्च प्रा शाला पड़कीपाली, विद्यार्थियों के आयु, कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण विषय पर नन्दकुमार जयसवाल शिक्षक शा उच्च प्रा शाला पतेरापाली, जाति प्रमाण पत्र पर प्रफुल्ल बरिहा सहायक शिक्षक शा प्रा शाला सहाजपानी, न्योता भोज पर वाल्मिकी यादव प्रधानपाठक शा प्रा शाला पड़कीपाली, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति विषय पर सुकलाल यादव प्रधानपाठक शा प्रा शाला मलदामाल, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा के पर द्वितीयवाहन मांझी शिक्षक शा उच्च प्रा शाला मलदामाल के द्वारा एक एक करके पालकों से चर्चा किया गया । इसी सत्र में नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने वाले कस्तुराबहाल के बच्चे कु. सुस्मिता बाघ पिता अजय बाघ, कु. सीमा छत्तर पिता कुलमणी छत्तर तथा एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयनित यश भोई पिता चतुर्भुज भोई , कक्षा 10 वीं में शाला में प्रथम स्थान प्राप्त कु. सिद्धि साहू पिता मनोरंजन साहू कक्षा 12वीं से कु. गौरी महाकुर पिता जेजेराम महाकुर पालकों का सम्मान किया गया ।

# पी.एम.श्री. स्कूल चनाट मे पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पी.एम.श्री.स्कूल चनाट मे शासन के निर्देशानुसार पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजन किया गया,जिसका उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना। बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगिण विकास हेतु विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना एवं बच्चों को काउंसीलिंग कर तनाव मुक्त करना। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की स्थापित मूर्ति मे दीप अगरबत्ती जलाकर मुख्य अतिथियों एवं शिक्षाविदों द्वारा पूजन अर्चन की गई। तत्पश्चात, उपस्थित पालकों को बच्चों की अकादमिक प्रगति, परीक्षा पर चर्चा, स्वास्थ्य परिक्षण, पोषण जानकारी, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म, बस्ताविहीन शनिवार, न्योता भोज आदि बिंदु पर चर्चा कर पालक शिक्षक मेगा बैठक के उद्देश्यों को प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक द्वारा बताया गया। तत्पश्चात सत्र 2023-24 मे टॉपर बच्चों के पालकों को सम्मानित किया गया. बैठक मे मोहन पटेल, कमलदेव पटेल,कुंजन पटेल, देवेश पटेल, संतलाल पटेल, उदल पटेल डोलामणि पटेल, करन पटेल, निलकुमार पटेल, संजय पटेल, संकुल समन्वयक रोहित पटेल एवं समस्त पालकगण, शिक्षाविद आदि 50 की संख्या मे उपस्थित हुए। नोडल अधिकारी सुरेश पटेल जनपद पंचायत बसना द्वारा शानदार उद्बोधन एवं प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक के आभार व्यक्त पश्चात् कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

# विनेश फोगाट अयोग्य घोषित होने पर खेल प्रेमियों के बीच मायूसी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारती पहलवान विनेश फोगाट ने एक दिन में तीन दिग्गज पहलवानों को चित कर इतिहास रच दिया था वे बुधवार को फाइनल गोल्ड मेटल के लिए दाव लगा रही थी सुबह उनके बड़े हुए वजन से बड़ा उलटफेर हो गया।

बलौदा बाजार में जैसे ही यह खबर विनेश अयोग्य घोषित किया गया खेल प्रेमियों में निराशा हुई हमारे नगर के संवाददाता दिलीप माहेश्वरी ने नगर वासियों से खेल प्रेमियों की राय जानी । खेल प्रेमी पंकज यदु ने कहा मीडिया में दिखा लोगों का दर रोया हर दिल, सोशल मीडिया पर दिखा लोगों का दर्द विनेश फोगाट के सेमीफाइनल के बाद हर भारतवासी उनसे गोल्ड की उम्मीद लगाए बैठा था. विनेश के ओलंपिक से बाहर होने की खबर पर रोया हर दिल, सोशल मीडिया पर दिखा लोगों का दर्द विनेश फोगाट ओलंपिक से बाहर होने पर मन दुखी हुआ । सुनीता वर्मा ने कहा भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने जो दम दिखाया उसका हर कोई फैन हो गया था. विनेश ने रात ही सेमीफाइनल जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी. उनकी इस कामयाबी पर पूरा देश फक्र कर रहा था. विनेश गोल्ड जीतने से महज एक कदम दूर थी, उनका फाइनल मुकाबला भी ज्यादा दूर नहीं था. लेकिन फाइनल मुकाबले से पहले ऐसी खबर आई जिसने हर किसी का दिल तोड़ दिया। इसी के साथ विनेश फोगाट का ओलंपिक मेडल का जीतने का सपना भी चकनाचूर हो गया हम पूरे खेल प्रेमी निराश हुए। खेल प्रेमी योगेश अग्रवाल ने कहा देश की 140 करोड़ उम्मीदो की एक आवाज थी कि इस बार विनेश फोगाट गोल्ड मेडल लेकर आएगी यह पूरी उम्मीद थी गोल्डमेटल नहीं आने से दुख हुआ। खेल अनुसार फाइनल से पहले विनेश फोगाट का वजन तय सीमा से अधिक था, जिसके कारण उन्हें फाइनल से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया है. सूत्रों के अनुसार 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फोगाट को फाइनल खेलने से वंचित कर दिया गया है। विनेश फोगाट के ओलंपिक फाइनल से डिस्क्वालिफाई होने पर सोशल मीडिया पर भी लोगों की प्रतिक्रिया आने शुरू हो गई है. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं. काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं. चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हरियाणा की 29 वर्ष की विनेश ने क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5 - 0 से हराकर पेरिस ओलंपिक में महिला कुश्ती स्पर्धा के 50 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के लिए मुकाबला होना था। मंगलवार के मुकाबलों के लिए वजन किया गया था. लेकिन नियम के अनुसार, पहलवानों को प्रतियोगिता के दिनों में अपने वजन वर्ग में ही रहना होता है. विनेश पहली बार 50 किलो ग्राम वर्ग में खेल रही हैं, इससे पहले वो 53 किलो ग्राम वर्ग में हिस्सा लेती थी. सूत्रों ने बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उसे शेष 100 ग्राम वजन कम करने के लिए कुछ और समय देने का अनुरोध किया, लेकिन ओलंपिक समिति अयोग्य घोषित कर दिया।

# संकुल केंद्र खोकसा में पालक शिक्षक मेगा बैठक संपन्न

## बैठक में पालकों एवं शिक्षकों के मध्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बनी रणनीति

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com





संकुल स्तरीय पालक, शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन कार्यक्रम संकुल केंद्र खोकसा में रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में संकुल स्तर के शिक्षक व पालक गण उपस्थित थे। बैठक में 12 बिंदुओं पर पालकों और शिक्षकों के समक्ष चर्चा की गयी। संकुल स्तरीय पालक, शिक्षक मेगा बैठक का शुभारंभ खोकसा संकुल प्रभारी एवं नोडल प्राचार्य पंचानन ठाकुर, समन्वयक टीआर पटेल, रोहिना हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि रत्थूलाल दीवान, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष दादू लाल चौहान द्वारा मां सरस्वती की पूजार्चना के साथ किया गया । सर्वप्रथम बैठक एजेंडे में शामिल मेरा कोना विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि पढ़ने लिखने के लिए एक विशेष मानसिक स्थिति की आवश्यकता होती है जिसके लिए बच्चों को पढ़ने के लिये कमरे का एक कोना मुहिया कराया जाए जहां पर प्रकाश एवं हवा की समुचित व्यवस्था हो। उन्हें कॉपी पुस्तक कलम खोजने में समय गंवाना न पड़े। पढ़ने लिखने के लिए एक विशेष मानसिक स्थिति की आवश्यकता होती है। मनः स्थिति ठीक हो तो कोई भी विषय की पढ़ाई हो सकती है। प्रधान पाठक एनपी नायक ने छात्र के दिनचर्या विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि सोने से लेकर जागरण तक पालकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों के आहार में फास्ट फूड की बजाय पौष्टिक भोजन को शामिल करने की सलाह दी। बच्चों की सुबह शाम की दिनचर्या में पढ़ाई भी शामिल हो। शिक्षक मोहित बरिहा ने बच्चों ने क्या सीखा विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि पालकों को चाहिए कि बच्चा जब घर पहुंचे तो उनसे शांत माहौल में एक बार जरूर चर्चा करें कि आज वह क्या-क्या सीखा है अगर इस तरह आदत डालेंगे तो उनमें स्कूल में सीखने के प्रति ललक बढ़ेगी और साथ में बताने की उत्सुकता भी होगी नंदकुमार चौहान ने बच्चा बेझिझक बोल पाए इसके लिए प्रेयर एवं कक्षा में मंच प्रदान किये जाने की जानकारी दी। पद्मिनी भोई ने पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, एके पटेल ने बस्ता रहित शनिवार, गीता पटेल ने विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, लखन लाल चन्द्रवंशी ने न्योता भोज, चंद्रकांत चौरसिया ने डिजिटल प्लेटफॉर्म विषय पर बालकों के मध्य अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का संचालन एके जायसवाल ने की।अंत में संकुल समन्वयक टीआर पटेल द्वारा पालक शिक्षक मेगा बैठक के औचित्य प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहिया कराने में पालकों की बड़ी भूमिका हो सकती है। संकुल प्रभारी पी एन ठाकुर ने पालकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस कार्यक्रम का समापन की घोषणा की । इस कार्यक्रम में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूल के शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 61वां निशुल्क विकलांग शल्य शिविर संपन्न

## बलौदा बाजार के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के एस बाजपेयी का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 61वां निशुल्क विकलांग शल्य शिविर चिकित्सालय में आयोजन हुआ इसमें 31 लोगों ने पंजीयन कराया था सभी की जांच की गई और 18 के पैर टेढ़े मेढ़े और छोटे हो गए थे ऐसे लोगों का चयन किया गया था जिन लोगों की उम्र 25 साल तक थी उनका भी चयन किया गया था इनका ऑपरेशन रविवार को किया गया ऑपरेशन के बाद एक सप्ताह तक जिला अस्पताल में रहकर इनका पूरा निरीक्षण किया गया भोजन और दवा का खर्च परिषद द्वारा उठाया गया 2 महीने बाद इन्हें फोलो अप के लिए बुलाया जाएगा फिर उनके पैरों का एक्स-रे स्क्रीनशॉट लेकर स्थिति देखी जाएगी। बलौदा बाजार के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बाजपेई 1985 विकलांग शिविर शुरुआत की थी 2000 सन में चेतना विकलांग परिषद कार्य का प्रोटेक्शन समय-समय पर शिविर पर जाते रहे तीन बार प्रेजेंट अप्रिशिएसन अवार्ड से भी सम्मानित किया गयाअखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल राज्य भाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विनय पाठक समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालिका श्रद्धा डॉक्टर जीएल अरोरा डॉक्टर के एस बाजपेई जिला चिकित्सा के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल गुप्ता ने किया।

# संपर्क 92018-99925 के माध्यम से आमजन दर्ज करा सकते है शिकायत, फोन से ही ग्रामीणों को मिलेंगी योजनाओं की जानकारी

## कलेक्टर ने वीडियो कॉल के जरिए 5 गांव के ग्रामीणों से बातचीत कर संपर्क सुविधा केंद्र का किया शुभारंभ

- कलेक्टर ने वन टू वन कर गांव की समस्याओं के संबंध में ली जानकारी, ग्रामीण भी कलेक्टर से बातचीत कर हुए गदगद

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




नवाचारी पहल के तहत जिले में आम जनता के समस्याओं, मांगो के निराकरण, योजनाओं की जानकारी सहित सुझाव प्रदान करने के उद्देश्य से संपर्क 92018-99925 की स्थापना संयुक्त जिला कार्यालय में की गई है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे ही अपनी मागों समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण सहित योजनाओं संबधित जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी। आज कलेक्टर दीपक सोनी ने वीडियो कॉल के जरिए 5 गांव के ग्रामीणों से बातचीत कर संपर्क सुविधा केंद्र का संचालन प्रारंभ किया। कलेक्टर सोनी ने बताया कि जिले का कोई भी व्यक्ति 92018-99925 फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न केवल इसमें शिकायत बल्कि रूटिन में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी जायेगी। इसके लिए बकायदा रूटिन में अधिकारी कर्मचारियों की विभागवार ड्यूटी भी लगायी गई है। जो भी शिकायतें दर्ज करायी जायेगी उनका लगातार मॉनिटरिंग करते हुए उन्हे अलग से समय सीमा में दर्ज की जा रही है। जिससे तेजी से उनके समस्या समाधान हो सके। उक्त सुविधा केवल कॉल के जरिए नहीं बल्कि वाट्सप के माध्यम से भी किया जा सकता है। 5 गावों में विकासखण्ड कसडोल से ग्राम कुम्हारी, पलारी से जर्वे, सिमगा से बिनैका, भाटापारा से मोपका एवं बलौदाबाजार से बगबुड़ा शामिल है। जहां पर ग्राम पंचायतों में वीडियों कॉल के जरिए जनप्रतिनिधि, मितानिन, महिला स्व-सहायता समूह सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर सोनी से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्राम कुम्हारी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के कार्य लम्बे समय से नहीं चलने के संबंध में जानकारी प्रदान की। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही निराकरण के आश्वासन दिए है। इसी तरह ग्राम बिनैका के ग्रामीणों ने फौती नामांतरण के कार्य नहीं होने भवन निर्माण के कार्य अधुरे होने की जानकारी कलेक्टर को दी है। इसी तरह ग्राम जर्वे के ग्रामीणों ने अतिक्रमण संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर ने भी ग्रामीणों से पेयजल की समस्या, महिला स्व सहायता समूह के कामकाज, विद्युत एवं रोड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही साथ उन्होनें दस्तक अभियान से संबंधित जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा किए। इस दौरान अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, जिला सूचना अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, उप संचालक पंचायत सुरेश कंवर सहित संपर्क केन्द्र के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय बैठक दिल्ली में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन गत दिवस रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्युशन क्लब स्पीकर हॉल नई दिल्ली में रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अध्यक्षता अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय दत्त क्षीर सागर राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री अरुण भष्मे छत्तीसगढ़ साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न राज्यों से अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के पदाधिकारी गण पहुँचे हुए थे। इसी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाटापारा के विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए नवनिर्वाचित विधायक सांसदों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही सामाजिक कार्य हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चाएं की गई सम्मान समारोह में भाटापारा विधायक इन्द्र साव को साल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि बड़ी सौभाग्य की बात है कि मुझे इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आने का अवसर मिला देशभर से आए साहू समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी को बधाई अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यो के सामाजिक जनों से मुलाकात एवं एक दूसरे को जानने पहचाने का अवसर मिला आज छत्तीसगढ़ के साहू समाज की एकता की सराहना न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश में की जाती है समाज से बड़ा कोई नहीं होता समाज में एकता हो तो हमे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि साहू समाज के उत्थान के लिए हमेशा आगे रह कर सहयोग एवं कार्य करता रहूंगा समाज के सभी वरिष्ठ जनों को मैं प्रणाम करता हूं आप सभी बड़ो के आशीर्वाद से ही मैं आज यहां तक पहुंचा हूं मैं हृदय से समाज के वरिष्ठजनों को धन्यवाद देता हूं इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहू समाज से देश भर के समाज से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण सहित साहू समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य समाज के वरिष्ठजन पदाधिकरी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 23 अगस्त तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 23 अगस्त 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-01 (जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई) में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र राजीव गांधी नगर-2 नगर पालिक निगम भिलाई वार्ड क्रमांक 19 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद की भर्ती की जानी है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 से मिली जानकारी अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जाएगी। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी)। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में नगरीय क्षेत्र में संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद तथा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत् रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। अनुभवी कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका होने पर, गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति, जनजाति परिवार की महिला होने पर तथा विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में आठवी तक अध्यन करने पर अतिरिक्त अंक दिये जाएंगे। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी की गई स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि किसी उम्मीद्वार द्वारा अस्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उसकी वैधता अवधि समाप्त न हुई हो साथ ही उसे शपथ पत्र देना होगा कि छह माह में स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे ।

# सर, प्यून कब आएगा?, 22 स्कूलों का सवाल अधिकारियों से

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



सर, प्यून कब आएगा? खंड क्षेत्र की 22 स्कूलों का यह सवाल अधिकारियों को परेशान कर रहा है। दरअसल 74 स्वीकृत पद की तुलना में महज 17 प्यून, स्कूलों में है। शेष 57 पद रिक्त हैं। हद ही है कि टीचर ही नहीं, प्यून का भी इंतजार कर रहीं हैं हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलें। ऐसे में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के पूर्व की तैयारी, कई तरह की परेशानियों के साथ स्कूलों में प्रवेश कर चुकी है। क्या हल है? जैसे सवालों के साथ प्यून के लिए डिमांड भेजे जा रहे हैं।

### भृत्य विहीन स्कूलें

शासकीय हाई स्कूल अकलतरा में स्वीकृत सभी तीन पद रिक्त हैं। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खपरी एस और ग्राम पासीद के लिए क्रमशः एक-एक पद स्वीकृत है लेकिन दोनों जगह प्रतीक्षा है प्यून की। ग्राम कोदवा, मोपर, मोपका में भृत्य के चार-चार पद स्वीकृत हैं लेकिन तीनों स्कूल भृत्य विहीन है। कोसमंदा की हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए भृत्य के पांच पद मंजूर है लेकिन यहां भी भृत्य नहीं हैं। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर भी रिक्त 3 पदों पर जल्द तैनाती की राह देख रहा है। शहर की पंचम दीवान हायर सेकेंडरी स्कूल और रामसागर पारा हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमशः 4 और 3 रिक्त पदों के साथ भृत्य विहीन स्कूलों की सूची में शामिल है।

### चाहिए 74, हैं 17

खंड शिक्षा क्षेत्र की 22 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में दैनिक कामकाज के लिए भृत्य के 74 पदों की स्वीकृति दी गई है। अव्यवस्था यह है कि महज 17 भृत्य ही नियमित सेवा दे रहे हैं। शेष 57 पद रिक्त हैं। कब होगी व्यवस्था ? सवाल के जवाब फिलहाल तो नहीं मिल रहे हैं।

### अपने स्तर पर यह व्यवस्था

स्कूल प्रवेश उत्सव के साथ नई शिक्षा सत्र की शुरुआत तो हो चुकी है लेकिन भृत्य के नहीं होने से स्कूल प्रबंधन, सफाई कर्मियों की मदद से साफ-सफाई और कार्यालयीन काम करवा रहे हैं। हालांकि काम के एवज में राशि देनी पड़ रही है लेकिन आवश्यक है यह काम इसलिए मंजूर है मेहनताना का दिया जाना।

> स्कूलों में प्यून की दिक्क त को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय को जानकारी भेजी गई है। अस्थाई तौर पर शाला विकास निधि की राशि का उपयोग, स्कूलें कर सकती हैं।
> - रामजी पाल, बीईओ, भाटापारा

# व्यापारी के घर घुसकर मारपीट करने वाले पांच आरोपियों पर मामला दर्ज

**सरायपाली।** एक व्यापारी के घर घुसकर पांच लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। ने मामले में सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस घटना के बाद व्यापारियों में व सामाजिक लोगों में काफी है। थाना से मिली जानकारी अनुसार वार्ड-12 सरायपाली निवासी नरेश अग्रवाल पिता रामकिशन अग्रवाल ने थाना में रिपोर्ट कि विगत 4 अगस्त रात्रि 9. 20 को वह घर में परिवार सहित था। तभी घर की घंटी बजी, जब वे गेट के पास गए तो दीपक सतपथी खड़ा था। प्रार्थी को देखकर देना शुरू कर दिया। उसने कहा कि मेरे भाई को गाली-गलौज करता है कहकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। मना करने पर नहीं माने। इतने में अमित पाणिग्राही, गोलू सतपथी, शेख मकसूद उर्फ बिट्टू एवं केशर मिर्जा आ गए। घर के अंदर घुस गए। हाथ व डंडा से मारपीट शुरू कर दी। उनकी पत्नी संजू अग्रवाल, पुत्र यश अग्रवाल, नकुल अग्रवाल भी इतने में आ गए लेकिन सभी लोगों से उन्होंने मारपीट की। जिससे प्रार्थी के पीठ व ओट, उनकी पत्नी के बाएं हाथ की कलाई व चेहरा, उसका लड़का यश अग्रवाल के बदन व नकुल अग्रवाल के बाएं हाथ व पीठ में चोट लगी है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 333, 351 (2) व 3(5) के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। एक व्यापारी के घर घुसकर पूरे परिवार लोगों के साथ मारपीट किए जाने से व्यापारियों व सामाजिक लौगें में काफी आक्रोश है।

# ग्राम विकास की उम्मीद करना बेईमानी, पंचायत भवन कबाड़ में तब्दील



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंचायती राज का उद्देश्य जिलों, अंचलों और गांवों में स्थानीय स्वशासन का विकास करना है लेकिन पंडरिया जनपद पंचायत के वनांचल ग्राम पंचायत डालामौहा में स्वयं का भवन नही है। तो ग्राम विकास का चर्चा करने के लिए पंचायत पदाधिकारी कैसे एक स्थान पर इकठ्ठा होते होगे और सरकारी काम काज का संचालन किस स्थान से होता होगा । यह एक बड़ी चुनौती है। पंचायत का मुखिया अपने कार्यालय का मरम्मत नहीं करा सकता तो ग्राम पंचायत का विकाश कैसे होता होगा यह चिंतनीय है साथ ही सरकारी धन का सदुपयोग किस तरह से होता होगा यह एक गंभीर चिंतनीय है।

### पंचायत भवन कबाड़ में तब्दील

पंचायती राज संस्थाओं का गठन 1993.94 में किया गया है और छत्तीस गढ़ राज्य का गठन 2000 में हुआ है । आज तक ग्राम पंचायत सक्षम नहीं हो पाया। वनांचल ग्राम पंचायत डालामौहा में स्वयं का भवन नही है। विद्यालय परिसर में जो भवन पहले बना हुआ था वो जर्जर हो गया। उसके बाद ठीक उसी के सामने एक सरकारी भवन है उसमे पंचायत कार्यालय का बैनर लगाकर कब्जा कर लिया है। उक्त भवन के चैनल गेट खराब, कमरा के बरामदा में असामाजिक तत्वों का डेरा साथ ही बैठने के लिए रखे स्टील की कुर्सी भी टूटा हुआ हालत में पड़ा हुआ है। भवन की हालत को देखने से ऐसा लगता है कि पंचायत पदाधिकारी उस भवन पर बैठना तो दूर झांकने भी नही जाते होंगे।

### पंचायत भवन के सामने गंदगी और घास

सरकार एक तरफस्वच्छता अभियान शुरू किया है। गांवो को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी और निगरानी का कार्य पंचायत पदाधिकारीयो को सौप कर रखे हुए है लेकिन जिस पंचायत में स्वयं का भवन नही है और जुगाड के भवन में कार्यालय संचालित किया जा रहा है। उसके सामने गाजर घास सहित अन्य गंदगी फैली हुई है। उनसे ग्राम विकास की उम्मीद करना बेईमानी है । जो स्वयं के कार्यालय को साफसुथरा नही रख सकता वो पंचायत का क्या विकास कर पाएगा ।

### विकास के नाम पर खानापूर्ति

ग्राम पंचायतों के विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित किया जाता है। ग्राम विकास के लिए पंचायत को कार्य एजेंसी बनाया जाता है लेकिन उक्त पंचायत में छोटे बड़े सभी कार्य को पंचायत पदाधिकारियों ने ठेके पर देकर पूर्ण कराया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि मेन रोड के किनारे जो नाली बना हुआ है उसे भी ठेके पर देकर बनाया गया है। यहां पर सभी कार्य को ठेका दे दिया जाता है। कार्य में गुणवत्ता दिखाई नही देता केवल कमीशन खोरी में लोग मस्त रहते हैं।

### जांच की आवश्यकता

ग्राम पंचायत डालामौहा में ग्राम विकास के लिए शासन से जितना भी राशि विभिन्न योजनाओं से प्राप्त हुआ है और पंचायत व्यय किया है उन सभी को समिति गठित कर सूक्ष्म जांच करने से तरह तरह की गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

# कलेक्टर ने की सड़क निर्माण विभागों के कार्यों की समीक्षा

## निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से निर्माण कार्य को पूरा कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वीकृत, प्रगतिरत, पूर्ण तथा अप्रारंभ कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले में प्रगतिरत सभी सड़क निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए हैं।

इसके साथ ही बरसात से प्रभावित सड़कों को भी शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए है। जिसमे मुख्य रूप से सिमगा मार्ग, रिसदा चौंक, बलौदाबाजार से सुहेला मार्ग, मुढ़ीपार से पिपरछेढ़ी, पुटपूरा से दौनासर मार्ग, लवन से सीरियाडीह, चिचिरदा चौंक से गांव पहुंच मार्ग, बलौदाबाजार से दशरमा रोड, कोदवा से देवसुंदरा मार्ग, रोहरा से दौरेंगा मार्ग, कसडोल-बया, चादन, सोनाखान गिधौरी मार्ग, भाटापारा सेमरिया घाट पुल, हथबंध सिमगा मार्ग, सेमरिया ब से मटिया मार्ग पुल सहित अन्य मार्ग शामिल है। इसके साथ ही कलेक्टर सोनी ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों से जिले में गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माणाधीन कार्यों के पूरा होने की अवधि की जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में ई ई पीडब्लूडी ईई वर्मा ने अपने विभाग के प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्यों की जानकरी दी। उक्त बैठक में लोक निर्माण विभाग,एडीबी, नेशनल हाईवे, पीएमजीएसवाय आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएमओ सहित 2 अन्य कर्मचारियों का निलंबन हेतु प्रस्ताव शासन को किया प्रेषित, 2 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस किया जारी

# व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर ने किया भाटापारा नगर के विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

- नगर पालिका कार्यालय में मिली भारी अव्यवस्था, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी व्यवस्थाओं का जायजा लेने भाटापारा नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद कार्यालय, सिविल हॉस्पिटल, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सहित नगरीय निकाय में जारी जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सोनी को भाटापारा नगर पालिका परिषद कार्यालय में भारी अव्यवस्था मिली जिस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके में ही कामकाम में अनिमियता बरतने एवं गलत जानकारी देने के चलते 2 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस किया जारी किया है। जिसमें सहायक राजस्व निरीक्षक अजय नायडू, भुवनेश्वर साहू, शामिल है। इसके साथ ही सीएमओ अजय बहादुर सहित 2 अन्य कर्मचारियों सुरेश साहू, स्थापना प्रभारी मनोरमा दीक्षित का निलंबन संबंधी प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आएं आम नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याओ के बारे में जानकारी हासिल की अधिकतर आवेदन सफाई संबधी,राशन कार्ड एवं भवन अनुज्ञा संबधित थे। इस दौरान पार्षदों ने भी कलेक्टर से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर शहर के समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही कलेक्टर सोनी ने नगर के वार्ड क्रमांक 23 मुंशी स्माइल वार्ड में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर विभागवार प्राप्त कुल आवेदन एवं उसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर दीपक सोनी सुबह ओपीडी के समय ही सिविल हॉस्पिटल में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पूरे हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं चेकअप कराने आये मरीज़ो से बातचीत कर उनका हाल चाल जाना। भर्ती हुए मरीज ग्राम राजाढार निवासी 30 वर्षीय प्रशांत से कलेक्टर ने पूछा कि कब से भर्ती हो एवं खाना मिलता है कि नही जिस पर उसने जवाब देते हुए बताया कि मैं कल रात डायरिया की शिकायत के चलते भर्ती हुआ हु मुझे यहां पूरा खाना और दवाई सही समय में मिल रहा है। इसी तरह कलेक्टर ने मरीजों के परिजनों से पूछा की यहां की व्यवस्था ठीक है? डॉक्टर आते है चेकअप करनें की नहीं। जिस पर वर्मा ने बताया कि समय समय मे डॉक्टर भी नियमित रूप से निरीक्षण करनें आते है एवं हम लोगों को हॉस्पिटल में नियमित रूप से भोजन मिलता है। निरीक्षण के दौरान उल्टी दस्त के मरीज भी मिले जिस पर कलेक्टर ने सभी डॉक्टरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सोनी ने इस दौरान ओपीडी, मेडिकल स्टोर, विभिन्न वार्ड, नेत्र वार्ड, हमर लैब सहित अन्य कक्षो का भी मुयाना किया। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश सीजीएमएसई के अधिकारियों को दिए है। इसी तरह सोनी ने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।

# स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में प्रवेश तिथि में वृद्धि

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय आदेश के तहत स्नातक स्तर पर संचालित (बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बी.सी.ए. विवेकानन्द महाविद्यालय) एवं (बी.ए., बी.एससी. बी.कॉम. कन्या महाविद्यालय) तथा स्नातकोत्तर स्तर प्रथम सेमेस्टर (एम.ए. राजनीति शास्त्र, एम.ए. समाजशास्त्र, एम.कॉम., एम.एससी. रसायनशास्त्र, पी.जी.डी.सी.ए.) रिक्त सीटों पर प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में प्रवेश की तिथि में वृद्धि की गई है. महाविद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. एसजीजीसीजी.इन में पंजीयन कर महाविद्यालय में प्रवेश समिति से अनुशंसा कराने के उपरान्त कार्यालय से चालान प्राप्त कर निर्धारित शुल्क बैंक में जमा कर महाविद्यालय चालान की प्रति उसी दिन कार्यालय में जमा करें, जिससे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आपका प्रवेश सुनिश्चित हो सके। प्रवेश रिक्त सीटों पर ही दिया जायेगा। अतः शीघ्रतिशीघ्र प्रवेश प्राप्त करें। इस हेतु महाविद्यालय में 16.अगस्त .2024 दोपहर 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से अनुशंसा कराकर चालान प्राप्त कर लें ताकि समय से बैंक की कार्यवाही उपरान्त विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 16 अगस्त 2024 को एडमिट किया जा सके।

## संपादकीय

# बांग्लादेश में विद्रोह शेख हसीना का इस्तीफा

**बांग्लादेश में विद्रोह** के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और वे भारत आ गईं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना 'दीवाल की लिखावट' नहीं पढ़ पाईं। जनता उनके खिलाफ हो गई थी। उनके सामने इस्तीफा देने और मित्र देश भारत भाग आने के सिवा कोई और रास्ता नहीं था। पिछले कुछ महीनों से विरोध प्रदर्शनों ने बांग्लादेश को पंगु बना दिया था। शुरुआती चिनगारी छात्रों की इस मांग से लगी कि स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों को मिल रहा आरक्षण समाप्त किया जाए जो बाद में राजनीतिक सुधारों और हसीना के इस्तीफे की मांग में बदल गई। प्रदर्शनकारियों व सुरक्षा बलों के बीच हिंसक टकरावों में 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद यह अशांति अपने शिखर पर पहुंच गई। आखिरकार प्रदर्शनकारियों ने हसीना के आधिकारिक आवास पर हमला बोल दिया। शेख हसीना का राजनीतिक कॅरियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। वे बांग्लादेश के संस्थापक तथा पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। हसीना की राजनीतिक यात्रा 1975 में उनके पिता तथा परिवार के अधिकांश सदस्यों की हत्या के बाद शुरू हुई। बाद में बांग्लादेश के सैनिक शासनों के दौरान वे भारत में निर्वासित रहीं। हसीना को 1981 में अवामी लीग का अध्यक्ष चुनाव गया और इसके बाद वे बांग्लादेश चली गईं। उन्होंने अवामी लीग को पुनर्जीवित कर इसे महत्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति बनाने में सफलता पाई। अवामी लीग के आम चुनाव में विजय पाने के बाद शेख हसीना 1996 में प्रधानमंत्री बनीं। भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता के आरोपों के कारण उनकी पार्टी को 2001 में पराजय का सामना करना पड़ा। लेकिन



2008 के चुनाव में अवामी लीग की असाधारण विजय के बाद वे 2009 में सत्ता में वापस आईं। इसके बाद 2009-2024 तक के उनके प्रधानमंत्री कार्यकालों में काफी आर्थिक प्रगति हुई, पर स्वेच्छाचारी कार्यशैली के कारण अंतत: उनका पतन हुआ। अपने कार्यकाल में उन्होंने सत्ता अपने हाथों में केन्द्रित करने के प्रयास किए जिससे उन पर 'तानाशाही' तथा 'विरोध को कुचलने' के आरोप लगे। लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि उनके नेतृत्व में बांग्लादेश ने गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तीकरण तथा प्रमुख विकास लक्ष्य पाने में उल्लेखनीय सफला प्राप्त की। 15 साल के लंबे शासनकाल के बाद वे संभवत: जमीनी यथार्थ से कट गई थीं। उन्होंने प्रदर्शन करने वाले लोगों को गद्दार कहा, कर्फ्यू लगाया तथा उन पर गोली चलाने के आदेश दिए। यह भयंकर गलती थी जिसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ा। उनके पतन से नई दिल्ली चिन्तित है। भारत को अब बंगाल की खाड़ी में विपरीत राजनयिक माहौल का सामना करना पड़ेगा। हसीना सरकार के विकल्पों में दक्षिणपंथी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी, जातीय पार्टी और सेना है। ये सभी भारत को एक प्रभुत्वकारी शक्ति मानते हैं और उसे किनारे रखना चाहेंगे। बांग्लादेश में अस्थिरता खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत की सुरक्षा चिन्ता बढ़ाने वाली है। शेख हसीना की विदाई ने राजनीतिक परिस्थितियां व्यापक रूप से बदली हैं। हसीना के स्थान पर चाहे जो आए, भारत-बांग्लादेश संबंध प्रभावित हो सकते हैं। बांग्लादेश अब चीन के निकट जा सकता है। ऐसे में नई दिल्ली को अंतरिम सरकार से बेहतर संबंध बनाते हुए बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी, जातीय पार्टी तथा सेना के जनरलों से अच्छे संबंध बनाने होंगे। बांग्लादेश में नए चुनाव होने तक वहां अस्थिरता बने रहने तथा विभिन्न पक्षों के बीच संघर्ष तेज होने की संभावना है।

# किसान कंगाल, खेती बदहाल, किसने किया यह हाल ?



डॉ राजाराम त्रिपाठी
अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)

**'मरीज** ए इश्क पर रहमत खुद की, मरज बढ़ता गया जूं जूं दवा की' मियां गालिब की यह दो पंक्तिया भारत की खेती और किसानों के हालात पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। संदर्भ यह है कि हाल ही में देश का 'आर्थिक सर्वेक्षण' और सालाना बजट- 24 लगातार दो दिनों तक, देश की सबसे बड़ी पंचायत 'संसद' में पेश किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने कृषि को देश के विकास का इंजन बताया। सैद्धांतिक आधार पर उनका यह कथन गलत भी नहीं है, क्योंकि देश की लगभग 70% जनता रोजगार के लिए तथा 100% जनता भोजन के लिए कृषि तथा कृषि संबद्धध उपक्रमों पर ही आश्रित है। किंतु जब बजट में कृषि हेतु राशि आवंटन की बात आई तो हमेशा की तरह इस बार भी मात्र 3 से 4 प्रतिशत के बीच में ही सिमट गई। विडंबना यह भी रही कि जब एक ओर सरकार कृषि के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां को बखान रही थी, उसी समय दिल दहलाने वाली खबर आई कि देश के अमरावती जिले में पिछले 152 दिनों में 145 किसानों ने आत्महत्या की है। संसद में यह भी बताया गया कि देश में 31 किसान प्रतिदिन आत्महत्या कर रहे हैं। कृषि प्रधान कहलाने वाले देश के लिए इससे बड़ा दुःख और शर्म का विषय और क्या हो सकता है।

विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दम अवश्य भरिए, पर हकीकत से भी आंख मत चुराइए। आंकड़े हमें आईना दिखा रहे हैं कि अमेरिका के किसान की सालाना आमदनी 65 लाख रुपए यानि कि दैनिक आमदनी 18 हजार रुपए है, वहीं भारत के किसान की प्रतिदिन की आमदनी 27 रुपए मात्र है। ऐसे में में देश के करोड़ों किसान परिवार किन कठिन हालातों में जीवनयापन करते होंगे, यह हमारे देश की भाग्य विधताओं को आखिर कब समझ में आएगा?

क्या इन सवालों के जवाब हासिल करना जरूरी नहीं है कि जिस देश में 'कृषि मूलम जगत सर्वम' एवं 'कृषिकर्मणि सर्वश्रेष्ठ' यानि कि कृषि को संपूर्ण जगत का आधार एवं सर्वोत्तम कार्य का दर्जा दिया जाता रहा है, वहां खेती और किसानों की यह दयनीय दुर्दशा आखिर कैसे हो गई?

भारत में कृषि का इतिहास हज़ारों साल पुराना है। वेदों में कृषि से संबद्ध पर्याप्त ऋचाएं हैं। ऋग्वेद में उल्लेख है कि किसान अपने खेतों में काम करके समाज के लिए अनाज पैदा करता है और समृद्धि लाता है। यह माना जाता रहा है 'कृष्याः फलप्रदा धर्म्या प्रजा भूषणमुत्तम' (कृषि धर्म है, जो उत्तम फल देती है और प्रजा का भूषण है)

मुगलकालीन दौर में भी भारतीय कृषि का महत्वपूर्ण विकास हुआ। अकबर के शासनकाल में तोतानामा और आयन-ए-अकबरी जैसी व्यवस्थाओं में कृषि का विशेष ध्यान रखा गया। लेकिन कालांतर में किसानों को भारी करों का सामना करना पड़ता था। और सूखे या बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती थी।

औपनिवेशिक काल में कंपनी और ब्रिटिश सरकार की कृषि नीतियों ने किसानों की स्थिति को बहुत प्रभावित किया। भारी कर, नकदी फसलों की ओर मजबूरी, और किसानों की भूमि से जबरिया बेदखली जैसी नीतियों ने भारतीय किसानों को अत्यधिक कष्ट दिया। औपनिवेशिक शासन के तहत भारतीय कृषि का एक बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए तैयार नकदी फसलों की ओर मुड़ गया, जिससे खाद्यान्न की कमी और किसानों की दुर्दशा बढ़ गई। यूरोपीय औपनिवेशिक औद्योगिक क्रांति के कारण भारत के कृषि आधारित ग्रामीण कुटीर उद्योग धंधे भी शनै शनै चौपट होते गए।

**स्वातंर्त्योत्तर कृषि नीतियां व विसंगतियां :-** स्वतंत्रता के बाद कृषि को प्राथमिकता देने की बातें तो लगातार हुईं लेकिन कृषि नीतियां धीरे-धीरे योजनाबद्ध विकास की अन्य प्राथमिकताओं के नीचे दबती चली गई।

हरित क्रांति (1960 के दशक) ने कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि की, लेकिन इसने कई जटिल समस्याओं को जन्म दिया। उर्वरकों, बीजों, और सिंचाई की सुविधाओं पर अनुदान का भी प्रावधान रखा गया। लेकिन इसका पूरा पूरा फायदा बिचौलियों तथा रसूखदारों के अनैतिक गठजोड़ ने उठाया। लूट का ये सिलसिला आज भी जारी है। दूसरी ओर असंगत रासायनिक खादों के प्रयोग ने आज देश की लगभग 85% जमीन लगभग आज बंजर होने की कगार पर है। किसानों के उत्पाद को वाजिब मूल्य दिलाने हेतु 'कृषि उत्पाद मूल्य आयोग' बनाया गया, पर यह किसानों का पक्षधर कभी नहीं रहा और उनके द्वारा तय किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य खेती की वास्तविक लागत की तुलना में किसानों को घाटा ही देते रहे हैं। कृषि उपज मंडियां भी बनाई गई पर यहां भी यहां भी राजनीतिक छुटभइय्यों, बिचौलियों आढ़तियों ने कब्जा कर लिया। यहां भी किसानों की लूट पर रोक नहीं लग पाया।

**भारतीय कृषि की वर्तमान व भावी ज्वलंत समस्याएं :-**

1. जलवायु परिवर्तनः पिछले दिनों एक महत्वपूर्ण खबर आई की गेहूं पकने के समय गर्मी के बढ़ जाने के कारण गेहूं के दाने सिकुड़ गए और देश के सकल गेहूं उत्पादन में लगभग 16% की कमी आई। लगभग डेढ़ अरब जनसंख्या वाले देश भारत के लिए यह बेहद ही चिंताजनक और अलार्मिंग स्थित है। 'पर्जन्यः पर्जन्याः फलं कृषकस्य सुखाय' (वर्षा का फल किसान की सुख के लिए है) - यह वैदिक उद्धरण खेती में मौसम की महत्ता को दर्शाता है। वैश्विक जलवायु परिवर्तन की अनियमित वर्षा, बाढ़, और सूखे जैसी समस्याओं से निपटना किसान के बस का नहीं है।

फसल-चक्र बदलने के साथ ही किसानों को अपनी खेती की पद्धतियों में भी आवश्यक बदलाव करना जरूरी है।

**खेती की बढ़ती लागत और किसानों के उत्पादों का वाजिद मूल्य न मिलना:-**

किसानों की सबसे बड़ी समस्या यही है कि उन्हें उनके उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल पाता है।

आर्थिक सहयोग विकास संगठन और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (OECD-ICAIR) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2000 से 2017 के बीच किसानों को उत्पाद का सही मूल्य न मिल पाने के कारण 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सरकार की ही 'शांता कुमार समिति' ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि एमएसपी का लाभ सिर्फ 6 प्रतिशत किसानों को ही मिल पाता। जिसका सीधा मतलब है कि देश के 94% किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल पाता है और वो एमएसपी के फायदे से दूर रहते हैं। देश के किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाने के कारण 5 से 7 लाख करोड़ का सालाना घाटा होता है। जबकि कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के सरकारी दावों के बावजूद बजट 2024 में कृषि हेतु केवल 1.52 लाख करोड़ रुपए ही प्रावधानित किए हैं। यानी किसानों को इस चिड़िया की चुग्गे जैसे बजट के बावजूद इस साल भी लगभग 5 लाख करोड़ का घाटा उठाना पड़ेगा। जाहिर है स्थिति और विकराल होने वाली है।

**किसानों पर कर्ज का बोझ :-** किसान को उनके उत्पाद का सही मूल्य न मिल पाने के कारण उन्हें प्रायः घाटा उठाना पड़ता है और उनकी आय बहुत ही कम रहती है। कर्ज का बोझ और ब्याज की उच्च दरें किसानों की आर्थिक स्थिति को और भी खराब करती हैं। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (NSSO) के आंकड़ों के अनुसार, देश के लगभग 47% किसान औसतन कर्ज में डूबे हुए हैं।

**समाज का नासूर किसान आत्महत्याएं:-** महाराष्ट्र के अमरावती डिवीजन की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट आई है. जिसके मुताबिक 6 महीने में इस डिवीजन में 557 किसानों ने खुदकुशी कर ली। जबकि किसान संगठनों का कहना है कि विदर्भ में प्रतिदिन भारत किसान आत्महत्या कर रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) के अनुसार, 2020 में 10,677 किसानों और खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की। यह आंकड़ा दर्शाता है कि आर्थिक और मानसिक दबावों के चलते किसानों की स्थिति कितनी गंभीर है।

**नीतिगत विसंगतियां:-** प्राचीन मान्यता रही है कि 'राज्यं पालयेत् कृषि पालेन' अर्थात राज्य की रक्षा कृषि की रक्षा से होती है। यह दर्शाता है कि कृषि की रक्षा किसी भी राष्ट्र की समृद्धि के लिए अनिवार्य है।

जबकि हमारी सरकारों की नीतियां अक्सर किसान विरोधी रही हैं हैं। पिछले भूमि अधिग्रहण कानून,नए तीनों विवादास्पद कृषि कानून, हालिया बिजली बिल कानून इसके उदाहरण है। किसानों को यह डर है कि सरकार की ये सभी नीतियां अंततः उनके हितों के खिलाफ ही काम करेंगी और उन्हें बड़े कार्पोरेट्स के सम्मुख मजबूर कर देंगी।

**असल जिम्मेदार कौन ?:-** अब लाख टके का सवाल यह है कि इन किसान विरोधी नीतियों के लिए कौन जिम्मेदार है। यह सवाल तथा इसके जवाब दोनों बहुआयामी हैं, जैसे कि :-

1. **सरकारी नीतियां :-** सत्ता के लिए वोटों की क्षुद्र राजनीति व कॉरपोरेट एवं सरकार की अनैतिक गठजोड़ के कारण सरकार की नीतियों और उनकी कार्यान्वयन की प्रक्रिया अक्सर किसानों के हितों के विपरीत होती है। नानाविध कारणों से कृषि कानूनों और तमाम अन्य सुधारों के बावजूद, उनका क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पाता।


2. **कॉर्पोरेट हित सर्वोपरि :-** राजनीतिक पार्टियों चुनाव लड़ने के खर्च के लिए बड़े कॉरपोरेट्स के चंदे पर निर्भर हैं। इसलिए बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हितों का प्रभाव भी कृषि नीतियों पर स्पष्ट देखा जा सकता है। भूमि अधिग्रहण, नकदी फसलों की प्रवृत्ति और कृषि में निवेश की नीतियों पर कॉर्पोरेट का दबदबा रहता है। 2020-21 में, कॉर्पोरेट कंपनियों का कृषि में निवेश बढ़कर रु. 78,000 करोड़ हो गया। इन दिनों हर बड़ा कॉर्पोरेट येन-केन प्रकरेण किसानों की भूमि हासिल कर अपने 'लैंड-बैंक' की वृद्धि करने में करने में लगा हुआ है। यह स्थिति देश के छोटे किसान जो कि लगभग 84% है, के लिए बेहद चिंताजनक है

3. **सामाजिक कुचक्र:-** भारतीय समाज की सामंती और जातिगत संरचना भी कृषि में असमानता को बढ़ावा देती है। छोटे और सीमांत किसान अक्सर बड़े जमींदारों और धनी किसानों के दबाव में रहते हैं। यह इस स्थिति में हालांकि कुछ परिवर्तन आया है पर अभी भी उनकी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए बहुत कुछ किया जाना है।

**वोट केन्द्रित राजनीति व बिखरा किसान नेतृत्व :-** लोकतंत्र में हर समुदाय, समूह अपनी सामाजिक स्थिति के अनुरूप अपना हक हासिल करने का प्रयास करता है। इस दौड़ में किसान कतार में सबसे अंतिम पायदान पर खड़े हैं। दरअसल देश की जनसंख्या का सबसे बड़ा भाग होने के बावजूद आज भी किसान एक संगठित वोट बैंक नहीं बन पाए हैं। भले उनके मुद्दे तथा सारी समस्याएं समान होती हैं पर यह समुदाय कभी भी अपने मुद्दों पर न तो पूरी तरह से एकजुट होता है और ना ही अपने मुद्दों पर एकमुश्त वोट देता है। किसान मतदाता बूथ में पहुंचने के बाद किसान रह ही नहीं रह जाता, बल्कि वो हिंदू, मुस्लिम, सर्वदलित, अगले, पिछड़े जैसे अनगिनत खांचों में बंट जाता है।शातिर राजनीतिज्ञ अब यह तथ्य भली-भांति समझ गए हैं कि किसान कभी भी एक जुट होकर एक वोट बैंक नहीं बन सकता और अपने मुद्दों के लिए एकजुट होकर खड़ा नहीं हो सकता,इसलिए ये इनका भरपूर फायदा उठाते हैं। इस स्थिति के निर्माण के लिए किसानों का स्वार्थी, नपुंसक, अहंकारी, नाकारा नेतृत्व भी काफी हद तक जिम्मेदार है। ज्यादातर कूपमण्डूक किसान नेता प्रायः स्वकेंद्रित व अपने अपने झूठे अहंकारों में डूबे रहते हैं और क्षुद्र राजनीतिक लाभों के लिए किसान हितों से भी समझौता तैयार करने को तत्पर रहते हैं। इसलिए ये साझा मुद्दों पर भी जरूरी मजबूती के साथ एकजुट नहीं होते। ज्यादातर किसान नेता किसी न किसी राजनीतिक पार्टी के किसी ने किसी छोटे बड़े नेता के उपग्रह होते हैं। कई बड़े आंदोलनों के निर्णायक मौकों पर ऐसे नेता अपने क्षुद्र स्वार्थों के लिए आंदोलन को बेचने तक से बाज नहीं आते। अपने इन्हीं धतकर्मों से किसानों की जनसंख्या 70% होने के बावजूद यह समुदाय पिछले 75 सालों से 40% वोट पाकर बनने वाली निकम्मी सरकारों का मुंह ताक रहा है। वर्तमान में किसानों में नई चेतना जगी है। ऐसे दौर में देश के किसानों की समस्यायों तथा समाधान के संदर्भ में प्रखर रूसी कवियत्री 'येलेना येरिख की ये पंक्तियां राह दिखाती प्रतीत होती हैं।

*बीहड़ से गुज़रते हाथियों की तरह,*
*झाड़ियों को रौंदते हुए,*
*हटाते हुए पेड़ों को अपने रास्ते से,*
*तुम भी चलो महान तपस्या की राह पर।*
*इसलिए तुम्हें,*
*संघर्ष करना आना चाहिए*

# सांप नहीं होते आस्तीन के सांप



विजय मिश्रा 'अमित'
पूर्वअति.महाप्रबंधक (जन.)
रायपुर (छ.ग.)

**भारत** भर में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व पर नाग सांपों की पूजन की परम्परा है। वेद ग्रंथ तथा वैज्ञानिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि सर्पों की उत्पत्ति मानव समुदाय को हानि पहुंचाने के लिए नहीं हुई है। अनेक दृष्टि से सर्पों को मानव जाति के लिए जीवनदाता की श्रेणी में रखा गया है। सर्पों की उपादेयता की जानकारी के अभाव में तथा जहरीले सर्पों के भय से मानव समुदाय सदैव सांपो को अपना दुश्मन मानता आया है, जबकि वैज्ञानिक तथ्य बार-बार इस बात को व्यक्त करते है कि सर्प मानव के लिए शत्रु से कहीं ज्यादा मित्र है। किसी इंसान के समक्ष अचानक आ जाने पर अपने बचाव के लिए ही सर्प उसे काटते है अन्यथा सांपों की प्रवृत्ति एकांत में रहने की ही है।

**अन्नदाता की भूमिका में सांप :** मानव समुदाय के लिए सांप मित्र होते है। इसे कृषि वैज्ञानिकों ने तार्किक ढंग से सिद्ध किया गया है। भारत मूलतः एक कृषि प्रधान देश है। यहां खेत एवं उपज को नुकसान पहुंचाने वाले चूहे एवं अन्य कीड़े-मकोड़े आदि का भक्षण कर सांप फसलों की रक्षा करते है। इन अर्थों में देखे तो अप्रत्यक्ष रूप से सांप हमारे अन्नदाता हुए, क्योंकि वे अन्न को नुकसान पहुंचाने वाले जीवों को खा जाते है और अन्न की बर्बादी को रोकते हैं। पर्यावरण संतुलन में भी इनकी भूमिका होती है। आषाढ़ और सावन माह में सर्प जाति अधिक सक्रिय देखी जाती है,दरअसल बारिश के मौसम में खेतों के रक्षक एवं कृषकों के मित्र सर्पों का



प्राकृतिक आवास (बिल, पेड़ों के खोह) पानी भर जाने के कारण के नष्ट हो जाते है। ऐसी परिस्थिति में सांपों का बाहर निकलना एक स्वाभाविक प्रकिया है। यही वजह है कि सर्प दंश की ज्यादातर घटनाएं वर्षाकाल में ही होती है। यह भी याद रखना चाहिए कि अधिकतर सांप जहरीले नहीं होते, अतः देखते ही सांपों को मार डालने की प्रवृत्ति मानव समुदाय संग सांप के लिए भी घातक सिद्ध होगी।

सर्पों के प्रति संवेदना बनाये रखने तथा अन्न एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान देने हेतु कृतज्ञता के भाव व्यक्त करने की दृष्टि से ही नागपंचमी का पर्व मनाने की प्रथा प्रारंभ हुई। नागपूजन की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। यह परम्परा भारत के अलावा अन्य देशों में भी प्रचलित है।

भारत में लगभग 140 प्रजातियों के सर्प पाये जाते है जिनमें से ज्यादातर जहरीले नहीं होते। अनावश्यक छेड़े जाने पर अथवा अनायास किसी मनुष्य के निकट आ जाने पर अपने बचाव के लिए वे काटते है। भारत में 15 से 20 प्रतिशत अनाज को चूहे तथा अन्य जीव बर्बाद कर देते है या फिर चट कर जाते है। विश्व स्तर पर किये गये सर्वेक्षण में पाया गया कि दुनिया भर के खाद्य पदार्थ में से 5 प्रतिशत हिस्सा चूहे हजम कर जाते है। इतने खाद्य पदार्थो से 10 करोड़ से अधिक लोगों को भूखमरी से बचाया जा सकता है। अन्नों के दुश्मन चूहों को खाकर नष्ट करने के कारण ही सांपो को मनुष्य मित्र कहलाने का हक मिला है।

**कान नहीं होते सांप के :** सांप देख सकते है ।सुंघ सकते है, पर सुन नहीं सकते। सांपों के कान नहीं होते उनके कान का काम इनकी त्वचा करती है ।इनके द्वारा ही सांपों को किसी प्रकार की ध्वनि-कंपन का आभास होता है, अतः बीन की आवाज पर सांप नाचते हैं सोचना एक मिथक है। नाग सांप दूध भी नहीं पीते है जैसा कि नागपंचमी के दिन दिखाया जाता है।

**सर्पों की खाल का व्यापार :** सृष्टि के सभी प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है।इसमें मानव सर्प संबंध भी शामिल है। ऐसे में एक प्राणी का लुप्त प्राय होना शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। सर्पों के बारे में यही बात लागु होती है। सर्पों के विष और खाल का व्यापार भी सर्प प्रजाति के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। भारत वर्ष में तंजौर (आन्ध्रप्रदेश) ऐसे धधों के लिए मशहूर है। सर्पों की खाल से बैग, बेल्ट, पर्स, सेंडिल तथा विष से औषधियां निर्मित की जाती है। 1974 में बने कानून के मुताबिक सर्पों की खाल विष का व्यापार अपराध की श्रेणी मे आता है। इसे अनदेखी करते हुए आस्तीन के सांप बने कुछ लोग चंद रूपयों के लालच में सर्पों की बेरहमी से हत्या करते है। ऐसी स्थित रही तो सांपों का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा, जो कि अनेक दृष्टि से सृष्टि के लिए हानिकारक सिद्ध होगा।धातू निर्मित सर्प की पूजा करना और जीवित सर्पों को देखते ही मार डालने की मानवीय प्रवृत्ति से लुप्त होते सर्प वंश की रक्षा कतई नहीं हो सकती है। अतः नागपंचमी पर सर्पों की हिफाज़त का संकल्प लें,इस पर्व की सार्थकता तभी सिद्ध होगी।

# आदिवासियों की उन्नति : हमारी सामूहिक जिम्मेदारी





डॉ. कृष्णमणि भगवती डॉ. रमेश बी
सहायक प्रोफेसर
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश

**मा**नव समाज विविधताओं का संग्रह है। इन विविधताओं में सबसे प्राचीन और विशिष्ट वर्ग आदिवासी हैं। उनके रीति-रिवाज, संस्कृतियां, भाषाएं और जीवन शैली मानव इतिहास के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमान के अनुसार, आदिवासी दुनिया भर में 90 देशों में निवास करते हैं और लगभग 47.6 करोड़ की जनसंख्या के साथ, विश्व जनसंख्या का 6.2 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। हमारे देश में 705 जनजातियां सभी राज्यों में फैली हुई हैं। उनकी जनसंख्या 8.6 प्रतिशत है, और 2022 में चार जनजातियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ 1982 से हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाता आ रहा है, जिसमें विश्व देशों द्वारा आदिवासियों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले विकास कार्यक्रमों की सिफारिश की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य उनकी विशिष्ट जीवन शैली और संस्कृति को जनता के सामने लाना और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए विश्व देशों में राजनीतिक समन्वय प्राप्त करना है।

**आदिवासी - देश-विदेश परिस्थितियां -** संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष 'समाज से संपर्क न रखने वाली विभिन्न जनजातियों' के अधिकारों की रक्षा के लिए सुझाव दिए हैं। आदिवासियों को उनके जीवन शैली, स्थिति और निवास स्थान के आधार पर विभिन्न वर्गों में विभाजित किया गया है। इन्हें कुछ 'प्राथमिक निवासियों', कुछ 'यायावर, विमुक्त जातियों' और कुछ 'समाज से संपर्क न रखने वाली जनजातियों' के रूप में पहचाना गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, विश्वभर में लगभग 200 जनजातियां समाज से संपर्क नहीं रखती हैं और दूरदराज के जंगलों में निवास करती हैं। इनके बारे में समाज को बहुत कम जानकारी है। इनमें से प्रमुख रूप से, अमेज़न के जंगलों में लगभग 100 जनजातियां हैं। ये जनजातियां बोलीविया, ब्राज़ील, कोलंबिया, इक्वाडोर, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी, पेरू, और वेनेज़ुएला जैसे देशों में निवास करती हैं। हमारे देश में अंडमान और निकोबार द्वीपों में छह जनजातियां समाज से संपर्क नहीं रखती थीं। इनमें जारवा, सोमपेन, ओंगे, निकोबारी, ग्रेट अंडमानी शामिल हैं, जो कालक्रम में सामान्य जन से संपर्क में आई हैं। लेकिन अफ्रीकी मूल की एक प्रमुख जनजाति 'सेंटिनलीस' अब भी मुख्य धारा से दूर रहना पसंद करती है। 'सेंटिनलीस' एक खतरनाक जनजाति है, जो अपने इलाके में गलती से आने वालों को तीर मारकर मार देती है। ऐसा माना जाता है कि यह जनजाति लगभग 60,000 साल से अंडमान द्वीपों में निवास कर रही है। हालांकि सही आंकड़े नहीं हैं, फिर भी उनकी जनसंख्या 200-500 के बीच हो सकती है। वे प्राकृतिक आपदाओं को पहले से भांप कर, जैसे कि सुनामी के समय, खुद को बचा लेने में सक्षम होते हैं। 1956 में भारतीय सरकार ने इस जनजाति के निवास स्थान 'नॉर्थ सेंटिनल द्वीप' को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया। 1800 के दशक में एम.वी. पोर्टमैन नामक एक ब्रिटिश अधिकारी से लेकर, त्रीलोकनाथ पंडित (1967) और मधुमाला चटोपाध्याय (1991) जैसे नृविज्ञानियों ने कई बार सेंटिनलीस जनजाति पर शोध करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इस जनजाति ने 2006 में मछुआरों को और 2018 में एक अमेरिकी ईसाई मिशनरी को मार डाला, जिसके बाद सरकार ने इस द्वीप को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया। हालांकि, अगस्त 2018 में, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय सरकार ने सेंटिनलीस के निवास स्थान नॉर्थ सेंटिनल द्वीप को छोड़कर अन्य अंडमान और निकोबार द्वीपों के कुछ जनसंख्या वाले द्वीपों को प्रतिबंधित क्षेत्र अनुमति से हटा दिया। इससे पर्यटकों को इन द्वीपों का दौरा करने का अवसर मिला। इन कदमों के परिणामस्वरूप बाहरी दुनिया के साथ संपर्क बढ़ा और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आने से ये जनजातियां विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रही हैं, जैसा कि सीसीएमबी वैज्ञानिकों ने बताया है।

**आदिवासी जनजातियों की समस्याएं और सुरक्षा कानून -** वनों में शांति से रह रहे आदिवासियों का जीवन कई कारणों से अचानक प्रभावित हो गया है। उनके पास प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता होने के कारण यह उनके लिए एक अभिशाप बन गया है। खेती, रबर की कटाई, खनन, पर्यटन, तेल भंडार की खुदाई, पशुपालन, लकड़ी की तस्करी आदि गतिविधियों के कारण उनकी आजीविका संकट में है। अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक संगठन 'सर्वाइवल इंटरनेशनल' के अध्ययन के अनुसार, ब्राजील की 'अकाउंटुस' और 'आव' जनजातियां अपनी अस्तित्व खो चुकी हैं। 'याइफो', कावहिवा (ब्राजील), मश्को पिरो (पेरू), आयोरियो (पाराग्वे), पलावन (फिलिपींस) जैसी जनजातियां भी इसी संकट का सामना कर रही हैं। 'पनारा' नामक एक आदिम जनजाति की जनसंख्या केवल सैकड़ों में ही रह गई है। इसी तरह, अंडमान और निकोबार द्वीपों में रहने वाली जनजातियां जैसे कि ग्रेट अंडमानीस, जार्वा, और सेंटिनलीस भी पर्यटन, सड़कों का निर्माण और अन्य विकास कार्यक्रमों के कारण अपने अस्तित्व को खो रही हैं।

हमारे देश में आदिवासियों की सुरक्षा के लिए कई कानून बनाए गए हैं। 2006 का वन अधिकार अधिनियम, 1996 का पेसा अधिनियम, और संविधान के अनुच्छेद 46, 244, 330, 332 इन्हें विशेष अधिकार प्रदान करते हैं। उत्तर-पूर्व भारत में स्वायत्त परिषदों की स्थापना की गई है, जो स्थानीय आदिवासी प्रशासन के लिए विशेष रूप से बनाई गई हैं। 1989 का अत्याचार निवारण अधिनियम इनके ऊपर होने वाले हमलों को रोकता है और उनके अधिकारों की रक्षा करता है। इसके अलावा, 1956 का अंडमान और निकोबार आदिवासी संरक्षण अधिनियम बाहरी व्यक्ति यों के प्रवेश को नियंत्रित करता है। 1927 का भारतीय वन कानून वनों की रक्षा और संसाधनों के उपयोग को नियंत्रित करता है। देबर और खाखा आयोगों ने भी इनके विकास के लिए मूल्यवान सुझाव दिए हैं। ये कानून आदिवासी जनजातियों की सांस्कृतिक, भौतिक और आर्थिक समग्रता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दुनिया भर में भी आदिवासी जनजातियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून मौजूद हैं। संयुक्त राष्ट्र की 2007 की घोषणा, यूएन ड्रिप, 1989 का आईएलओ कन्वेंशन, संयुक्त राष्ट्र की घोषणा और आदिवासी लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र का कार्य समूह, और सर्वाइवल इंटरनेशनल जैसे संगठन इनके विकास में सहयोग करते हैं।

**उठाए जाने वाले कदम-** आदिवासी, जो प्रकृति के संरक्षक हैं, के लिए औद्योगीकरण और वैश्वीकरण अभिशाप बन गए हैं, क्योंकि उनके जंगलों में स्वतंत्र रूप से रहने के अधिकारों का हनन हो रहा है। कड़े कानूनों के बावजूद, उनके क्रियान्वयन में शिथिलता देखी गई है, जिसके खिलाफ मानवाधिकार संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से, न केवल विदेशों में बल्कि हमारे देश में भी, इन जनजातियों के बीच अशांति और संघर्ष का माहौल बना हुआ है। आर्थिक और सामाजिक असमानताओं के कारण बोडोलैंड, गोंडवाना, सर्णधर्म, मणिपुर कुकी-मैती संघर्ष, बिल स्टेट आंदोलन जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। इन समस्याओं को सुलझाने के लिए दमनकारी दृष्टिकोण के बजाय, उनके मूल कारणों की पहचान करके समाधान प्रयास किए जाने चाहिए। इस दिशा में विचार करते हुए, हाल ही में देश की सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के उपवर्गीकरण को समर्थन देते हुए राज्यों से कहा कि वे सबसे निचली जातियों के साथ न्याय करें। नवीनतम केंद्रीय बजट में उनकी विकास के लिए कुछ विशेष निधियाँ आवंटित की गई हैं, जो सराहनीय है। आदिवासी समाज का एक हिस्सा हैं और उन्हें अन्य लोगों की तरह स्वतंत्र रूप से अपनी विशिष्ट जीवन शैली, संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बनाए रखने का अधिकार है। उनकी भूमि, क्षेत्र, संसाधन और पर्यावरण उनके नियंत्रण में रहना चाहिए। उनकी स्वतंत्रता और अधिकारों का सम्मान करते हुए, उनकी सुरक्षा और विकास को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अन्य लोगों के समान अवसर मिलने चाहिए। आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए बने कानूनों का कड़ाई से क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि, हस्तशिल्प, और अन्य स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। पर्यटन को संवेदनशील तरीके से विकसित किया जाना चाहिए ताकि उनकी संस्कृति और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। आदिवासियों के भूमि और संसाधनों के अधिकारों की सुरक्षा की जानी चाहिए और उन्हें अपने प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन करने का अधिकार मिलना चाहिए। आदिवासी समुदायों के साथ संवाद स्थापित किया जाना चाहिए और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें भागीदार बनाया जाना चाहिए। संविधान और अंतर्राष्ट्रीय संधियों द्वारा दिए गए अधिकारों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इन कदमों को उठाकर ही 'प्रकृति के संरक्षकों' की उन्नति सुनिश्चित की जा सकती है। आदिवासियों के अधिकारों और संसाधनों की रक्षा, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, तथा आर्थिक विकास के अवसर प्रदान करके हम उनके जीवन स्तर को ऊंचा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में उनकी संस्कृति और पर्यावरण को संरक्षण भी प्रदान करना अनिवार्य है। इन सभी प्रयासों से ही हम आदिवासी समुदायों के समग्र विकास और उत्थान को सुनिश्चित कर सकते हैं।

# नगरपालिका के जिम्मेदार मस्त और जनता समस्याओं से त्रस्त : मुश्ताक अहमद

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद और भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री राजेश दाशोडे ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वार्ड क्रमांक 18 और 19 में शासन द्वारा निर्धारित जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नगरपालिका द्वारा लगाया था। जिसमें वार्ड क्रमांक 18-19 की जनता के समस्याओं का समाधान किया जाना था और वार्ड वासियों की मांगों को भी आवेदन स्वरूप लेना है और उसका यथासंभव तत्काल निराकरण किया जाना है। उसी तारतम्य में नेता द्वय वार्ड क्रमांक 18 और 19 के जनता की समस्याओं का समाधान हो और जनता को कोई असुविधा न हो इसके लिए वहां उपस्थित रहें और नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों को बताया कि जनता की समस्याओं का समाधान हो ज्यादा से ज्यादा हों ऐसा प्रयास नगरपालिका के जिम्मेदार लोगों के द्वारा किया जाए, छत्तीसगढ़ सरकार का जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर लगाने का उद्देश्य ही जनता की समस्याओं का समाधान करना है। इसलिए नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस पर किसी प्रकार की कोताही न बरतें। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद ने शिकायत दर्ज कराया है कि वार्ड क्रमांक 18 और 19 में नगरपालिका द्वारा बनाई गई सड़कें पूरी तरह ख़राब हो चुकी, नगरपालिका द्वारा बनाई गई नालियों का




बुरा हाल है। मगर नगरपालिका द्वारा उन नालियों और सी सी रोड का मरम्मत न करके शासन को नई सी सी रोड और नालियों का प्रस्ताव भेज देती है और वह नालियां उसी तरह ख़राब रहतीं हैं। जिससे जनता परेशान रहती है। जबकि नगरपालिका का निर्माण करने का उद्देश्य ही नगर की जनता की समस्याओं का समाधान करना और जनता को मूलभूत सुवीधा उपलब्ध कराना है मगर यहां उसके उल्टा ही हो रहा है। पिछले 25 सालों से नगरपालिका नगर में कार्य कर रही है मगर आज तक नगर के किसी भी वार्ड में न तो पूरी तरह नालियों का निर्माण हो पाया है और न ही सी सी रोड ही बन पाया है। जबकि शासन से सिर्फ और सिर्फ पिछले 15 सालों में नालियों और सी सी रोड का ही प्रस्ताव भेजा जाता रहा है और राशि स्वीकृत भी होती रही है। अगर नगरपालिका द्वारा पूरी ईमानदारी से नगर में नालियों और सी सी रोड का निर्माण किया होता तो पूरे नगर में नालियों और सी सी रोड बनाने की आवश्यकता नहीं होती। क्योंकि शासन ने नगरपालिका को इतना पैसा दे दिया है जिससे पूरी नालियों का निर्माण हो चुका होता, इसलिए शिकायत किया गया है कि पहले पूरे नगर के बनीं हुई नालियों का संधारण किया जाए और वह सिर्फ खानापूर्ति न हो। साथ ही नेता द्वय ने बताया कि एक शिकायत और किया गया है कि है जब छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिम्मेदार अधिकारीयों को निर्देशित किया है कि नगर में और मुख्य मार्गों से आवारा पशुओं को हटाया जाए और इस पर तत्काल कार्यवाही करें मगर ऐसा लगता है कि दल्ली राजहरा के नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव के आदेश का भी पालन करना जरूरी नहीं समझा है और जिसका परिणाम है कि सिर्फ वार्ड क्रमांक 18 और 19 ही नहीं पूरे नगर में और नगर के मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है और नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई लेना-देना हीं नहीं है जिसका परिणाम है कि आए दिन ड्यूटी जाने वाले, स्कूटी चालक महिलाओं के साथ दुर्घटना हो रही है और कई बार तो दुर्घटना ईतनी गंभीर होती है कि लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है मगर नगरपालिका को तो काऊ कैचर सिर्फ कमीशनखोरी के लिए ही खरीदना था। काऊ कैचर नगरपालिका की शोभा बढ़ा रहा है और जनता परेशान हो रही है। राजहरा नगर की स्थिति तो ऐसी हो गई है कि नगरपालिका के जिम्मेदार मस्त और जनता समस्याओं से त्रस्त, कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए इस जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी नगर की जनता की समस्याओं का समाधान तत्काल निराकरण करें और कम से कम प्रदेश के मुख्य सचिव के आदेश को ही मान लें। अंत में नेता द्वय ने नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों से आग्रह किया है कि जनता बहुत विश्वास के साथ ईस जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में आ रही और छत्तीसगढ़ सरकार में विश्वास करके अपने आवेदनों पर निराकरण चाहतीं हैं इसलिए नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस बात पूरा ध्यान रखें कि जनता की समस्याओं का समाधान हो क्योंकि नगरपालिका सरकार और जनता के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करतीं हैं। इस जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर वार्ड क्रमांक 18 और 19 में मुख्य रूप प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद, भारतीय जनता पार्टी बालोद जिला मंत्री राजेश दाशोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, राजहरा मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम और युवा भाजपा नेता श्याम जयसवाल उपस्थित थे।

## सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में तीन दिवसीय गोस्वामी तुलसी दास जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मानस संघ के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित सपाद लक्षेश्वर धाम सल्धा में तीन दिवसीय तुलसीदास जन्मोत्सव प्रारंभ होगा। विदित हो की जिस संत ने संसार को श्री रामचरित मानस जैसे अद्भुत ग्रंथ कलयुगी मानव के लिए भेट किए है, हम उसी महापुरुष पूज्य पाद गोस्वामी तुलसी दास जन्मोत्सव मनाने जा रहे है। माना जाता है की श्रावण शुक्ल सप्तमी को गोस्वामी तुलसी दास का जन्म हुआ था और इस दिन को लेकर खासकर रामायण से जुड़े मानस पंथी को को बेसब्री से इंतजार रहता है। ऐसे में जिला मानस संघ बेमेतरा एवम सपाद लक्ष्मेश्वर धाम के सयुक्त तत्वावधान में दिवसीय श्री तुलसी जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें जिले के पदाधिकारियों मानस मंडलियों का चयन किया गया है। 09 से 11 अगस्त तक चलने वाले इस विराट आयोजन छग के मानस दर्शन जैसे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की आने की संभावना बनी हुई है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर लिया गया है। जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने बताया ठीक 10 बजे श्रद्धेय दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानन्दः सरस्वती महाराज सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा एवं प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि राजकुमार ताम्रकार उत्तम साहू राजेश वैष्णव महराज दीन धीवर मदन सिंहा तोरन नायक ईश्वर सिन्हा महेंद्र चौहान एवं उपस्थित पदाधिकारियों के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात जिलें से चयनित अबोध मानस मण्डली रनबोड़ (नवागढ़), रामदास मानस परिवार लावातरा खंडसरा, तुलसी मानस मण्डली सलधा, वासुदेव मानस परिवार सोनचिरैया, शीतला पुरवईया मानस मण्डली बाधूल, सत्संग मानस परिवार ग्राम बेरा, जय महामाया मानस परिवार सिलघट (पतोरा), प्रभात मानस परिवार पतोरा की सांगीतिक प्रस्तुति होगी कार्यक्रम की विशिष्टता को लेकर संचालन का दायित्व लखन वर्मा पीपर भट्ठा दिलीप जयसवाल नवा गड़ महेंद्र चौहान साजा को दिया गया है। यह जानकारी विष्णु के संग छगन साहू ने दिया।

## एनईपी 2020 संवेदनशीलता है और जागरूकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर के एनईपी 2020 सेल और आईक्यूएसी द्वारा एनईपी 2020 संवेदनशीलता और जागरूकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के मुख्य सिद्धांतों और कार्यान्वयन रणनीतियों को साझा करना था, जिसमें देशभर के शिक्षकों, नीति निर्माताओं और प्रशासकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जिसके बाद मुख्य अतिथियों प्रो. (डॉ.) जी.ए. घनश्याम, ओएसडी और राज्य नोडल अधिकारी, एनईपी 2020, उच्च शिक्षा निदेशालय, छत्तीसगढ़ और प्रो.(डॉ.) डी.के. श्रीवास्तव, ओएसडी, एनईपी



2020, उच्च शिक्षा निदेशालय, छत्तीसगढ़ द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। विश्व विद्यालय के एनईपी समन्वयक दिलीप मिश्रा ने विश्व विद्यालय में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की प्रगति की जानकारी दी। प्रो. मनीष उपाध्याय ने स्वागत भाषण में सभी गणमान्य व्यक्तियों और ऑनलाइन और ऑफलाइन उपस्थित सभी प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत किया। संक्षेप में उन्होंने पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया और वक्ताओं से उन क्षेत्रों पर प्रकाश डालने का अनुरोध किया जहां सुधार किया जा सकता है। कुलपति प्रो.(डॉ.)एस.पी. दुबे ने मुख्य वक्ताओं और देशभर से जुड़े प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के विषय पर बात करते हुए प्रो. दुबे ने कहा कि शिक्षण समुदाय और छात्रों के बीच एनईपी 2020 के बारे में जागरूकता की कमी है, इसलिए इस नीति पर गहन समझ प्राप्त करने के लिए ऐसे प्रभावशाली सत्रों का होना आवश्यक है। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. (डॉ.) जी. ए. घनश्याम ने एनईपी 2020 के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को उजागर किया, जो एक समावेशी, न्यायसंगत और जीवंत ज्ञान समाज को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए रणनीतिक रोडमैप पर विस्तार से बताया और सभी स्तरों पर हितधारकों की भागीदारी और क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर दिया। प्रो.(डॉ.) डी.के. श्रीवास्तव ने एनईपी 2020 के अंतर्गत प्रस्तावित संरचनात्मक परिवर्तनों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया, जिसमें नए शिक्षण दृष्टिकोण, पाठ्यक्रम पुनर्गठन और शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने छात्रों में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्य शाला में इंटरएक्टिव सत्र, पैनल चर्चाएँ और प्रश्नोत्तर सत्र समाहित थे, जिससे प्रतिभागियों को नीति के प्रभावों की गहरी समझ प्राप्त हुई और प्रभावी कार्यान्वयन रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। प्रमुख विषयों में बहु विषयक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग और मूल्यांकन सुधार आदि सम्मिलित थे। कार्यक्रम समापन आई क्यूएसी समन्वयक डॉ. पीयूष ठाकुर द्वारा प्रेषित धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने वक्ताओं द्वारा साझा की गई मूल्यवान जानकारियों की सराहना की। कार्यशाला ने एन ई पी 2020 सुधारों को अपनाने और भारत में दृष्टिगत शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक संकल्प को रेखांकित किया। इस कार्य शाला का आयोजन दिलीप मिश्रा, एनईपी 2020 समन्वयक, डॉ. पीयूष ठाकुर, समन्वयक आई क्यूएसी, और डॉ. एस. एस. दुबे, समन्वयक सह-पाठ्यक्रम गति विधि सेल, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किया गया।

## किसान संघ सरदा द्वारा स्पंज आयरन फैक्ट्री के विरोध में 12 अगस्त को चक्का जाम धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा। ग्राम सरदा में लग रही स्पंज आयरन फैक्ट्री इसके विरोध पर सरदा सहित 12 गांव के सरपंच के साथ-साथ क्षेत्र के किसान एकजुट होकर विरोध करते हुए 12अगस्त को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में किसान संघ सरदा द्वारा पांपलेट वितरण किया गया है। जिसमें बताया गया है कि कलेक्टर क्षेत्रीय विधायक सांसद उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली को पत्र लिखा परंतु किसी भी प्रकार की पुकार नहीं सुनी गई। इसलिए किसानों एवं मजदूरों से इस धरना प्रदर्शन में सब शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील किया गया है। इस संबंध में बिटकुली निवासी प्रमिल तिवारी ने बताया कि मैं अपने गांव में इस आयरन फैक्ट्री के खिलाफ जो जनसुनवाई हुआ, उसमें 100% विरोध दर्ज किया गया है। लेकिन अभी भी लगता है कंपनी लगातार स्पंज आयरन खोलने के लिए प्रयासरत है इस अभियान में मैं इस निष्कर्ष पर पहुंच कि उद्योगपति एवं सरकार का एक ही नारा है मैं चाहे एक करूं चाहे वह करूं मेरी मर्जी। यहां कोई नियम लागू नहीं है, मैं आश्चर्यचकित हूं 45 प्रश्न पर्यावरण विभाग द्वारा मांगा गया, लेकिन किसी का कोई जवाब नहीं मिला है उद्योगपति और शासन जंगल राज चल रहे हैं। पंचायत का इतना अनदेखी करना आश्चर्य है कोई भी पार्टी एक दूसरे को दोषी बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं आखिर यह भी हमारे द्वारा उगाए गए अन्न खाकर बोल रहे हैं देख रहे हैं सुन रहे हैं चल रहे हैं ऐसे अन्नदाता को भूमिहीन बनाना एक पाप कर है तिवारी ने कहा कि शासन हमारे क्षेत्र में उद्योग रूपी सांड को छोड़ दिए हैं जो हमारे पूरे फसल और जमीन को खराब कर रहे हैं शायद शासन यह सोच के साहस कर रही है कि यहां की जनता भोली-भाली, इसे बहला फुसलाया जा सकता है या इसे दमन किया जा सकता है। शासन उद्योगपतियों के सामने नतमस्तक है यह हमारे लिए चिंतनीय विषय है लेकिन यह भी समझना चाहिए कि अति का अंत होता है। आंचल की जनता अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान देने के लिए भी तैयार है ऐसी स्थिति पर शासन को भी झुकना पड़ेगा।

## सरस्वती शिक्षा संस्थान की विभाग स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित





पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में सरस्वती शिक्षा संस्थान की विभाग स्तरीय स्पर्धायें आयोजित की गयी। जिसमें स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. ने सर्वाधिक प्रतियोगितायें जीती। वालीवाल, कुरास, शतरंज, बैडमिंटन, कराते आदि विधाओं की प्रतियोगितायें विभाग प्रमुख दीपक सोनी के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुयी। सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया के 54 भैया बहनों ने भाग लिया। वॉलीवाल तरुण वर्ग भैया प्रथम तथा किशोर वर्ग भैया द्वितीय, कुरास में किशोर वर्ग भैया प्रथम, शतरंज तरुण वर्ग भैया प्रथम तथा बाल वर्ग द्वितीय, शतरंज तरुण वर्ग बहन प्रथम किशोर वर्ग बहन प्रथम बाल वर्ग बहन प्रथम, वैडमिंटन में किशोर वर्ग बहन प्रथम, कराते में किशोर वर्ग बहन प्रथम रहे। स्थानीय विद्यालय के भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये सर्वाधिक जीत अपने नाम किया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने जीत का परचम फहराते हुए विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। आयोजन में 14 विद्यालयों से 400 भैया बहनों की सहभागिता रही। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानियां, व्यवस्थापक राकेश जोशी, सुरेश सिंघानियां, पुरुषोत्तम अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, देवानंद त्रिपाठी, सुनील सिंघानिया सहित समस्त पदाधिकारियों एवं प्राचार्य लखन लाल साहू व आचार्य परिवार ने सभी भैया बहनों को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की,विजयी विद्यर्थियों को प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आगामी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## वृद्धाश्रम के दसवें सालगिरह पर विधायक ने वृद्धजनों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा में स्थित वृद्धाश्रम की 10वीं सालगिरह एवं वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दिपेश साहू विधायक बेमेतरा एवं अतिथि ताराचंद महेश्वरी बेमेतरा जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अध्यक्षता अतिथि बरखा कासु उप संचालक समाज कल्याण अधिकारी, पार्षद नीतु कोठारी एवं प्रफुल्ल शर्मा, नरेश साहू, संदीप साहू, शबीना खान, शोभना यादव, आयोजक अध्यक्ष शिव मंगल महिला समिति दुर्ग। कार्यक्रम में सभी सम्मानित अतिथि उपस्थित हुए। जिसमें विधायक



दीपेश साहू ने कहा की मै विधायक से पहले भी वृद्धाश्रम आता रहा हुं और आपका आशीर्वाद मिलता रहा है तथा उन्होने ये भी कहा की ताराचंद माहेश्वरी आपकी 10 वर्षो से सेवा कर रहे है तथा यह अब मेरी जिम्मेदारी भी है की मॉडर्न वृद्धाश्रम का निर्माण कर सर्वसुविधायुक्त जिससे यह आपको अपना घर लगेगा। ताराचंद माहेश्वरी ने कहा सभी वृद्धिजनों का आशीर्वाद एवं अनुभव मुझे 10 वर्षो तक प्राप्त हुआ तथा सभी वृद्धिजनों को धन्यवाद दिया एवं विधायक की महत्वपूर्ण घोषणा का स्वागत किया। सभी वृद्धिजनों का सम्मान किया नालेश्वर लक्ष्मी साहू नें भी आभार व्यक्त किया। ताराचंद महिला मंडल के द्वारा अखंड रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

## कृषि उन्नति योजना योजनांतर्गत खरीफ 2024 की फसलों का पंजीयन प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में खरीफ वर्ष 2024 में समर्थन मूल्य पर धान, मक्का, कोदो- कुटकी, रागी, मूंग, उड़द, अरहर एवं अन्य फसलों के साथ-साथ गन्ना कारखानों में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जिसके लिए कृषि उन्नति योजना योजनांतर्गत पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों को सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से पोर्टल पर मैन्युअली कैरी फारवर्ड किया जाएगा। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन तथा पूर्व में पंजीकृत फसल के रकबे में संशोधन की कार्यवाही के लिए समय सीमा 01 जुलाई से 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। योजना में नवीन पंजीयन, फसल रकबे में संशोधन एवं व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन कार्य का सत्यापन कार्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से किया जाएगा। कृषकों के पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित समितियों में जमा करना होगा। जमा किए गए आवेदनों के आधार पर एकीकृत किसान पोर्टल पर कृषकों का पंजीयन सेवा सहकारी समिति के आई.डी. के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही योजना अंतर्गत जिनकी मृत्यु या भूमि पर मालिकाना अधिकार समाप्त होने या भूमि का डाइवर्सन होने पर निरस्तीकरण का कार्य तहसील स्तर से की जाएगी।

## एक पेड़ माँ के नाम पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों और अधिकारियों ने लगाए पौधे



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

हरेली पर्व के अवसर पर जनपद पंचायत बोड़ला के ढोलबज्जा ग्राम पंचायत में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान तहत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संपूर्णता अभियान के सभी संकेतकों को संतृप्त करने के लिए संकेतक के अनुसार हितग्राहियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह को 15000 रूपए की चक्रीय निधि का चेक वितरण, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देकर मिट्टी को पौष्टिक बनाने के लिए उचित फर्टिलाइजर्स के उपयोग की जानकारी दी गई और गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को मासिक पूरक पोषण आहार का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति आदेश प्रदान कर पौधा वितरण किया गया एवं जनमन आवास के हितग्राहियों के घर में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बोड़ला जनपद पंचायत सीईओ मनीष भारती, आकांक्षी ब्लाक फेलोशिप कुमुद मिश्रा एवं ब्लॉक तथा जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में सेवारत कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेज महोबे के निर्देश पर कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में कृषि विभाग के सेवारत कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी. पी. त्रिपाठी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर उन्होंने केन्द्र की गतिविधियों एवं उद्देश्य की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों में समन्वित पौध प्रबंधन एवं वैज्ञानिक विधि द्वारा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करना है। धान की बीमारी हेतु उपयोगी सलाह धान में झुलसा बीमारी के लक्षण यदि आंख या नाव आकार के दिखते है तो किसान भाई पोटाश 10 किलो प्रति



एकड़ एवं ट्राइसाइक्लाजोल 120 प्रति एकड़ छिड़काव करें एवं धान में जीवाणु जनित झुलसा रोग जैसे पत्ती ऊपर से नीचे की तरफ अगर वी आकार की या किनारे सुखती है, तो किसान भाई स्टेप्टोसाइक्लीन 12 ग्राम एवं मैनकोजेब 250 ग्राम का छिड़काव करें साथ ही भूरा धब्बा के लक्षण दिखने पर मैन्कोजेब 250 ग्राम अथवा ट्राइसाइक्लाजोल 120 ग्राम का छिड़काव करें। इसके साथ ही सोयाबीन, अरहर, उड़द, मूंग, गन्ने मे लगने वाले प्रमुख कीट व्याधि की जानकारी सभी को दी गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों जैसे खरीफ फसलों में खरपतवार, जल, उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य एवं जैविक खेती, उद्यानिकी फसलों की उत्पादन तकनीक, प्रक्षेत्र योजना एवं प्रक्षेत्र अभिलेख तथा पशुओं में होने वाले संक्रामक रोग एवं उसका निदान, प्रमुख कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी श्रव्य एवं दृष्य माध्यम से प्रदान की गयी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा प्रक्षेत्र फार्म पर बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत रेज्ड बेड फरो, ब्राड फरो, अंतवर्तीय फसल विधि द्वारा सोयाबीन का अवलोकन, औषधीय रोपणी का प्रदर्शन एवं क्राप कैफेटेरिया में धान की छत्तीस, सोयाबीन की आठ, मूंग की एक, उड़द की एक, मुर्गी पालन इकाई, पशुधन उत्पादन इकाई एवं मछली सह बत्तख पालन का अवलोकन, विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अलग-अलग दिवस में किया गया, जिससे वे अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर सके। कार्यक्रम में आइपीएल बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा बायोएजेन्ट के महत्व का प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बी.टी.एम एवं ए.टी.एम. सहित कुल 80 प्रतिभागी उपस्थित थे।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के एटीएम मशीन को उखाड़ कर चोर ले गए 6 लाख रुपए



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम जेवरा में स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के द्वारा लगाए गए एटीएम मशीन को चोर के द्वारा उखाड़ कर ले जाने का मामला सामने आया है जिसमें करीब 6 लाख रुपया होने की जानकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बेमेतरा के नोडल अधिकारी के द्वारा दिया गया है जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जेवरा में बैंक से रुपए निकालने एवं जमा करने के दरमियान होने वाले परेशानी को कम करने करने को उद्देश्य से यहां पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के द्वारा अपना शाखा खोला गया है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के द्वारा एटीएम मशीन की भी सुविधा प्रदान की गई है। जहां पर बीते रात अज्ञात लोगों के द्वारा एटीएम मशीन के सामने लगाए गए कांच को तोड़कर एटीएम मशीन को ही उखाड़ कर ले गया जिसकी खबर दूसरे दिन सुबह होने पर लोगों को तब हुई जब एटीएम मशीन के सामने लगे हुए कांच को बिखरे हुए देखा गया इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस स्टाफ दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और अपना जांच प्रारंभ कर दिया।

### नेशनल हाईवे के पास स्थित है

ग्राम जेवरा में स्थित एटीएम मशीन रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे के चंद कदमों की दुरी पर लगाया गया है। लेकिन इस एटीएम मशीन की सुरक्षा की दृष्टिकोण से बैंक के द्वारा कोई खास विशेष व्यवस्था नहीं किया गया था। जिसका फायदा उठाते हुए अज्ञात लोगों के द्वारा एटीएम मशीन को ही उखाड़ कर ले गए। इस संबंध में जानकारी लेने पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बेमेतरा के जिला नोडल अधिकारी राजेंद्र वारे ने पायनियर प्रतिनिधि को मोबाइल के माध्यम से बताया कि बैंक शाखा जेवर के मैनेजर के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एटीएम मशीन में उसे समय लगभग 6 लाख रुपए नगद थे।

### बैंक के एटीएम पर ही है चोरों की निगाहें

इन दोनों चोरों की नजर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए एटीएम मशीन पर लगी हुई है। इस संबंध में जानकारी के मुताबिक ग्राम जेवरा के एटीएम मशीन के पहले भी जिले के चार विभिन्न स्थानों पर लगाए गए एटीएम मशीन चोरों के निगाहें पर रहा है ।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके पहले बेरला नगर पंचायत क्षेत्र में लगाया गया एटीएम मशीन में दो बार एवं ग्राम देवरबीजा में स्थित एटीएम मशीन में एक बार और ग्राम ढेलका में भी एक बार चोरों के द्वारा एटीएम मशीन को अपना टारगेट बनाया जा चुका है। इसके बाद भी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रमुख जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा सुरक्षा की दिशा में उदासीनता बरती जा रही है जो लोगों के बीच में चर्चा का विषय भी बनता जा रहा है। वहीं परिणाम स्वरुप चोरों के द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए एटीएम मशीन को एक-एक करके निशाने पर लिया जा रहा है। बहरहाल अभी तक इस मामले में पुलिस के द्वारा कोई अधिकृत जानकारी नहीं दिया गया है।

## सावन क्वीन बनीं विनोद राघव



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा के द्वारा सावन तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सावन क्वीन अध्यक्ष विनोद राघव को चुना गया। इस अवसर पर आय व्यय की जानकारी ली गई तथा संगीत मय वातावरण के साथ हरेली सावन तीज मनाया गया। इस समारोह में क्लब की अध्यक्ष विनोद राघव सचिव रामेश्वरी साहू कोषाध्यक्ष निधि बनाफर शारदा तिवारी रश्मि ताम्रकार उमा तिवारी कनक लता मिश्रा मुमताज रवानी आरती साहू उर्वशी दास ज्योति तिवारी उपस्थित रहे।

# 11 शालाओं में मेगा पीटीएम (वृहद पालक-शिक्षक बैठक) का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में संकुल केन्द्र पीएम सेजेस दाऊपारा अंतर्गत 8 प्राथमिक एवं 3 पूर्व माध्यमिक शाला सहित कुल 11 शालाओं का मेगा पीटीएम (वृहद पालक-शिक्षक बैठक) का आयोजन मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के मुख्य आतिथ्य में 06 अगस्त को पीएम सेजेस दाऊपारा, मुंगेली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। शाला द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम संकुल प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव ने पीएम योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना, छ.ग. छात्र सुरक्षा योजना, शिक्षा के अधिकार अधिनियम, प्रज्ञा कोचिंग योजना, अतिथि शिक्षक योजना, नवोदय चयन/जवाहर उत्कर्ष/एकलव्य योजना, मुख्यमंत्री शाला जतन योजना, श्रेष्ठा योजना, केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना, जन सहभागिता पर चर्चा, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, प्रतिभावान छात्रों के पालको एवं छात्रों का सम्मान एवं अनुभव तथा पूर्व



शिक्षा सप्ताह में संकुल में आयोजित दिवसों अंतर्गत कृत कार्य की चर्चा करते हुए प्रतिवेदन का पठन किया गया। मुख्य अतिथि मोहले ने अपने संबोधन में कहा कि शासन ने इस विद्यालय को पीएम योजना अंतर्गत शामिल कर यहां अतिरिक्त संसाधन एवं अधोसंरचना उपलब्ध कराये जाने के लिए केन्द्र एवं राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किये। इससे विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन और सर्वांगीण विकास मे और सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने पालकों की समस्याओं को ध्यान से सुनकर नियमानुसार समाधान किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी अजीत पुजारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मती पार्वती पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.घृतलहरे, पार्षद राजकुमार वाधवा ने अपना उद्बोधन दिये। राज्य स्तर से उपस्थित एस.सी.ई.आर.टी. के प्राध्यापक एवं पर्यवेक्षक आर.पी.मिरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग की वर्तमान योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। तत्पश्चात् शाला के वर्तमान शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु गठित बाल कैबिनेट के शाला नायक आर्यन कुलमित्र, निलय यादव, शाला नायिका संस्कृति मिश्रा, दशोदा, खेल प्रभारी सुजल मसीह, सांस्कृतिक प्रभारी तनु गोस्वामी, अनुशासन प्रभारी त्रिलोक दास मानिकपुरी, युवा क्लब अध्यक्ष वीर सिंह बंजारे, ईको क्लब प्रभारी नागेन्द्र टण्डन, विज्ञान क्लब प्रभारी, श्वेता लहरे, रेड क्रास प्रभारी आकाश कपूर एवं शाला में संचालित चारों सदन अरपा, इंद्रावती, महानदी एवं शिवनाथ के विद्यार्थी प्रभारियों को शैसे पहनाकर ईमानदारी, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की मुख्य अतिथि के द्वारा शपथ दिलायी गई। आगे शाला के मेधावी विद्यार्थियों को गत् हाई व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023-24 में शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंकज मिश्रा एवं पारूल ओझा ने किया। अंत में व्याख्याता एवं सांस्कृतिक प्रभारी मती सांत्वना दत्ता ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सुनील पाठक, रामशरण यादव, वरिष्ठ पालक दुष्यंत दुबे, पार्षद डॉ.हीरालाल साहू, विधायक प्रतिनिधि राजेश्वर टण्डन, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, पूर्व वि.ख.शिक्षा अधिकारी आर.के.अंचल, एस.एम.डी.सी. के पूर्व सदस्य मती शीला जायसवाल, राजीव वास, व्याख्याता महादेव यादव, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, सीएसी नेमीचंद भास्कर, संध्या कुजूर, रूही फातिमा, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, प्र.पा.पू.मा.दीप्ति चतुर्वेदी, प्र.पा.प्राथ.अमृता पात्रे, सुधा राजपूत, लिपिक बंशीलाल कुम्हार, राकेश साहू सहित संकुल के सभी प्रधान पाठक एवं नोडल शिक्षक-शिक्षिकाएं व पालकगण उपस्थित रहें।

# अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित एवं कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने कहा कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित एवं कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के संबंध में जानकारी व प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से वित्त शाखा में उपलब्ध कराएं। शासन के निर्देशानुसार इस कार्य को गंभीरता से करें। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत् अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित सेवकों की शिकायत के लिए हेल्पलाईन नं. जारी-** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों की शिकायत के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाईन नंबर 94062-75534 भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई शासकीय सेवक एक माह या उससे अधिक अवधि के लिए अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, तो इसे सेवा-व्यवधान मानते हुए किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। साथ ही ऐसे शासकीय सेवकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा के प्रावधानों के तहत् दीर्घशास्ति के लिए विभागीय जांच संस्थित किया जाए एवं विभागीय जांच का निराकरण अधिकतम 06 माह की समयावधि में कर लिया जाए। आरोप सिद्ध होने पर सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत करने की शास्ति दी जाए।

**अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने के दिए निर्देश-** कलेक्टर ने कहा कि एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को उनके अवकाश काल के दौरान के पते एवं अंतिम ज्ञात पते दोनों पर ही इस आशय का सूचना पत्र भेजा जाना चाहिए कि वह 15 दिवस में कारण बताएं कि क्यों न उनकी उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा में व्यवधान मानते हुए, पेंशन, उपादान आदि समस्त उद्देश्यों के लिए उनकी सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाए। 03 वर्ष से अधिक अवधि से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को सेवा से पदच्युत करने संबंधी वित्त विभाग के निर्देशानुसार कार्यवाही करें।

# सामान्य त्रुटि सुधार के संबंध में जिला कलेक्टोरेट में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

राजस्व अभिलेख में सामान्य त्रुटि सुधार के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार भू-राजस्व संहिता की धारा 115 के अंतर्गत भू-स्वामी विवरण में सामान्य सुधार, शामिल खसरों को पृथक करना, फसल विवरण में परिवर्तन, सिचिंत-असिंचित भूमि के रकबे में परिवर्तन, कैफियत में संशोधन, धारणाधिकार परिवर्तन, संकलन, विलोपन, रकबा संशोधन और बसरा संशोधन आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी राजस्व अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसे गंभीरता से लेते हुए शासन के मंशा अनुरूप त्रुटि सुधार के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख श्रीमती मेनका प्रधान ने सामान्य त्रुटि सुधार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने राजस्व अमलों को भुईया पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार अभिलेख शुद्धता हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम मुंगेली श्रीमती पार्वती पटेल, एसडीएम पथरिया बी. आर. ठाकुर सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, भू-अभिलेख के स्टॉफ मौजूद रहे।

# महिला जागृति एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया तीज मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में पूरे वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली मारवाड़ी युवा मंच की महिला जागृति शाखा एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने संयुक्त रूप से 7 अगस्त को शहर की हटरी धर्मशाला में तीजा के पावन पर्व पर तीज मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया, इस अवसर पर जहां शहर की काफी संख्या में महिलाएं एवं समितियो के पदाधिकारी- सदस्य तथा बच्चे भी मौजूद रहे, तो वहीं इस अवसर पर आयोजक संस्था द्वारा महिलाओं के बीच मनोरंजन के उद्देश्य से लकी गेम,रैम्प वॉक, सिंगल डांस, इंट्रो राउंड ब्रेक डांस, सहित अनेको आयोजन किए गए. तथा इस दौरान जहां सभी महिला सदस्यों ने पूरे आयोजन के दौरान बढ़-चढ़कर सहभागिता की तो वहीं महिलाएं मारवाड़ी समाज की पारंपरिक वेशभूषा में भी नजर आई,एवम एक दूसरे को तीज पर्व की बधाई दे रही थी, तथा अखिल मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा के संयुक्त आयोजन की जहां उपस्थित सदस्यों ने प्रशंसा की तो वहीं महिलाओं ने कहा की शक्ति शहर में निरंतर वर्ष भर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जहां मारवाड़ी समाज के तीज-त्योहारों को भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, तो वहीं इस अवसर पर शहर की महिलाएं एक ही स्थान पर एकत्रित होकर आपस में पर्व को मना रही है. शक्ति शहर में मारवाड़ी समाज के तीज- त्योहारों के आयोजन में महिला समितियो की भूमिका बड़ी ही सकारात्मक देखी जाती है, तथा महिला समितियो द्वारा तीज- त्योहारों के आने से पूर्व ही जहां भव्य रूप से इनके आयोजन की तैयारी कर सभी को एक स्थान पर एकत्रित किया जाता है।

# संकुल स्तरीय मेगा बैठक का आयोजन




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चकरभठा में संकुल स्तरीय मेगा बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ रामकुमार साहू,अतिथि सरपंच प्रतिनिधि बंसीलाल साहू,वरिष्ठ समाजसेवी मनीराम साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लखन लाल साहू, पूर्व सरपंच श्रवण साहू आदि शामिल रहे कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चकरभठा के प्राचार्य एस एल पंकज सर के द्वारा 12 बिंदुओं पर अपने अपने सुझाव रखने कहा गया मुख्य अतिथि साहू के द्वारा बालक, पालक एवं शिक्षकों में आपसी संबंध को सुदृढ़ बनाने के लिए कहा गया तथा पलको को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के पहले घर में पढ़ कर भेजने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर संकुल केंद्र शिक्षक गण संकुल प्रभारी राजकमल गेंदले , एफराय सर, ध्रुव कुमार साहू, रामकुमार देवांगन, अश्वनी शर्मा, रोहित साहू,ईश्वर प्रसाद साहू, रामकुमार पैकरा, अमर दास बर्मन, निरंजन उपाध्याय,चैबे सर,तारिणी बर्मन, नूतन दिवाकर, भानुप्रिया डॉक्टर गायत्री नेताम, दाऊ राम साहू,ताराचंद भारद्वाज सहित पलक गण भारी संख्या में शामिल रहे।

# प्रदेश में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



पालकों-शिक्षकों के मध्य समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर करने के उद्देश्य को लेकर 6 अगस्त को प्रदेश में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। इसी कड़ी में संकुल केंद्र दाबो में भी पलकों की अच्छी उपस्थिति के साथ बैठक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पलकों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मां वीणापाणी की पूजन और वंदना के साथ हुआ। शास. उच्च. माध्य. विद्यालय दाबो की बालिकाओं के द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सदस्य मानिकलाल सोनवानी ने कहा पालक-शिक्षक का समन्वय बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से शिक्षक और पालक दोनों बच्चे को बेहतर रूप से समझते हैं। अपेक्षा है सभी शिक्षक अपनी शाला में इसे कार्यान्वित अवश्य करेंगे। इस अवसर पर सरपंच आशाराम साहू, पूर्व सरपंच लालाराम साहू, संकुल प्राचार्य गोरेलाल बंजारे, जागेश्वर दुबे, कालिका साहू, चंद्र कुमार साहू ने भी पालकों के मध्य अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यालय के विकास के लिए पालकों के विचार भी आमंत्रित किया गया और पालकों ने खुले मन से अपनी बात कही। इस अवसर पर पालकों ने शिक्षक से निरंतर संपर्क में रहने व सहयोग करने की बात कही। बैठक में निर्धारित 12 बिंदुओं पर भी विस्तार के साथ देवेंद्र परिहार, त्रिजुगीनारायण श्रीवास, मिश्रा मेम, देवप्रसाद पात्रे, सत्यव्रत सिंह ने पालकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में आभार व्यक्त शैक्षिक समन्वयक रामेश्वर प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र परिहार ने किया।

# मां समलेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन के लिए आज से प्रारंभ होगा रसीद कटने का कार्य

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जन जन की आराध्या माँ समलेश्वरी के समक्ष शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मनोकामना दीप प्रज्वलित की व्यवस्था की गई है। नागपंचमी सावन शुक्ल दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से घृत ज्वारा ज्योति कलश एवं तेल ज्वारा ज्योति कलश की रसीद काटने का कार्य किया जाएगा।

अतः सभी भक्तों से निवेदन है की उक्त तिथि पर आप उपस्थित होकर इस पुण्य के भागीदार बने। प्रत्येक वर्ष सावन के शुक्ल पंचमी को माँ समलेश्वरी के समक्ष चाम्पा के राजपरिवार द्वारा पूजन अर्चना कर भगवती को शारदीय नवरात्रि की प्रथम आमंत्रण पत्र भेंट कर नवरात्रि की तैयारी प्रारम्भ की जाती है। मंदिर के पुजारी पं अतुल कृष्ण द्विवेदी के अनुसार सर्वप्रथम माँ समलेश्वरी को शारदीय नवरात्रि के लिए निवेदन स्वरूप आमंत्रण किया जाता है फिर माँ भगवती के आदेश अनुसार तैयारी की शुरुआत की जाती है। शारदीय नवरात्रि में ज्वारा का विशेष महत्व है।

उसी कड़ी में माँ के समक्ष ज्वारा ज्योति कलश की रसीद काटने की शुरुआत की जाती है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी घी ज़्वारा कलश 1301/- तेल ज़्वारा कलश 901/- घी ज्योति कलश 1101/- तेल ज्योति कलश 701/- रुपए समिति द्वारा सहयोग निर्धारित की गई है। अतः समिति ने सभी जन मानस को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का निवेदन करती है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिले बम्हनीडीह के जनप्रतिनिधि हसदेव नदी पर पुल निर्माण की रखी मांग




पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिले बम्हनीडीह के जनप्रतिनिधि हसदेव नदी पर पुल निर्माण की रखी मांग। बम्हनीडीह ग्राम पंचायत बम्हनीडीह के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि द्वारा उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण साव से मुलाकात कर विगत दिनो हसदेव नदी पर पुल निर्माण की घोषणा की थी पर वह निर्माण कार्य किसी कारण वस नहीं हो सका था जिसे लेकर पुन्ह बम्हनीडीह के जनप्रतिनिधियों ने हाऊसिंगबोर्ड कालोनी बम्हनीडीह - दहिदा के बिच हसदेव नदी मे एनिकट एवं पुलनिर्माण को पुरा करने का आश्वासन दिया गया है।साथ ही ग्राम पंचायत बम्हनीडीह को नगर पंचायत बनाये जाने की पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा घोषणा किया था जो की पूर्ण नहीं हुआ था जिसमे माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार पूर्ण करेगी की आश्वासन दिया। इस मौके पर माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके रायपुर निवास स्थान मे जिलाध्यक्ष जांजगीर-चांपा / सक्ति कृष्णकांत चंद्रा गोपी सिंह ठाकुर, भुवन साहू मंडल महामंत्री, मोहन लाल डडसेना मंडल बूथ अध्यक्ष, भूपेंद्र डडसेना मंडल बूथ अध्यक्ष, सरपंच ग्राम पंचायत बम्हनीडीह मालती राजकुमार पटेल, मोहनमती रामगुलाल पटेल पंच, रामलाल जायसवाल पंच, वेदराम कुम्भकार पंच, गोपेश जायसवाल, लकेश्वर प्रसाद पटेल, अजय सराफ प्रदीप सराफ शशिकांत जायसवाल, जवाहर सोनी, प्रमोद सुहाने, बहरता पटेल, शिवराम पटेल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन परिचय सम्मेलन में डेढ़ सौ से भी ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया

# उमा बंसल के प्रयासों से संपन्न हुआ ऑनलाइन वैवाहिक परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के अंतर्गत संभागीय अग्रवाल महिला समिति की ऊर्जावान अध्यक्ष उमा बंसल कोरबा के सकारात्मक प्रयासों से 3 अगस्त 2024 को अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-यूवतियों का ऑनलाइन वैवाहिक परिचय सम्मेलन बड़ी ही सफलता के साथ संपन्न हुआ, तथा ऐसे ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन विगत वर्षों में भी किया जा चुका है, तथा इस संबंध में उमा बंसल का कहना है कि वर्तमान समय में अग्रवाल समाज में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे ऑनलाइन परिचय सम्मेलनों को काफी सफलता मिल रही है, एवं अभिभावक तथा विवाह योग्य प्रत्याशी घर बैठे ही ऑनलाइन परिचय सम्मेलन के माध्यम से एक दूसरे से संपर्क कर वैवाहिक संबंध तय करने की दिशा में सकारात्मक पहल कर रहे हैं, तथा इस ऑनलाइन परिचय सम्मेलन को लेकर 3 अगस्त से पूर्व ही सभी अभिभावकों एवं समाज बंधुओ को वर्चुअल ऑनलाइन परिचय सम्मेलन की लिंक प्रेषित कर दी गई थी, जिससे निर्धारित समय पर सभी ने एक साथ जुड़कर सम्मेलन को सफल बनाया। 3 अगस्त को संपन्न ऑनलाइन परिचय सम्मेलन भारी सफलता के साथ श्री अग्रसेन गर्ल्स कॉलेज कोरबा के प्रांगण में हुआ, ऑनलाइन परिचय सम्मेलन में डेढ़ सौ से भी ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया, संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के मार्गदर्शन में महिला समिति की अध्यक्ष उमा बंसल के नेतृत्व में सचिव सीमा गुप्ता, चाम्पा से मौसम गोपाल मित्तल, रश्मि अग्रवाल, कला अग्रवाल,बिलासपुर से निशा गुप्ता, सह सचिव सरिता अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अंजना अग्रवाल की उपस्थिति में अग्रसेन कॉलेज कोरबा के प्रांगण में 3 अगस्त को ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन का शुभारंभ संभागीय अग्रवाल महासभा के पदाधिकारीयो एवं अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल,अग्रसेन कालेज के अध्यक्ष सुनील जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें लगभग 150 विवाह योग्य युवक युवतियां एवं उनके अभिभावको ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ सम्मेलन में अपना परिचय दिया, ऑनलाइन परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए संभागीय अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती उमा बंसल कोरबा ने बताया कि विगत कुछ वर्षों से समिति सफलता पूर्वक यह आयोजन कर रही है जिसका लाभ घर बैठे बहुत से लोगों ने प्राप्त किया है,मनचाहा रिश्ता तय करने में हो रही परेशानी को देखते हुए समिति लगातार प्रयास कर रही है की सबको एक मंच पर जोड़कर मनचाहा रिश्ता ढूंढने में मदद कर सके और बहुत हद तक इसमें हमें सफलता भी मिली है,इस परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार, राजस्थान, पुणे, दिल्ली, झारखंड आदि प्रदेशों से भी लोग सम्मिलित हुए, अध्यक्ष उमा बंसल ने लोगों से अनुरोध किया कि अब संकुचित मानसिकता के दायरे से बाहर निकले।

# पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आरक्षक संजीव राठौर को किया निलंबित

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने अपनी पदस्थापना के बाद से ही जहां अपने पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को भी किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या की पद की गरिमा के विपरीत कार्य करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी, तो वहीं समय-समय पर अंकिता शर्मा द्वारा ऐसी शिकायतें प्राप्त होने पर उनकी जांच करवा अपने ही महकमें के लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है,इसी श्रृंखला में जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा ने 7 अगस्त 2024 को एक आदेश जारी कर पुलिस थाना डभरा के एक मामले में रक्षित केंद्र शक्ति में पदस्थ आरक्षक को फोन के माध्यम से दबाव डालने की घटना पर निलंबन की कार्रवाई की है. जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय शक्ति से जारी आदेश में बताया गया है कि पुलिस थाना डभरा के अपराध क्रमांक 273/24 धारा 303 (2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण मे घटना दिनांक 24.07.2024 की रात्रि 03.00 बजे चोरी की घटना घटित होने के बाद रक्षित केन्द्र सक्ती में पदस्थ आरक्षक 134 संजीव राठौर द्वारा अपने मोबाईल नंबर- 9340038156 से थाना डभरा में पदस्थ स्टाफको बार- बार फोन करके आरोपियो को बचाने का प्रयास किया गया।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य केंद्र में अभियान चलाकर किया जा रहा मेगा स्वास्थ्य शिविर





पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं आदिवासी बाहूल्य विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया सहित मैदानी विकासखण्ड कवर्धा और सहसपुर लोहारा में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न बीमारियों के जांच एवं उपचार के लिए विषेशज्ञ उपस्थित रहते है।

### लगातार मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

5 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर, 6 अगस्त को पिपरिया, 7 अगस्त को सहसपुर लोहारा और 8 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडला में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन, बीएमओ डॉ विवेक चंद्रवंशी के नेतृत्व में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में जिला अस्पताल से विशेषज्ञ चिकित्सको की टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया।

### दो सौ पांच हुए लाभांवित

बोड़ला में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 205 ओपीडी जिसमें शिशु रोग संबंधित 12, स्त्री रोग 101, अस्थि रोग 05, मेडिसीन 45, नेत्र रोग 18, दंत रोग 19, चर्म रोग 02, क्षय रोग 12, लैब जांच 115 का जांच पश्चात दवाई वितरण किया गया साथ ही एचआइ व्ही जांच व परामर्श, परिवार नियोजन परामर्श 34, दवा वितरण 172 किया गया। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको के उपचार से शिविर में आएं लोग बहुत ही खुश और संतुष्ट नजर आए साथ ही शिविर का समापन बीएमओ एवं बीपीएम के द्वारा किया गया। शिविर का समापन के अवसर पर बीएमओ और बीपीएम ने जिले से आए चिकित्सा टीम का आभार वयक्त कर किया।

# वरिष्ठ जनों को बताया गया साइबर-डिजिटल फ्रॉड से कैसे रहें सुरक्षित

## गूगल के प्राधिकृत अधिकारी मुकेश साहू ने लघु फिल्म के माध्यम से किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ जन मंच 'सहयोग' की मासिक बैठक में हेल्पज इंडिया ने वरिष्ठ जनों को आजकल हो रहे डिजिटल फ्रॉड या साइबर फ्रॉड के बारे में सविस्तार जानकारी दी। उन्होंने इससे बचने के उपाय बताते हुए सतर्क रहने के लिए गूगल के प्राधिकृत अधिकारी मुकेश साहू ने एक चलचित्र दिखाकर उनसे बचने के उपाय बताए। सतर्कता से कैसे अपने डिजिटल पेमेंट का उपयोग किया जा सकता है, गूगल के साहू ने इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। ताकि कोई भी वरिष्ठ सदस्य डिजिटल पेमेंट का उपयोग करते हुए सावधानी से भविष्य में साइबर फ्रॉड से अपने आप को और अपनी गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रख सकें। दरअसल 'सहयोग' चौबे कॉलोनी रायपुर की महाराष्ट्र मंडल भवन में आयोजित मासिक बैठक में छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली, जिसे मराठी में गटारी अमावस्या व दीप अमावस्या भी कहा जाता है, के बारे में प्रमाणिक जानकारी दी गई। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को इस पहले पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। बैठक की शुरुआत मुख्य अतिथि व अध्यक्ष अपर्णा कालेले व सचिव रविकांत भागवत ने दीप प्रज्वलित कर और श्रीगणेश स्तोत्र पाठ करने के साथ हुई। अगस्त महीने में जिन सदस्यों का जन्मदिन है, उन्हें भी शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। सभा का संचालन कोषाध्यक्ष दीपक पात्रीकर ने किया। उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रदर्शन सचिव भागवत ने किया। बैठक समाप्त होने से पहले भाटे द्वारा हरेली तेव्हार के बारे में जानकारी दी और सौ. गिजरे ने भजन प्रस्तुत किया।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में वर्ष 2024-25 के लिए छात्रों के लिए फर्स्ट स्टेप 2024 इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा बी+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जिसे वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल किया गया है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिक की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानदंडों के अनुसार छात्रों में नवाचार पैदा करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहुविषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और कंप्यूटर साइंस, बीसीए, बीसीएस, एमसीए और एमसीएस प्रथम सेमेस्टर के नव नामांकित छात्रों के लिए फर्स्ट स्टेप 2024 इंडक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम क्रमशः मंगलवार, 06 अगस्त 2024 और बुधवार, 07 अगस्त 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर नए छात्रों का पारंपरिक पंजाबी ढोल की थाप के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तिलक समारोह आयोजित किया गया और छात्रों को कलिंगा विश्वविद्यालय के रिस्टबैंड दिए गए। कलिंगा विश्वविद्यालय के बारे में वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने स्वागत भाषण देकर सीएस/आईटी छात्रों का स्वागत किया और एक आकर्षक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय पर बहुमूल्य जानकारी साझा की, तथा नए विद्यार्थियों को संस्थान के चरित्र और सुविधाओं से परिचित कराया। एमबीए के छात्रों का स्वागत मार्केटिंग मैनेजर श्री जे विशाल ने किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसके बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन ने छात्रों को ऊंचे मुकाम तक पहुंचने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करने वाले ज्ञानवर्धक शब्द कहे।

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा शिक्षकों हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानकों के माध्यम से विज्ञान शिक्षण पर शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 06-07 अगस्तध 2024 को होटल सैमरॉक ग्रीन्सक बॉय जारडीन, रायपुर मे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।इस कार्याक्रम में राज्य के 20 जिलों के 56 विद्यालयों से 102 विज्ञान संकाय के शिक्षकों ने भाग लिया। भारतीय मानक ब्यूइरो की पहल मानकों के माध्यम से विज्ञान शिक्षण का उद्देश्य मानकों के माध्यम से छात्रों के बीच वैज्ञानिक ज्ञान और समझ को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत, आम जीवन मे इस्तेमाल हेने वाली उत्पादों में प्रयुक्त विज्ञान के सिद्धांतों के लिए 52 पाठ योजनाओ को विकसित किया गया है। विज्ञान के शिक्षकों को इन पाठ योजनाओ पर प्रशिक्षित किया गया जिससे वह अपनी शिक्षण विधि में अनुप्रयोग कर सकें। दिब्येपन्दुत चक्रवर्ती, वैज्ञानिक-जी एवं उपमहानिदेशक (पूर्वी क्षेत्र) भारतीय मानक ब्यू रो ने राष्ट्र में गुणवत्ता, जागरूकता के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित आउटरिच कार्याक्रमों जैसे की केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारीयों के लिए संवेदीकरण कार्याक्रम, उद्योगों के लिए उत्पांद संबंधित प्रशिक्षण, शैक्षणिक संस्थाएनों में छात्रों के लिए मानक क्लिब, शैक्षणिक संस्थाषनों के साथ समझौता ज्ञापन एवं ग्राम-पंचायत संवेदीयकरण कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने देश में गुणवत्ता जागरूकता में शैक्षणिक संस्थागनों एवं शिक्षकों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। सुमित कुमार वैज्ञानिक-ई/निदेशक एवं प्रमुख भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर ने जानकारी दी की भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा देश भर में 10,000 से अधिक स्टैंडर्ड क्लब स्थापित किए है, जिनमें पाँच लाख से अधिक विद्यार्थी सदस्यस के रूप में जुड़े हुए है। छत्तीसगढ़ राज्य में 177 शैक्षणिक संस्थानों में स्टैंडर्ड क्लब स्थापित है, जिनमें पांच हजार से अधिक विद्यार्थी सदस्य के रूप में जुड़े हुए है। इन क्लाबों के अंतर्गत विभिन्ना प्रकार की गतिविधियां जैसे- मानक लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं मानकों पर परिचर्चा, उद्योगों/ प्रयोगशालाओं आदि में एक्स पोजर विजिट के माध्यम से गुणवत्ता एवं मानकीकरण के क्षेत्र मे युवा प्रतिभाओं को सीखने का अवसर मिलता है।

# बंजारी धाम में 11 अगस्त कोकिया जाएगा भव्य सहस्त्रधारा अभिषेक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




परम पवित्र महामंगलमय श्रावण माह को षष्टी तिथि रविवार 11अगस्त को रायपुर के प्राचीन बंजारी धाम में विगत वर्ष अनुसार पं.धीरज शास्त्री द्वारा एक हमारे प्रमुख यजमान अनूप ओझा जी के साथ यह भव्य सहस्त्रधारा अभिषेक किया जाएगा इसमें अपर संख्या में भक्त लोग आकर भगवान भोलेनाथ के ऊपर 1 हजार छिद्र के कलश द्वारा वेद मंत्रो के साथ अभिषेक करते एक लोटे जल से भगवान प्रसन्न होते और जब सस्त्रधार बरसते द्ध भोले नाथ के ऊपर तो अति प्रसन्न होते है और भक्तो को मानो कामन पूर्ण करते है । प्रदेश के करणी सेना अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर जी मुख्य अतिथि के रूप में जिन्होंने हमारी छत्तीसगढ़ महतारी खारून गंगा महाआरती को महादेव घाट में करवा कर हम सभी भक्तो गंगा आरती का पुण्य सहज प्राप्त हो ऐसे कार्य किए ऐसे समस्त सनातन संस्कृति और समाज के कल्याण में जुड़े हुए लोग भोले बाबा का अभिषेक करने पहुंचते है ।जन कल्याण के लिए धीरज शास्त्री के साथ मिलकर पूजा अर्चना करते है इस बार 11 तारिक को सभी भक्त पहुंचे।

# राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) का 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम 10 से 14 अगस्त तक रायपुर में

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली संस्था भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण एवं राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) का 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 10 से 14 अगस्त, 2024 तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 11 अगस्त, 2024 को अपराह्न 03.00 बजे पं. सुंदरलाल शर्मा पुस्तकालय, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से लगभग 60 प्रतिभागी, जोकि मुख्य रूप से सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवर हैं, भाग लेंगे। देश के विभिन्न भागों में अब तक राष्ट्रव्यापी 45 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें पुस्तकालय स्वचालन सॉफ्टवेयर, गुणवत्ता बुनियादी ढांचे, संसाधनों, अद्यतन आईसीटी उपकरणों और तकनीकों, उभरते रुझानों, पुस्तकालय संसाधनों के संरक्षण और आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं के प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है।

# हमारे सभी वीर सैनिकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के श्री नारायण किड्स अकादमी के छात्रों और शिक्षकों की ओर से वीर सैनिकों के लिए एक सम्मानजनक अभिवादन। इस रक्षाबंधन पर, हम अपने सैनिकों का सम्मान एक खास तरीके से कर रहे हैं। हम 329 राखियाँ उन सैनिकों को भेज रहे हैं जो हमारी सीमाओं पर तैनात हैं और हमारे देश की सुरक्षा कर रहे हैं। हमारे सैनिक अक्सर अपने परिवारों के साथ त्योहारों का आनंद नहीं ले पाते, क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा में जुटे रहते हैं। वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने प्राणों को जोखिम में डालते हैं, जिससे हम अपने प्रियजनों के साथ जीवन का आनंद ले सकें। इस रक्षाबंधन पर, हमारे सैनिक ही हमारे सच्चे सम्मान और आभार के पात्र हैं। 8 अगस्त 2024 को, नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के छात्रों ने हमारे साहसी सैनिकों को समर्पित राखी भेजने की गतिविधि में भाग लिया। यह कार्यक्रम उन वीर पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित करने के लिए था, जो हमारे राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय त्योहार रक्षाबंधन का उत्सव मनाना और छात्रों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। यह छात्रों के लिए अपने सैनिकों के प्रति सम्मान और प्रशंसा व्यक्त करने का एक शानदार अवसर था। ऐसी पहलों से न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि हमारे युवाओं में देशभक्ति की भावना भी मजबूत होती है। विद्यालय के निदेशक, पी. वेणुकुट्टन, प्राचार्या, अपर्णा बोरकर, और विद्यालय प्रशासक, शुभा वेणुकुट्टन, ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सराहा।

# गाय तस्कर के हौसले बुलंद





पायनियर संवाददाता ✓ पखांजूर
www.dailypioneer.com

परलकोट क्षेत्र में गाय तस्करो के फिर से हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। यह सिलसिला वर्षो से चली आ रही है इस पर अंकुश लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है, इस गोरख धंधे पर शासन प्रशासन द्वारा कोई बार बड़ी कार्रवाई की गई है, एवं कोई बार विभिन्न संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया है। जानकारी अनुसार पेनकोडो व सीमावर्ती महाराष्ट्र के जंगल को तस्करो ने अपना गढ़ बना रखा है, बड़ी संख्या में बुधवार साप्ताहिक बाजार से रोजी में लोग रखकर गाय, बैल, को पैदल चला कर पेनकोडो व सीमावर्ती महाराष्ट्र जंगल में ले जा कर वहीं से बड़ी गाड़ियों में भर-भर कर अन्य राज्यों में ले जा रहा है। आख़िर किसके संरक्षण में ये गोरख धंधा फ्ल फूल रहा है बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है इस साल कई बड़ी कार्यवाही हुई कई संगठनो द्वारा धरना पर्दशन किया और धड़ पकड़ की गई उसके बाद भी तस्करो के हौसले बुलंद हैं, सभी को चुनौती देकर इस गोरख धंधे को अंजाम दे रहे है? जब तक शासन प्रशासन द्वारा कोई बड़ी कार्रवाई नहीं करेंगे, तब तक ऐसे सिलशिला जारी रहेगा और परलकोट क्षेत्र से हजारों संख्या में गोमाता को अन्य राज्यों में बुचड़ खाने में भेज दिया जाएगा। 20 मवेशीयो के साथ गौ-तस्कर को पखांजूर पुलिस ने किया गिरफ्तार। अलग-अलग गांव से गायों को खरीद कर भेज रहा था कत्लखाने। स्थानीय युवकों के शिकायत पर पखांजूर पुलिस ने कि कार्यवाही। गौतस्कर से मवेशियों को छूड़ाया गया। गौ-तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर भेजा गया जेल।

# उज्जैन में 1,500 भक्तों ने एक साथ डमरू बजाकर गिनीज रिकॉर्ड बनाया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रावण मास के पावन महीने में 1,500 भक्तों ने उज्जैन के शक्ति पथ महाकाल लोक में एक साथ डमरू बजाकर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। यह आयोजन सोमवार को सुबह 11:30 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति और मध्य प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक मामलों के विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने स्थल पर आधिकारिक घोषणा कर इस अद्वितीय कीर्तिमान को मान्यता दी। रिकॉर्ड बनाने के इस प्रयास की परिकल्पना और क्रियान्वयन विश्व रिकॉर्ड सलाहकार निश्चल बरोट द्वारा किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सभी मानदंड पूरे किए गए हैं। ऐसी मान्यता है कि डमरू को भगवान शिव द्वारा बनाया गया था। ऐसा भी माना जाता है कि इस पवित्र वाद्य यंत्रसे उत्पन्न हुई आध्यात्मिक ध्वनियों द्वारा ब्रह्मांड का निर्माण और नियमन हुआ था। इस वाद्य यंत्र को सामूहिक रूप से बजाने से इस आयोजन में गहन आध्यात्मिक महत्ता जुड़ गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल कालूहेड़ा, घट्टिया विधायक सतीश मालवीय, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, उज्जैन नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नगर जिला अध्यक्ष विवेक जोशी और उज्जैन उत्तर विधानसभा संयोजक जगदीश पांचाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह रिकॉर्ड-निर्माण आयोजन ने न केवल उज्जैन की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को उजागर किया बल्कि भक्ति और परंपरा की सामूहिक अभिव्यक्ति के लिए लोगों को साथ लाया।

# अमेजन.इन ने 6 से 11 अगस्त 2024 तक ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा की

**रायपुर।** अमेजन.इन के बहु-प्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल 6-11 अगस्त 2024 के दौरान आज़ादी का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। इस साल उपभोक्ता कलाकारों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, ब्राण्ड्स एवं स्थानीय स्टोर्स सहित विभिन्न विक्रेताओं की ओर विभिन्न कैटेगरीज़ जैसे स्मार्टफोन, कन्ज़्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन, ब्यूटी असेन्शियल्स, होम एण्ड किचन, बड़े अप्लायन्सेज़, टेलीविज़न आदि में लाखों प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ता जाने-माने ब्राण्ड्स जैसे पोको, सैमसंग, वनप्लस, बोट, सोनी, एलजी, स्द्धह्न्द्ध ज्जङ्क स्क्लद्धष्म, प्लेस्टेशन, हैवल्स, विप्रो, लिवाइस, लैक्मे, कैडबरी, कोलगेट, आदि पर बेहतरीन ऑफर्स का फायदा पा सकते हैं। इसके अलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड एवं ईएमआई लेनदेन के साथ तुरंत 10 फीसदी अतिरिक्त छूट का लाभ भी उठा सकते हैं।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने पहली बार 600 करोड़ रुपये से ज्यादा त्रैमासिक राजस्व पार किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 30 जून, 2024 को समाप्त हुई पहली तिमाही के लिए अपने कॉन्सोलिडेटेड परिणाम जारी किए। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में पहली बार बैंक का त्रैमासिक राजस्व साल-दर-साल 52 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 610 करोड़ रुपये हुआ। बैंक का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 41 प्रतिशत बढ़कर 7.2 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही के दौरान बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले यूज़र्स 88 मिलियन से अधिक हो गए, जिससे ग्राहक जमा में वृद्धि हुई, जो साल-दर-साल 53 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 2,943 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का वार्षिक सकल मर्चेंडाईज़ मूल्य 3,400 बिलियन रुपये से अधिक है। बैंक का राजस्व और मासिक लेन-देन करने वाले यूज़र्स में वृद्धि मुख्य रूप से बैंक के डिजिटल बचत खाते एवं अन्य डिजिटल पेशकशों में मांग में वृद्धि के कारण बढ़ा है। बैंक के ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी इनेबल्ड कार्ड की मांग व उपयोग भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी एवं सीईओ, अनुब्रता बिस्वास ने कहा, हमें इस तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, हमारा राजस्व पहली बार 600 करोड़ रुपये से ज्यादा हुआ है। यह उद्योग-अग्रणी वृद्धि भारत के लिए हमारे फ्लैगशिप सुरक्षित दैनिक लेनदेन खाते की जबरदस्त मांग और हमारे सभी व्यवसायों में डिजिटल भुगतान में आई तेजी के कारण संभव हुई।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202407090200141**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय- ब-121 सन- 2023-2024
जोब प.ह.नं. 00006 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-जानकीशरण श्रीवास्तव, अनावेदक पक्षकार-छ.ग.शासन

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जानकीशरण श्रीवास्तव पिता नारायण जाति कायस्थ ग्राम जोब तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक का पुत्र साहिल का जन्म 09.11.2006 को ग्राम जोब तहसील छुरिया में हुआ है जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपने पुत्र साहिल का जन्म तिथि 09.11.2006 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 14/08/2024 को स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**छुरिया**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. - अ 2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **दुर्गेश कुमार चंद्रवंशी पिता शत्रुहन चंद्रवंशी, जाति कुर्मी, निवासी ग्राम तरसिंग, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)** के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि **ग्राम तरसिंह, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. तरेगांव जंगल, तहसील बोड़ला** स्थित भूमि ख.नं. **25/3** रकबा **0.48ए./0.194 हे.** कृषि भूमि को कृषि प्रयोजन से **औद्योगिक प्रयोजन (गुड़ उद्योग)** हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 13/08/2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 08/08/2024**
**पेशी दिनांक - 13/08/2024**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(राजस्व) बोड़ला**

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-202408201500007/अ-6/2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भुनेश्वर साहू पिता स्व. इतवारी राम साहू जाति तेली निवासी डोंगरीपारा वार्ड कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-रोजगारीपारा कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर-02 भूखण्ड क्रमांक 397/2 क्षेत्रफल 5990 वर्गफुट भूमि भू-भाटक 3.46 पैसे आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में चंदा देवी पति उमेदमल जैन जाति जैन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड को ई-पंजीयन क्रमांक IN-CG56286913895843W पंजीकृत ब्रिकी विलेख क्रमांक CG-2024-25-194-1-198 दिनांक 15.07.2024 को रूपये 18,00,000/- शब्दों में (अठारह लाख रूपये) में क्रय करने के पश्चात् आवेदक श्री भुनेश्वर साहू पिता स्व. इतवारी राम साहू जाति तेली निवासी डोंगरीपारा वार्ड कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 22.08.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.08.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम-जंघोरा, प.ह.नं. 58
रा.नि.मं. कौहाकुड़ा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कमला पुसाम ठाकुर, पति कुंदन सिंह ठाकुर, जाति-गोंड़, निवासी ग्राम राधास्वामी नगर भाठागांव रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम-जंघोरा, प.ह.न. 42 रा.नि.मं. कौहाकुड़ा, तहसील पिथौरा स्थित भूमि खसरा नंबर 280 रकबा 0.05 हे. भूमि को आवासीय ईकाई हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, ग्राम पंचायत प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 08.08.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

आज दिनांक 29.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं............वर्ष...............
ग्राम-............, प.ह.नं.............
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा
जिला-महासमुंद

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम नवागांव कला के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक फुलबाई सिन्हा पिता प्रेमलाल सिन्हा जाति कलार साकिन नवागांव कला रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने प्रेमलाल पिता सोनसाय सिन्हा के दिनांक 19.10.1971 को जन्म/मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर/दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त उजर/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/07/2024 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**पिथौरा**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं............वर्ष...............
ग्राम-............, प.ह.नं.............
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा
जिला-महासमुंद

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पिथौरा के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक राजेन्द्र यादव पिता स्व. श्री चन्द्रमणी यादव जाति राउत साकिन पिथौरा रा.नि.म. सांकरा/पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने पिता चन्द्रमणी यादव पिता चमरू यादव के दिनांक 17.02.1987 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर/दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त उजर/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**पिथौरा**

# डोंगरगांव में जगह जगह लगे लापता सांसद के पोस्टर डोंगरगांव नगर में सड़क, आवास व रेत पर विरोधाभास

**समस्त नगरवासी डोंगरगांव के सौजन्य से पोस्टर चस्पा**

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगाँव
www.dailypioneer.com





लोकसभा क्षेत्र के डोंगरगांव नगर में इन दिनों सांसद के विरोध में जमकर पोस्टर वार चालू है। पोस्टर में भाजपा नेता और लापता सांसद जवाब दें लिखकर अज्ञात नागरिकों द्वारा नगर के बुनियादी सुविधाओं व माँगों को लेकर किसी भाजपा नेता और सांसद का सरेराह विरोध जाहिर करते हुए जवाब मांगा गया है। समस्त नगरवासी डोंगरगांव के सौजन्य से लगे फ्लैक्स नगर में सुपरहिट हो गए हैं जिसकी यत्र तत्र चर्चा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नगर में इन दिनों फोरलेन को लेकर चर्चा सरगर्म है। वहीं प्रधानमंत्री आवास भी नगर में ज्वलंत विषय बन गया है। इसके अलावा गर्मी के दिनों में नदियों से रेत चोरी को लेकर सवाल दागे गए हैं। इन मुद्दों को लेकर नगर 8 माह से सुलगता रहा है। इस दरम्यान सांसद चुनाव भी हुए हैं, हैरत की बात ये है कि चुनाव के इर्दगिर्द भी रेत चोरी में एक स्थानीय पदाधिकारी का नाम उभरकर आया था। वहीं रेत चोरी के तार विधानसभा चुनाव हारने वाले एक प्रदेश पदाधिकारी तक जुड़े होने की खबरें भी वायरल हुई थीं।

बहरहाल इन पोस्टर्स के चस्पा होने से डोंगरगांव नगर में सांसद एवं एक प्रदेश पदाधिकारी की छवि धूमिल हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव में पराजय के बाद भी सत्ता सरकार आने के बाद प्रदेश पदाधिकारी के कारनामों की वजह से भाजपा की छबि लगातार धूमिल हो रही है जिसकी शिकायत अब भाजपा के आला नेताओं से किये जाने की तैयारी शुरू की जा चुकी है ।

### विधायक ने किया था चक्काजाम

उल्लेखनीय है डोंगरगांव नगर में जुलाई में स्टेट हाइवे किनारे स्थित बगदई पुल समीप रेत चोरी में लगे वाहनों को स्थानीय नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा पकड़कर प्रशासन के हवाले किया गया था। इस चोरी में एक पदाधिकारी का नाम उभरकर आया था। 500 रु प्रति ट्रिप के आरोप लगे थे। हालांकि रंगे हाथों पकड़े गए वाहन एक प्रदेश पदाधिकारी के दबाव में नाटकीय घटनाक्रम के बाद छोड़ दिये गए थे। इसे लेकर विधायक के अगुवाई में कांग्रेस ने स्टेटहाइवे में चक्क ाजाम किया था।

### पीएम आवास व फोरलेन पर सवाल

नगर में चौक चौराहों पर छाए पोस्टर में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के लिए नगर पंचायत के माध्यम से 900 आवेदन की स्वीकृति लंबित होने का हवाला देते हुए समस्त नगरवासी ने सवाल किया है। वहीं मेनरोड फोरलेन निर्माण के स्वीकृत ड्राईंग डिजाइन मुताबिक निर्माण नही होने पर सवाल उठाया गया है। इन पोस्टरों में साफ़तौर पर सांसद और भाजपा नेताओं के लापता होने का आरोप लगाया गया है जिस पर सांसद और भाजपा नेताओं ने अभी तक किसी भी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# मोतीपुर से निकली पालकी यात्रा





पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गुरुवार को शिव मंदिर, मोतीपुर, बापू टोला रोड से महाकाल की पालकी यात्रा निकाली गई। दोपहर 12 बजे मोतीपुर से पालकी शोभायात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा में भगवान भोलेशंकर शिव के अनेक रूपों में उनकी वेशभूषा में लोक कलाकार नजर आए। साथ ही एक भव्य झांकी बाबा महाकाल की भी शामिल रही। भजन कीर्तन करते हुए महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चों के साथ ढोल, नगाड़े, झांझ, मंजीरे आदि का भी प्रदर्शन किया गया।

# महिला मोर्चा का सावन महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगाँव
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा महिला मोर्चा ने धूमधाम से सावन महोत्सव मनाया। जिला अध्यक्ष कमलेश सारस्वत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। हरी चूड़ी-साड़ियों में मोर्चा की महिलाओं ने यहां विभिन्न आयोजन किए। इस अवसर पर यहां महिलाओं ने झूलाकर उत्सव मनाया। उक्त आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष मदन साहू, अम्बागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला मंत्री पवन गुप्ता, महामंत्री भरत भूषण राजपुत, देवनारायण कुंभकार, व्यापारी संघ के जिला संयोजक मोहन जैन, जिला महिला मोर्चा महामंत्री सत्याभामा सलामे, संगीता मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कुंजलता हरमुख, जनपद पंचायत सदस्य तीजन बाई मानिकपुरी, योगमाया साहू, युवा जिला महामंत्री काशी निषाद, मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, महामंत्री संतोष साहू, पार्षद सुरेश नेताम, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक गजेंद्र मंडावी, भूपेंद्र नूरेटी, अजय, दुर्गेश, जशवंत, बसंता, महेश्वरी, निर्मला पारो, प्रमिला, सुरेखा, जुरेशिया, क्रान्ति गुप्ता सहित महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# नाली के ऊपर अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानो पर निगम भिलाई की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवंती बाई चैंक से जुनवानी सूर्या मॉल चैंक तक नाली के ऊपर अवैध अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही की गई। नगर निगम भिलाई द्वारा व्यापारियो को नोटिस दिया गया था। दो दिन पूर्व मुनादी भी कराई जा रही थी, उसके बाद भी नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण व्यापारियों द्वारा नहीं हटाया गया। कुछ व्यापारियो द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया गया था, जो व्यापारी नाली के उपर से अतिक्रमण को नहीं हटाये थे। उन पर निगम का तोड़फोड़ दस्ता की टीम मौके पर जेसीबी के माध्यम से अवैघ अतिक्रमण को हटाया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी कि व्यापारियो द्वारा नाली के उपर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे देखते हुए अधिकारियो को निर्देश दिये कि व्यापारियो द्वारा नाली के उपर अवैघ अतिक्रमण कर रखा है, जिसे हटाने की कार्यवाही की जानी है। गरूवार को जोन आयुक्त येशा लहरे तोड़फोड़ दस्ता लेकर मौके पर पहुंच गई। नाली के उपर अवैघ अतिक्रमण कर रखे व्यापारियो पर एकरूपता के साथ कार्यवाही की गई। नाली के उपर अवैघ अतिक्रमण के कारण नाली ठीक से साफनहीं हो पा रही है, जिससे पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है। एक ही स्थान पर पानी के भराव हो जाने से मच्छर पनप रहे है, जिससे बिमारियो को खतरा बढ़ रहा है। नाली जाम होने से बरसात के समय सुचारू रूप से जल निकासी अवरूद्व हो जा रहा है। जिसके कारण कुछ क्षेत्रो में जल भराव की स्थिति उत्तपन्न हो जा रही है। सूर्या मॉल चैंक पर अतिक्रमण हटाते समय गाड़ी ड्राईवर कृष्णा ने बताया नाली के उपर अतिक्रमण करके व्यापार करने से रास्ता जाम हो जा रहा है। यहॉ से गाड़ी निकालना मुस्किल हो जा रहा है।

# नगर में 10 को निकलेगी चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा

**हनुमान मंदिर परिसर से साकेतधाम तक नगर भ्रमण**



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में शनिवार 10 अगस्त को देवाधिदेव चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली जायेगी। भक्तगण बाबा चंद्रमौलेश्वर की संगीतमयी पालकी यात्रा निकालेंगे।

यात्रा दोपहर एक बजे से स्थानीय हनुमान मंदिर से निकलकर सदर लाईन से निकलकर सुमधुर भजनों के साथ मेनरोड से होते हुए साकेतधाम परिसर में विसर्जित होगी। आयोजन समिति के मुताबिक पालकी यात्रा दरम्यान राजनांदगाँव के भजन गायक अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। उक्त यात्रा के साकेतधाम में विसर्जन मौके पर सामूहिक संध्या आरती सहित महाप्रसादी वितरण भी होगा। आयोजकों द्वारा महाकाल भक्तों को नशापान के बगैर एवं हिन्दू परिधान में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# नागपंचमी आज : कई मान्यताएं शिववास योग के बीच होगी पूजा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगाँव
www.dailypioneer.com

आज नागपंचमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन नाग देवता की पूजा महत्व होता है। देवी-देवताओं के विग्रह में नाग के कई अर्थ हैं। नागपंचमी के दिन विधि-विधान के साथ पूजा का महत्व होता हैं तो वहीं पर कई मान्यताएं इस दिन के लिए प्रचलित हैं। नागपंचमी का पर्व शुक्रवार को हस्त नक्षत्र और सिद्ध व साध्य योग में मनाया जाएगा। इस दिन दुर्लभ शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। इस दिन भगवान शिव मां पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर रहेंगे। इस समय में शिव परिवार संग नाग देवता की पूजा करने से भी शिवभक्तों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। ज्योतिष विशेषज्ञ पंडित राजेंद्र शर्मा ने बताया कि इन योगों में भगवान शिव और नाग देवता की पूजा करने से उत्तम फ्ल की प्राप्ति होगी। पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की उदया तिथि में 9 अगस्त को नाग पंचमी मनाई जाएगी। नाग पंचमी पर कालसर्प दोष निवारण के लिए पूजा की जाएगी। शुक्रवार का दिन हस्त नक्षत्र के स्वामी सूर्य, सिद्ध योग के स्वामी कार्तिकेय हैं। इस दृष्टि से जिनके विवाह में बंधन का योग है, वह भी इस दिन नाग देवता की पूजा कर सकते हैं। नाग देवता की पूजन से परिवार में कुल वृद्धि होती है। बाधाओं का निराकरण होता है। इस दिन नाग देवता के मंदिरों में यथा विधि पूजन अर्चन करना चाहिए।

### नागपंचमी के दिन नहीं करना चाहिए ये काम

नागपंचमी के दिन कई कार्यों की मनाही होती हैं। कहते हैं ब्रम्हाजी ने सर्पों को नाग पंचमी के दिन पूजे जाने का वरदान दिया था। कहते हैं नाग देवता की पूजा करने से राहु-केतु जनित दोष और कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा इस दिन कई कार्य वर्जित मानें जाते हैं। जिसमें किसी भी काम के लिए जमीन की खुदाई न करें। इस दिन सिलाई, कढ़ाई नहीं करनी चहिए, क्योंकि नाग पंचमी पर नुकीली और धारदार चीजों जैसे चाकू, सूई का इस्तेमाल अशुभ माना जाता है।

# देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का यह सुनहरा अवसर : अवधेश चंदेल




पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगाँव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण अभियान हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिये दोपहर जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुई बैठक को संबोधित करते हुये जिला प्रभारी अवधेश चंदेल ने पार्टी के तिरंगा यात्रा व हर-घर तिरंगा अभियान पर बोलते हुये कहा कि देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का यह सुनहरा अवसर आया है, जब हम तिरंगे की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्रवाद की ज्वाला खड़ी करें। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया इसके बाद तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने कार्यक्रम का विवरण जारी करते हुये कहा कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों 11 से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा, जो कम से कम 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, यह कार्यक्रम युवा मोर्चे की अग्रणी भूमिका आयोजित होगा। इसी प्रकार 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास के स्थानों को साफकिया जायेगा तथा 13 से 15 अगस्त के मध्य महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण किया जायेगा। आगे बताया कि 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता नागरिकों के साथ सहभागिता करके हर-घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, इस कार्यक्रम की सफलता के लिये कल व परसों दो दिनों तक मंडल स्तर पर बैठकें हो रही है ताकि बूथ स्तर तक जाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकें।

बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, युवा मोर्चा व जिला भाजपा के पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उपस्थित थे।

# बाबा बागेश्वर की शोभायात्रा में थिरकीं महिलाएँ कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज का बागेश्वर महोत्सव




पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में कसौंधन वैश्य समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार श्री बागेश्वर महोत्सव आस्थापूर्वक मनाया गया। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को 5 अगस्त को पंचमुखी भगवान शंकर श्रीबागेश्वर बाबा का पूजन एवं 5 पार्थिव शिवलिंगों की स्थापना कर विधिवत पूजन व अभिषेक सामाजिकजनों के द्वारा किया गया। उपरांत शोभायात्रा में समाज की महिलाएँ व युवतियाँ भजनों में जमकर थरकते नजर आईं। नगर में स्थित सामाजिक भवन से शोभायात्रा निकलकर गौरव पथ, पुराने बस स्टैण्ड, सदर लाईन, फव्वारा चौक होते हुए कालेज रोड स्थित तालाब में मूर्ति के साथ सभी शिवलिंगों को श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। आयोजन में प्रमुख तौर से समाज अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, शारदा प्रसाद गुप्ता, महेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता अर्जुनी, बृजमोहन गुप्ता लल्लू, रमेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, संतोष गुप्ता, हरिप्रसाद गुप्ता, हितेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, गोविन्द प्रसाद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, कमलनारायण गुप्ता, मनीष गुप्ता बगदई, दिनेश गुप्ता, जगतनारायण गुप्ता अं.चौकी, संतोष गुप्ता गिरगांव, रोहित गुप्ता, राकेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, आकाश गुप्ता सहित गुप्ता समाज के अनुयायी अपने संपूर्ण परिवार सहित शामिल हुए।

**अर्जुनी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित**

# एक हफ्ते में 26 हजार 90 त्रुटि सुधार किया गया : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगाँव
www.dailypioneer.com




जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन्न और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों से कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पात्रता अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने जीवन स्तर को अच्छा कर सकते हैं। परिवहन विभाग के स्टॉल में लर्निंग लाईसेंस के लिए आवेदन दे सकते हैं। महाविद्यालय जाने वाले युवा आवेदन कर सकते हैं। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं, वहीं कृषि से संबंधित सलाह ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि, कई बार नामांकन, बंटवारा नहीं होने के कारण धान बिक्री करने में किसानों को दिक्कत होती है। इस समस्या के समाधान के लिए राजस्व अमला दो दिन का कार्य कर रहे है। एक हफ्ते में अभियान चलाकर जिले में कुल 26 हजार 90 त्रुटि सुधार किया गया है। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि गर्मी बढ़ी है, वहीं जिले में भू-जल स्तर नीचे चला गया है। लगातार ट्यूब वेल, बोर के माध्यम से भू-जल दोहन से भू-जल स्तर नीचे चला गया है। आने वाले वर्षों में यह स्थिति चिंतनीय हो। इसके लिए लगातार प्रयास करना होगा। उन्होंने जनसमान्य से कहा कि शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का समझ सकते हैं। कोई दिक्कत हो रही है, तो यहां समाधान ले सकते हैं। सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने कहा कि अर्जुनी बड़ा ग्राम है, यहां बहुत सी गतिविधियां संचालित है। अर्जुनी के तालाब में वाटर ट्रिटमेंट प्लांट प्रारंभ करने के संबंध में योजना बनाई जा रही है। मनरेगा अंतर्गत तालाब, परकोलेशन टैंक, चेकडेम में बारिश के पानी को रोकने के लिए संरचना बना रहे हैं।

# तिरंगा अभियान को लेकर आज से मंडल भाजपा की बैठकें

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगाँव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर मंडल स्तर पर पार्टी की गतिविधियां प्रारंभ हो गई है, इसके तहत जिले के सभी दस मंडलों में 09 व 10 अगस्त को बैठकें आयोजित की गई है, जिसमें जिले से नियुक्त प्रभारी गण उपस्थित रहेंगे। जानकारी के अनुसार हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल 09 अगस्त को डोंगरगांव मंडल की बैठक होगी, जिसमें मूलचंद लोधी व विरेन्द्र जैन उपस्थित रहेंगे इसी प्रकार 10 अगस्त को राजनांदगांव उत्तर मंडल की बैठक जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व रवि सिन्हा उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव दक्षिण मंडल की बैठक मुकेश बघेल की उपस्थिति में राजनांदगांव ग्रामीण की बैठक आभा तिवारी व सावन वर्मा की उपस्थिति में लालबहादुर नगर की बैठक कोमल सिंह राजपूत व सुरेन्दर सिंह बन्नोआना की उपस्थिति में डोंगरगढ़ शहर की बैठक रविन्द्र वैष्णव व मूलचंद लोधी की उपस्थिति में डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल की बैठक चन्द्रिका डड़सेना व सुरेन्दर सिंह बन्नोआना की उपस्थिति में छुरिया मंडल की बैठक दिनेश गॉधी व विजेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में कुमर्दा मंडल की बैठक लक्ष्मीनारायण गुप्ता व लीलाधर साहू की उपस्थिति में तथा घुमका मंडल की बैठक रघुवीर वाधवा व आलोक बिंदल की उपस्थिति में 10 अगस्त को संपन्न होगी।

# सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव ने की जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी के निर्माण कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने विडियो कांफ्रें स के जरिए जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी में विभिन्न योजनातर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रगतिरत एवं पुराने कार्यों को तत्काल पूर्ण कराये जाने के निर्देश संबंधित सीईओ जनपद पंचायत को दिये। इसी तरह 15 वें वित्त के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर 2023-24 तक के अपूर्ण कार्यों को समय सीमा में किये जाने निर्देशित किया गया। उन्होंने क्षमता विकास के तहत पूर्ण कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए राशि का मांग पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर जन्म-मृत्य पंजी का संधारण सचिव के माध्यम से कराये जाने के निर्देश बैठक में दिये तथा मृत्यु पंजी एवं बीमा योजना की जानकारी जिला कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने कहा गया। आगामी 22 अगस्त से बीपीआरसी प्रारंभ किया जाना है और उनकी क्या क्या औपचारिकताएं है ग्रुप में शेयर किये जाने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। पी.एम.-जनमन के कार्यों में बीआरएलएफ के साथ



समन्वय कर निर्माण कार्यों में प्रगति लावें एवं 30 सितंबर तक सभी कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करावें एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। कृषि आधारित कार्य, एनआरएलएम एवं इफ्रा के कार्यों तथा आवास के कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य करावें। मनरेगा अंतर्गत निर्मित तालाब का मत्स्य पालन की दृष्टिकोण से चिन्हांकन एवं मत्स्य विभाग के संबंधित अधिकारी का सूची जिला कार्यालय को प्रेषित करने के भी निर्देश दिये गये। क्लार्ट एप्प का प्रशिक्षण जनपद स्तर पर की गई है कि जानकारी जिला कार्यालय को प्रेषित करें व सी.एल.एफ से जुड़े समूहों का क्लार्ट का ट्रेनिंग अवश्य करावें। पंचायतों में क्लार्ट मेप का फ्लैक्स लगाये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। इसी तरह पंचायतवार वृक्षारोपण व जियो टैगिंग की जानकारी जिला कार्यालया को उपलब्ध करावें। स्वच्छ भारत मिशन के तहत के जिले के सभी ग्राम पंचायतों को स्वच्छता से परिपूरित प्लास्टिक मुक्त गांव बनाये जाने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता दीदीयों को सफाई कर्मी के रूप में असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में असंगठित श्रमिक के रूप में पंजीयन कराने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया तथा पंचायत सचिव व रोजगार सहायक को मोबाइल एप्प के माध्यम से प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करावें, ताकि योजना का लाभ उन्हें मिले। सभी विकासखंडों में श्रम विभाग अभियान चलाकर 15 अगस्त तक पूर्ण रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिये। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि-आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए एवं आयु प्रमाण पत्र के रूप में मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, अंकसूची जिसमें आयु अंकित हो। असंगठित कर्मकार होने संबंधित स्वघोषणा पत्र, कृषि मजदूर के लिए ढाई एकड़ अथवा उससे कम भूमि वाला मजदूर तथा ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राही को 10 हजार रुपए का मासिक आय प्रमाण पत्र जो सरपंच अथवा पटवारी द्वारा जारी किया गया हो की संबंधित जानकारी से हितग्राहियों को अवगत कराई जावें। इसी तरह भारत सरकार द्वारा अंतरिम बजट 2024-25 में पी.एम. सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का घोषणा किया गया है जिसके तहत देश के एक करोड़ तथा राज्य के एक लाख घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना कर प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुक्त बिजली प्रदाय करने हेतु 75 हजार करोड़ से ज्यादा निवेश करेगी का विकासखंडवार जानकारी अपडेट करने तथा बड़े पंचायत एवं बड़े घरों को प्रमुखता से टारगेट करने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत कर नपाध्यक्ष ने दिलाई नगर वासियों को डायलिसिस यूनिट एवं ब्लड बैंक सुविधा

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने पूरे फैमिली के साथ बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर जा रहे थे श्रावण मास में प्रतिपदा से लेकर पूर्णमासी तक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों की सेवा के लिए निःशुल्क रहने एवं ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है जहां उनके आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। स्वास्थ्य **मंत्री के आगमन पर**-आतिशबाजी के साथ नगर के दर्जनों ब्राह्मणों के सहयोग से शंख ध्वनि के बीच वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुष्प वर्षा करते हुए रमन अग्रवाल के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को तिलक लगाकर पगड़ी पहनाया गया तो वहीं पर उनके धर्मपत्नी शिप्रा अग्रवाल के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री के पत्नी को पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि भगवान महादेव की कृपा से वर्ष 1998 से मैं लगातार बैजनाथ धाम की यात्रा कर प्रतिवर्ष उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ वासी स्वस्थ एवं दीर्घायु हो यही कामना भोलेनाथ से करूंगा,और हमें इस बात की खुशी है कि बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों की निशुल्क सेवा की जा रही है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।इसी बीच नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज के लिए डायलिसिस यूनिट एवं ब्लड बैंक स्थापना करने की घोषणा करते हुए कहा कि डायलिसिस यूनिट तो तत्काल प्रारंभ करा दिया जायेगा लेकिन ब्लड बैंक की प्रक्रिया को पूर्ण करने में 3 से 4 महीने का समय लग सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ साथ आवश्यकतानुसार समय-समय पर रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। घोषणा के बाद उपस्थित नगर वासियों में काफी हर्षो उल्लास देखा गया क्योंकि रामानुजगंज वासियों को डायलिसिस के लिए कम से कम 100 से 150 किलोमीटर का सफर सफर तय करना पड़ता था जो आने वाले समय में नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर धर्म स्वावलंबी लोगों के साथ निर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या नगर वासी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हसौद में हुआ

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हसौद में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें 368 का तवरीत निदान किया गया कलेक्टर महोदय अमृत विकास तोपनो कलेक्टर शक्ति एवं एसडीएम अरुण सोम के साथ जिले भर के अधिकारी, कर्मचारी वहीं पर 37 स्टाल लगाएं गए थे ।जिनका आवेदन का कार्य 3:00 तक चलता रहा जिसमें 368 आवेदन आए। आवेदन आने का सिलसिला शिविर होते तक चलता रहा । मत्स्य विभाग के द्वारा 10 लोगों का पट्टा वितरण किया गया कृषि विभाग के द्वारा डीजल पंप वितरण किया तथा शिक्षा विभाग के द्वारा 20 छात्रों को साइकिल वितरण किया गया तथा कृषि उद्यानिकी विभाग



के द्वारा पौधे वितरण किया तथा महिला बाल विकास विभाग के द्वारा जो गर्भवती महिला गोद भराई के साथ नन्हे शिशु महिला को अन्नप्रशन अतिथियों द्वारा कराया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर अमृत विकास टोपनोअनुविभागिय अधिकारी रा शक्ति अरुण सोम ,मुख्य कार्य अधिकारी जैजैपुर वर्षा रानी चिकन जुरी कै साथ 37 विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे कलेक्टर महोदय अमृत विकास तोपनों ने कहा कि जितने भी आवेदन पत्र आए हैं उनका निराकरण उनके विभाग के द्वारा किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर पूर्व विधायक निर्मल सिंहा,जिला सदस्य इंदिरा राजेश लहरे, जिला सदस्य माधुरी टेकचंद चंद्रा,भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जनपद उपाध्यक्ष उमाशंकर चंद्रा टेकचंद चंद्रा, गोपी सिंह ठाकुर,नील कठ सोनी, दिलीप चन्द्रा, सुखदेव खुटै, ग्राम पंचायत हसौद सरपंच हैम. बाई साहू। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का संचालन लीलाधर चंद्रा के द्वारा किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण जन समस्या निवारण शिविर में भाग लिए और अपना निराकरण के लिए आस लगाए बैठे रहे। जनसमस्या निवारण जिला स्तरीय शिविर में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता, अंबेडकर एवं महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प हार एव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# जन समस्या निवारण शिविर में लोगों की शिकायतों का हो रहा त्वरित निराकरण

## जनसमस्या निवारण शिविरों में उमड़ रही भीड़:शिविर में महापौर ने आयुषमान कार्ड वितरण किया

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम द्वारा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में लगाए जा रहे जन समस्या निवारण शिविरों में काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। बुधवार को 9 वार्डो के लिए शिविर लगाए गए। इन सभी शिविरों में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं व शिकायतें लेकर पहुंचे। सफाई, राशन कार्ड, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया, निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शिविर में लगाए गए विभाग द्वारा विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों के दिए।इस अवसर पर एमआई सी सदस्य संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद प्रकाश जोशी, महेश्वरी ठाकुर, प्रीति गीते, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, प्रकाश गीते, उप अभियंता राजेन्द्र ढबाले आदि मौजूद रहें। इन शिविरों में साफ - सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,



आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड से जुड़ी विभिन्न शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयाँ उपलब्ध कराई गई।

नागरिको द्वारा अपनी मांग तथा शिकायतो से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये गये।नगर निगम क्षेत्र के विवेकानद भवन में वार्ड 41 से 49 तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में 215 आवेदन प्राप्त हुए।जिसमे 77 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष बचे 138 आवेदनों को विभागीय अधिकारी को कार्रवाही कर निराकरण के लिए भेजा गया।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद का किया जाएगा कायाकल्प





■ कलेक्टर नम्रता गांधी ने स्कूल पहुंचकर भवन का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प किया जाएगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने स्कूल भवन और परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वयंसेवी संस्था रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 द्वारा स्कूल मरम्मत एवं रिनोवेशन का कार्य करेगी। इसके लिए उन्होंने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को स्कूल भवन का मुआयना कर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने कहा कि शाला भवन को सुसज्जित व सुन्दर बनाने के लिए उक्त संस्था को प्राक्कलन प्रदाय किया जाए। साथ ही उक्त कार्य में आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रदाय करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसडीएम कुरूद डीडी मण्डावी, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, सहायक संचालक शिक्षा एलडी चौधरी, तहसीलदार दुर्गा साहू सहित संबंधित अधिकारी और स्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय मुख स्वास्थ्य जांच शिविर में किया गया कुल 245 लोगों का पंजीयन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत आज नगरी ग्राम सांकरा स्थित मानस भवन में शिविर रखा गया। शिविर में कमार जनजाति एवं अन्य पिछली जनजातियों के अलावा सभी समुदायों के मुख स्वास्थ्य का जांच किया गया। आज आयोजित शिविर को बतौर मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने संबोधित करते हुए ने कहा कि मुख स्वास्थ्य का जांच समय.समय पर आवश्य कराते रहना चाहिए। इससे मुख के कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए बी एम ओ नगरी डॉ एण्केण् नेताम ने कहा कि मुख स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसे गुटखाए खैनी इत्यादि नशीली पदार्थ खाकर खराब न करेए क्योंकि मुंह हमारे अंदरूनी अंग तक



पहुंचने का प्रथम मार्ग है। इसलिए इसके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बी पी एम नगरी हितेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि आज के शिविर के उत्साहवर्धक परिणाम को देखते हुए अन्य सेक्टर में भी इस प्रकार के कैम्प का आयोजन किया जाएगा। आज के शिविर में कुल 150 लोगों का पंजीयन किया गयाए जिसमें से मुख स्वास्थ्य के 108 मरीजों में से 15 मरीज कमार जनजाति के रहे।

इसी तरह माईल्ड फ्लूरोसिस.05ए दांत में झनझनाहट के 18ए पूर्ण नकली दाँत की आवश्यकता वाले 20 और आंशिक रूप से नकली दाँत के आवश्यकता वाले 45 मरीज मिले है। इस तरह बीते दिन मगरलोड के मोहेरा और आज नगरी के ग्राम सांकरा में आयोजित मुख स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 245 लोगों का पंजीयन किया गया।

# जशपुर में नालंदा परिसर की तर्ज पर बनेगी 500 सीटर लाइब्रेरी विधायक व कलेक्टर ने भूमि चयन के लिए किया निरीक्षण

■ कुनकुरी में 200 सीटर के लिए मिली है स्वीकृति

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधायक रायमुनी भगत और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर की तर्ज पर नगर पालिका परिषद जशपुर नगर अंतर्गत 500 सीटर लाईब्रेरी निर्माण के लिए शासकीय भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने जशपुर निकाय क्षेत्र अंतर्गत् रणजीता स्टेडियम के पास, पुराना जशपुर क्लब, जिला संग्राहालय के पास एवं टिकैतगंज रोड़ में स्थित शासकीय भूमि का अवलोकन कर जायजा लिया। विधायक एवं कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान आर्कीटेक्ट द्वारा पुस्तकालय निर्माण हेतु तैयार किया गया मॉडल डिजाईन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सर्व सुविधायुक्त नालंदा परिसर की तर्ज पर पुस्तकालय के



निर्माण के लिए मुख्यमंत्री के मंशानुरूप मॉडल प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप अभियंता नवीन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य कृपाशंकर भगत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के युवाओं को नालंदा परिसर लाईब्रेरी के रूप में उपहार प्रदान किया है। उन्होंने राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों सहित जशपुर जिले के नगर पालिका परिषद जशपुर नगर अंतर्गत 500 सीटर और कुनकुरी में 200 सीटर लाईब्रेरी की स्वीकृति प्रदान की है। इससे युवाओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री मिलेगा। 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को नालेज बेस्ड सोसायटीश् यानी ज्ञान आधारित समाज के नाम से जशपुर जिले सहित प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर लाइब्रेरी बनेगा।

# जिला स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम सम्पन्न, सभी देशवासी मिलकर मनाएंगे स्वतंत्रता दिवस : उद्धेश्वरी पैंकरा

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ज़िला भाजपा कार्यालय में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाशजायसवाल के अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। अयोजित बैठक में भारत माता श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। हर घर तिरंगा- घर घर तिरंगा कार्यक्रम बैठक को संबोधित करते हुए सामरी विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष उद्धेश्वरी पैंकरा ने कहा कि हमारा भारत देश आजादी के अमृतकाल वर्ष चल रहा है राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा झंडा लहराना है जिससे हर देशवासियों को अपने देश के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत हो। इसमें सभी स्कूली छात्र-छात्राएं, युवा,




महिला, किसान, अवश्य रूप से भाग लेने के लिए आह्वान किए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु जानकारी बिंदूवार प्रदान किए गए एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। 11 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा, महापुरुषों की प्रतिमा को साफसफाई एवं माल्यार्पण तथा 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस तथा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कृष्ण मिश्रा जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी, जयप्रकाश गुप्ता, अजीत सिंह, जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री शैलेश गुप्ता, शिव शंकर सिंह मरावी,बलवंत सिंह जनपद अध्यक्ष विनय पैंकरा, उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित, मुकेश गुप्ता, मीडिया जितेंद्र श्रीवास्तव, गौतम सिंह, अज्जू गुप्ता, जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव, विवेक जायसवाल, शुभम सोनी, दिलीप सोनी, अंश सिंह, अशर्फी यादव, योगेश यादव, मंगलम पांडे,अभिषेक सिंह, सहित जिलापदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी उपस्थित थे।

## प्राप्त 553 आवेदन में से 271 प्रकरणों का मौके पर ही किया गया निराकरण

# सामुदायिक भवन खजांचीटोली में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग. शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के नागरिकों की जन समस्या के निराकारण किये जाने हेतु सामुदायिक भवन, खजांचीटोली में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे तक किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में राधेश्याम राम, अध्यक्ष नगरपालिका जशपुर के द्वारा राजुराम पिता अजर राम व अंकित सिंह पिता भानू प्रताप सिंह का पेंशन प्रकारण की स्वीकृति प्रदान की गई, तथा हेमलता सिंह पति मिथलेश कुमार सिह, गीता बाई मति अशोक राम एवं अगली यादव पति विशुन यादव का राशन कार्ड प्रकारण की स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित आम नागरिकों को पौधा



वितरण की गई । शासन के द्वारा चलाई जा रही जन समस्या निवारण पखवाड़ा के संदर्भ में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, धनवंतरी योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, पेंशन योजना महतारी वंदन योजना, आयोध्या घाम तिथि यात्रा योजनाओं की जानकारी उपस्थित आम नागरिकों को दी गई, एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में उपस्थित आम नागरीकों से अपील की गई की घरों के बाहर कचरा न फेंके, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई दीदीयों को गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग छाट कर देने तथा नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में कुल 553 आवेदन प्राप्त हुई, जिसमें मांग के 498 आवेदन तथा शिकायत से संबंधित 55 आवेदन प्राप्त हुए। निर्माण से संबंधित 81 आवेदन, विद्युत से 32 आवेदन, सफाई से 42 आवेदन, पेंशन के 24 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 94 आवेदन, जलप्रदाय के 60 आवेदन, राशनकार्ड के 98 जन्म - मृत्यू के 29, राजस्व के 06 प्रकारण, विवाह पंजीयन के 01 तथा महिला बाल विकास के 07, वन ÷विभाग के 08, सामान्य प्रशासन के 02 प्रकारण, विद्युत विभाग के 07 आवेदन तथा राजस्व विभाग के 60 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त शिकायत पर मुख्यनगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारीयों द्वारा तत्काल कार्यावाही करते हुए मौके पर ही 271 प्रकारण का निराकारण किया गया। जिसमें नाली सफाई, कचरा हटाना, विधुत पोल में स्ट्रीट लाईट लगवाना एवं नल में पानी न आने की समस्या का निराकरण किया गया। उक्त शिविर में नायब तहसीलदार, जशपुर, महिला बाल विकास, श्रम विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर स्थल पर ही आयुस्मान कार्ड बना कर हितग्राहीयों को प्रदाय किया गया।

साथ ही नगरपालिका द्वारा आम, जामून, कटहल, ईमली, आमरूद, अर्जून एवं अन्य प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधो का वितरण किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में राधेश्याम राम, अध्यक्ष, राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष, अंजेला खेस्स, पार्षद, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, योगेश्वर उपाध्याय, अशिमा विश्वास उप अभियंता, टी. आर यादव, लेखपाल, सुरेन्द्र मिश्रा जल प्रदाय प्रभारी, प्रभात सिंन्हा, राजस्व प्रभारी, लिलेन्द्र प्रधान, महेश्वर राम चौहान, राजेश ठाकुर, संत मंहतो, बद्रीनाथ पटेल, सुजीत कुशवाहा, दिनेश सिंह, भोला यादव, शंकर यादव, सुरज पाठक सहित निकाय के सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, उपस्थित रहे।

# दस दिवसीय शिविर का समापन पुरैना में



**रिसाली।** जनसमस्या निवारण शिविर के अंतिम दिन 141 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। स्थल पर ही 4 फुटकर व्यापारियों से ऋण संबंधी आवेदन लेकर बैंक भेजा। वहीं पेंशन के अभाव में भटक रहे वृद्धा को शिविर में पात्र पाए जाने पर औपचारिकता पूरी की गई। पांच घंटे के शिविर में कई ऐसे थे जिनका राशन कार्ड ही नहीं बना था। ऐसे हितग्राहियों से आवेदन लेकर खाद्य विभाग भेजा गया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर मृत्यु प्रमाण पत्र और गुमास्ता लाइसेंस के आवेदन को तत्काल निराकरण किया गया। वहीं सार्वजनिक शौचालय के टैंक में पानी नहीं चढ़ने की शिकायत का निराकरण बिना देरी किया गया। शिविर के आरंभ होने के बाद महापौर शशि सिन्हा प्रत्येक स्टॉल तक पहुंची और आने वाले आवेदनों का अध्ययन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सोनिया देवांगन, डॉ. सीमा साहू, पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा, रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, रेखा देवी, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधायक प्रतिनिधि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू आदि उपस्थित थे।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा: 13 वें दिन रायपुर नगर निगम के 2 वार्डो में लगा शिविर

## 525 में से 409 आवेदन शिविर में त्वरित निराकृत, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा पहुंचे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के वार्डो में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लगाए जाने का सिलसिला जारी है। रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 70 वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाडा अंतर्गत शिविर हेतु प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वार्ड में 1 शिविर लगाया जायेगा एवं उसमें रायपुर नगर पालिक निगम सहित विभिन्न शासकीय विभागो के अधिकारीगण जनसमस्या सुनकर उसका यथासंभव त्वरित निराकरण करने निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहेंगे। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा 13 वें दिन जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत जनसुविधा हेतु शिविर जोन 3 के मदर टेरेसा वार्ड के सरदार प्रीतम सिंह सैनी स्कूल श्याम नगर, जोन 6 के शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड के मुस्लिम हाल सामुदायिक भवन संजय नगर में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत षिविर लगाया गया। जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, संबंधित जोन कमिष्नरगण एवं कार्यपालन अभियंतागण की उपस्थिति में शिविर में पहुंचे एवं रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों सहित रायपुर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार लगाए जा रहे जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा के 13 वे दिन नगर निगम के विभिन्न 2 वार्डो में लगाये गये शिविर में नागरिकों से कुल प्राप्त 525 आवेदनों में से 409 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही तत्काल निराकरण कर दिया गया। शेष 116 मांगों के त्वरित निदान हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गये। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने सभी नागरिकों से जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया। लगाये गये भिन्न 2 वार्डो के जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर में पहुंचे नागरिको को आवेदन करने के मिनटो बाद तत्काल राषन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड प्रदत्त करने का सिलसिला निरंतर जारी रहा। महिलाओं ने बडी संख्या में श्रमकार्ड बनवाये जो उन्हें श्रम विभाग के स्टाल से तत्काल प्रदत्त कर दिये गये। इससे संबंधित हितग्राहियों ने त्वरित कार्यवाही कर प्रसन्नता व्यक्त कर शासन प्रषासन को धन्यवाद दिया। शिविर में 30 पात्र नागरिको को तत्काल डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाकर प्रदत्त किये गये। आय प्रमाण पत्र 41 नागरिको को तत्काल बनाकर दिये गये। श्रम विभाग ने तत्काल 16 पात्रों को श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाकर प्रदत्त किये। 7 नागरिकों को आधार कार्ड तत्काल बनाकर दिये गये। शिविर में 38 लोगो को आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड बनाकर प्रदत्त किये गये। हितग्राहियों के कार्य तत्काल होने पर उनके चेहरे खिल उठे एवं उन्होने इस हेतु राज्य शासन, जिला प्रषासन, नगर निगम रायपुर को धन्यवाद दिया। वार्डो में पार्षदगण जोन अधिकारियों सहित लगातार स्टालों का अवलोकन कर कार्य हेतु पहुंची आमजनों की समस्याएं सुनते रहे एवं उनका त्वरित निदान करवाने कार्य किया।

# छत्तीसगढ़ में खुलेगा एलएनआईपीई का क्षेत्रीय संस्थान : खेल मंत्री टंक राम वर्मा

## नवा रायपुर के तेन्दुआ में 120 एकड़ भूमि चिन्हित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शारीरिक शिक्षा के साथ खेलों में विशेषज्ञता हासिल करने शीघ्र ही लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) ग्वालियर की तर्ज पर क्षेत्रीय संस्थान प्रारंभ होने जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। एलएनआईपीई सेंटर के लिए नवा रायपुर के तेन्दुआ में 120 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिसे राजस्व विभाग के द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को आबंटित करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होने वाले इस एलएनआईपीई सेंटर को भारत सरकार वित्तीय सहायता देगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा और ग्वालियर के राष्ट्रीय संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंदू बोरा के साथ हुई बैठक में नवा रायपुर के तेंदुआ में एलएनआईपीई सेंटर स्थापित करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। एलएनआईपीई के क्षेत्रीय संस्थान में प्रति शैक्षणिक सत्र में 1000 छात्र शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकेंगे। यह संस्थान पूर्णतः आवासीय होगा। इसके लिए तेन्दुआ में 120 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिसे राजस्व विभाग के द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को आबंटित करने का निर्णय लिया गया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री वर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है। एल.एन.आई.पी.ई. की कुलपति प्रोफेसर इंदू बोरा ने बताया कि अगले सप्ताह मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एण्ड स्पोर्ट्स भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस विषय पर खेल मंत्री टंकराम वर्मा केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से जल्द ही मुलाकात कर प्रस्ताव पारित करने का आग्रह करेंगे। इस अवसर पर सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग हिमशिखर गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर के रजिस्ट्रार डॉ. संजीव यादव एवं अधिष्ठाता डॉ. कृष्णकांत साहू उपस्थित थे।

# बड़बोलापन और भ्रष्टाचार एक साथ करते रहे भूपेश : मूणत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम (पीडीएस) घोटाला मामले को लेकर हो रहे खुलासों पर कहा है कि कांग्रेस के डीएनए में भ्रष्टाचार किस कदर रचा-बसा है, इसका जीवंत प्रमाण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर किए गए उस दावे से मिलता है, जिसमें कहा गया है कि आरोपित रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला को 16 अक्टूबर, 2019 में अग्रिम जमानत देने वाले हाई कोर्ट के एक तत्कालीन जज उनके (आरोपितों के) संपर्क में थे। मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने वाली कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने पहले तो जनता का धन लूटा, उनका अनाज लूटा और बाद में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देकर सबूत से छेड़छाड़ करने का भी प्रयास किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि जिस प्रकार जाँच एजेंसियाँ सुप्रीम कोर्ट में तथ्यों को सामने रख रही हैं, वे हैरान करने वाने हैं। पीडीएस घोटाले के आरोपियों को बचाने का प्रयास किया गया और इसके लिए किस हद तक भूपेश बघेल की सरकार गई थी, यह अब 'आईने' में साफनजर आने लगा है। भ्रष्टाचारियों से कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार का बड़ा गहरा नाता रहा है, कई मामलों में तो पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भ्रष्टाचार के आरोपितों की खुलकर वकालत तक करते नजर आए थे। चूँकि भ्रष्टाचार के इन मामलों में कांग्रेस नेताओं और भूपेश सरकार की पूरी संलिप्तता रही है इसलिए भ्रष्टाचारियों को पूरी तरह से बचाने का प्रयास किया गया। मूणत ने कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल के इन तमाम घोटालों के सत्य और तथ्य अब सामने आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचारियों से जुड़े लोग जजों के संपर्क में थे और जज से संपर्क बनाने में उनके नौकरशाह भाई और तत्कालीन एजी ने लाइजनर की भूमिका निभाई थी।

# साय सरकार ने दी श्रमिक परिवारों को 135.96 करोड़ रूपए की सहायता राशि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद श्रमिक परिवारों को उनके लिए संचालित विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन हो रहा है। अब तक 01 लाख 30 हजार श्रमिक परिवारों को श्रम विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा चुका है। इन योजनाओं में 135 करोड़ 96 लाख 59 हजार से अधिक की सहायता राशि दी गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की ओर से 6 हजार 205 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में कुल 11.41 करोड़ रूपये की सहायता राशि के चेक वितरित की है। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल अंतर्गत 13 दिसम्बर 2023 से 08 अगस्त तक मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम और जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 23 हजार 308 हितग्राहियों को 46 करोड़ 61 लाख 60 हजार रूपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार मिनीमाता महतारी जतन योजना में 29 हजार 161 हितग्राहियों को 58 करोड़ 31 लाख 75 हजार, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 1396 हितग्राहियों को 2 करोड़ 39 लाख 42 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 828 हितग्राहियों को 8 करोड़ 40 लाख रूपए की सहायता दी गई है।

# डॉ.चरणदास महंत ने प्रदेश वासियो को विश्व आदिवासी दिवस की दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभ नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी है। यह दिवस विश्व के आदिवासी समुदाय की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाने का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि आदिवासी समुदायों ने सदियों से पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भी आदिवासी समुदाय का मुख्य आहार पेड़-पौधों पर निर्भर है। यहाँ तक कि उनके धर्म और त्योहार भी प्रकृति से जुड़े हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने विश्व आदिवासी दिवस पर कहा की, हर साल दुनियाभर में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस आदिवासी समुदायों की रक्षा करने और उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए समर्पित है।

# महादेव एप से सट्टा संचालित करने वाले 5 सटोरिये मुंबई से गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पुलिस ने महादेव एप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालन के आरोप में 5 सटोरियों को मुंबई से गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने सट्टा खेलने/खिलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थाना गंज के अपराध क्रमांक 281/24 धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत 03.08.2024 को गंज क्षेत्र के फाफाडीह स्थित एक्सप्रेस-वे अंडर ब्रीज के नीचे से दो सटोरियों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार सटोरियों के नाम यामंत चन्द्राकर और ओम प्रकाश चन्द्राकर हैं, जो कि दुर्ग जिले के चंदखुरी गाँव के निवासी हैं। इनसे 3 मोबाइल फोन और एक थार कार सहित कुल 16,85,000 रुपये का सामान जप्त किया गया था। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ के बाद पता चला कि उनके अन्य साथी मुंबई में बैठकर महादेव एप के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे हैं। इस जानकारी पर, रायपुर पुलिस की एक विशेष टीम मुंबई रवाना की गई। टीम ने मुंबई के जूहू तारा स्थित होटल रमी जेस्ट लाईन के एक कमरे में छापा मारा, जहां 5 व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा संचालित करते हुए पाए गए। रेड के दौरान लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा संचालन की पुष्टि हुई।

# जागरूकता और सेहतमंद दिनचर्या से हो सकता है कैंसर से बचाव : डॉ. सिरोही



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि पूरी दुनिया में कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। विकासशील देशों में इसकी रफ्तार अधिक है। इससे बचने का सबसे बेहतर तरीका है जागरूकता और सेहतमंद जीवनशैली। डॉ सिरोही छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय स्थित सेवाभवन में कैंसर से बचाव पर एक कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। पॉवर कंपनीज के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विनोद अग्रवाल, चंद्रकला गिडवानी, आईआरओ गोपाल खंडेलवाल सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। डॉ. सिरोही ने बताया कि कैंसर के दो प्रमुख कारण हैं, जिनमें से वंशानुत जींस से पांच प्रतिशत और 95 प्रतिशत कैंसर वातावरण से होते हैं। यदि हम तंबाकू, धुम्रपान, शराब, प्रोसेस फूड सहित अनियंत्रित खानपान और जीवनशैली से दूर रहते हैं, तो हम कैंसर से बच सकते हैं। विदेशों में प्रोसेस्ड फूड अधिक खाया जाता है, इसलिए वहां कैंसर के अधिक मामले आते हैं। भारत में ताजा भोजन की परंपरा बनी हुई है, जो सेहत के लिए अधिक फायदेमंद होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने खानपान में स्थानीय चीजों का उपयोग करना चाहिए। रोज एक फल के साथ कच्ची सब्जी या सलाद आहार में शामिल करना चाहिए। प्रतिदिन 30 मिनट तक योग अभ्यास करना सेहतमंद बने रहने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर के प्रति पुरुषों को भी जागरूक रहना चाहिए। महिलाओं के साथ ही पुरुषों को भी ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है। डॉ. सिरोही को कार्यपालक निदेशक वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्रा ने किया।




# प्रदेश सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं के बिजली के दाम को वापस ले : दीपक बैज

## कांग्रेस 16 अगस्त को प्रदेश भर में करेगी गौ सत्याग्रह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के मौजूदा मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बिजली दरों में बढ़ोतरी, नगरीय निकायों के अध्यक्षों के वित्तीय अधिकारों की वापसी, आवारा पशुओं की समस्या, 14 अगस्त को संविधान यात्रा, और विश्व आदिवासी दिवस पर नवीन आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर जैसे मुद्दों पर चर्चा की। बैज ने बताया कि राज्य की स्टील इकाइयां पिछले एक सप्ताह से बंद हैं, जिससे 2 लाख से अधिक मजदूरों, ट्रांसपोर्टरों, और अन्य लोगों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह उद्योगों और आम आदमी के बिजली दरों को बढ़ाकर राज्य की रीढ़ कहे जाने वाले लोहा उद्योग को बर्बाद कर रही है। बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़, जो देश के प्रमुख ऊर्जा उत्पादक राज्यों में से एक है, वहां के नागरिकों और उद्योगों को महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की बिजली दरें 7.62 रुपये से 8.50 रुपये प्रति यूनिट हैं, जबकि पड़ोसी राज्यों में यह दरें कम हैं। बैज ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नगरीय निकायों के अध्यक्षों से वित्तीय अधिकार वापस लेना अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन में जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय अधिकार दिए थे, लेकिन भाजपा सरकार ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से इन्हें वापस ले लिया है। कांग्रेस इस अधिसूचना को रद्द करने और जनप्रतिनिधियों के वित्तीय अधिकारों को बहाल करने की मांग करती है। बैज ने आवारा पशुओं की समस्या पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से गोधन न्याय योजना बंद कर दी गई है, जिससे प्रदेश में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि अगर 15 अगस्त तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस 16 अगस्त को गौ सत्याग्रह करेगी और आवारा पशुओं को सरकारी कार्यालयों में ले जाकर छोड़ देगी। बैज ने घोषणा की कि आजादी की 77वीं वर्षगांठ के पूर्व 14 अगस्त को कांग्रेस प्रदेश के सभी गांवों और वार्डों में संविधान यात्रा के रूप में प्रभात फेरी का आयोजन करेगी। इस यात्रा में देश के संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा ली जाएगी और महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन का गान होगा। बैज ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और मांग की कि छत्तीसगढ़ का आरक्षण संशोधन विधेयक, जो राजभवन में लंबित है, उस पर हस्ताक्षर किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों का अधिकार अब तक लंबित है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के दिन विधेयक पर हस्ताक्षर करें और आदिवासियों के हक को बहाल करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403